सुप्रभात
रांची, सोमवार
23.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी , संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 338



12 अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की आज बैठक

## न्यूज डायरी

### स्कूल हॉस्टल में नौवीं के छात्र ने लगा ली फांसी

**पश्चिम सिंहभूम।** मनोहरपुर के आरटीसी स्कूल के अनुसूचित जाति छात्रावास में शनिवार रात नौवीं कक्षा का 14 वर्षीय छात्र सौरभ ने खुदकुशी कर ली। आनंदपुर निवासी सौरभ स्कूल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह कमरे में फंदे से लटका मिला। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच पड़ताल कर रही है। परिवार ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

### मानसून में भी नक्सलियों को नहीं लेने देंगे चैन : शाह

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां कहा कि मानसून में भी माओवादियों को चैन नहीं लेने देंगे। बारिश के मौसम में भी एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी रहेगा। किसी भी तरह की ढिलाई नक्सलियों को नहीं देंगे। केंद्र और राज्य सरकार दोनों हर हाल में तय समय सीमा 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद के सफाए को लेकर प्रतिबद्ध है और उसी दिशा में काम कर रही है। उन्होंने माओवादियों से सरेंडर करने की अपील की।

### तालाब में डूबने से दो मौसेरे भाइयों की मौत

**मेदिनीनगर।** जिला में रेड़मा रांची रोड के पास तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। दोनों आपस में मौसेरे भाई हैं। पुलिस ने ग्रामीणों और स्थानीय गोताखोरों की मदद बच्चों के शव को बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। परिजनों के अनुसार बच्चे शनिवार से घर से लापता थे। अपने स्तर से खोजबीन के बाद देर रात पुलिस को जानकारी दी। रविवार को तालाब के पास दोनों के कपड़े मिले।

### मरांडी और रघुवर दास ने की संगठनात्मक चर्चा

**दुमका।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास ने पार्टी संगठन और राज्य की राजनीति से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा किया। विशेष रूप से संताल परगना के उन मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं में रविवार को दुमका परिसदन भवन में रविवार को मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने पार्टी संगठन और राज्य की राजनीति से संबंधित विषयों पर चर्चा की। श्री मरांडी रविवार को सुबह दुमका पहुंचे। श्री दास लिट्टीपाड़ा में आदिवासी संगठन के जन चौपाल में भाग लेने पहुंचे थे।

### राज्यभर में भाजपा का 24 को आक्रोश प्रदर्शन

**रांची।** प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने रविवार को कहा कि प्रदेश के सभी 264 प्रखंडों में भाजपा 24 जून को आक्रोश प्रदर्शन करेगी। श्री साहू ने कहा कि हेमंत सरकार पार्ट-2 की कार्यशैली, नीति और नीयत में कोई परिवर्तन नहीं आया है। यह सरकार खनिज संपदा को लूटने और लुटवाने में लगी है। राज्य के पंचायतों से लेकर सचिवालय तक आकंठ भ्रष्टाचार है।


## नेतन्याहू ने किया स्वागत, यूएनओ ने कहा- वेरी बैड, ईरान के पलटवार में इजरायल के कई शहर तबाह

# ट्रंप ने ईरान का न्यूक्लियर प्लांट बंकर बस्टर से उड़ाया

**सैन्य कार्रवाई**

एजेंसी

**वाशिंगटन, तेहरान, तेलअबीब।** इजरायल और ईरान के बीच जारी सैन्य टकराव में अमेरिका की एंट्री से स्थिति और बिगड़ती दिख रही है। अमेरिकी विमानों ने शनिवार की देर रात ईरान के फोर्दो परमाणु केंद्र पर बेहद घातक और एडवांस्ड बंकर बस्टर से हमला कर परमाणु ठिकानों को तबाह कर दिया। हमले को अमेरिकी बी-2 स्टील्थ बॉम्बर ने इसे अंजाम दिया, जो दुनिया के सबसे सुरक्षित और गहराई में बने फोर्दो न्यूक्लियर फैसिलिटी को भी भेदने में सक्षम है। रविवार सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले के बारे में दुनिया को बताया। उन्होंने धमकी भी दी कि ईरान शांति की राह पर लौटे नहीं तो और घातक हमला होगा। इजरायल ने इरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के ट्रंप के फैसले को सराहा। वहीं संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि बहुत गलत हुआ। वह ईरान में परमाणु केन्द्रों पर अमेरिका के बम हमलों से बेहद चिंतित हैं।



ईरान के फोर्दो परमाणु केंद्र पर अमेरिका द्वारा किया गया हमला, जिसमें तीन परमाणु केंद्र हुए तबाह।

### पलटवार करने पर और बड़े हमले : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का यह हमला भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 4:30 बजे हुआ। ईरान के तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों फोर्दो, नतांज, और इस्फहान को इ-2 स्टील्थ बॉम्बर और जीयूबी-57 यानी बंकर बस्टर बम से बर्बाद कर दिया। यह 30,000 पाउंड वजनी बम ऐसी तबाही मचा सकता है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान को अब शांति स्थापित करनी चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो भविष्य में हमले कहीं अधिक बड़े होंगे। इजराइल ने अमेरिका की खुली सराहना की। खबरों के अनुसार यह अब तक की सबसे गंभीर सैन्य कार्रवाई माना जा रहा है।

### ईरान को परमाणु हथियार देगा रूस

रूस के पूर्व राष्ट्रपति और रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने दावा किया कि कई देश ईरान को अपने परमाणु हथियार देने के लिए तैयार हैं। उधर ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि वह सोमवार को मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मिलेंगे। उन्होंने अमेरिकी हमलों को इंटरनेशनल कानून का घोर उल्लंघन बताया। मेदवेदेव ने कहा कि न्यूक्लियर हथियारों का भविष्य में प्रोडक्शन जारी रहेगा। कई देश ईरान को अपने परमाणु हथियार देने के लिए तैयार है।

### वैश्विक समुदाय की चिंता बढ़ीं

इन हमलों से वैश्विक समुदाय में चिंता बढ़ गयी हैं। संयुक्त राष्ट्र और दुनिया के कई बड़े देशों ने दोनों पक्षों से संयम बरतने और तनाव कम करने की अपील की है। पर तत्काल शांति की कोई उम्मीद नहीं दिखती है।

### संयुक्त राष्ट्र ने की निंदा

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि वह ईरान में परमाणु केन्द्रों पर अमेरिकी हमलों से चिंतित हैं। गुतारेस ने कहा, इस बात का जोखिम है कि यह संघर्ष तेजी से नियंत्रण से बाहर हो सकता है जिसके नागरिकों, क्षेत्र और दुनिया के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

## ईरान का इजरायल पर हमला



ईरान के परमाणु संयंत्रों पर अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने पलटवार करते हुए तेल अवीव और हाइफा जैसे इजरायल के दस ठिकानों को निशाना बनाया। ईरानी हमलों को देखते हुए इजरायली एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इजरायल के एयरस्पेस को पूरी तरह से बंद कर दिया है। अमेरिकी हमले की निंदा करते हुए ईरान ने इसे यूएन चार्टर का उल्लंघन बताया है। विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा, इनके दीर्घकालिक परिणाम होंगे और संयुक्त राष्ट्र के हर सदस्य को इस बेहद खतरनाक, अराजक और आपराधिक व्यवहार से चिंतित होना चाहिए।

## पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति से की बात, तनाव कम करने का किया आग्रह

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से रविवार को टेलीफोन पर बात की और संघर्ष के बढ़ने पर चिंता जताने के साथ ही सभी पक्षों से संवाद एवं कूटनीति से समाधान खोजे जाने पर बल दिया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि उन्होंने ईरान के राष्ट्रपति से तनाव की मौजूदा स्थिति पर बात की और क्षेत्रीय शांति को जल्द से जल्द बहाल करने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने कहा कि हमने तत्काल तनाव कम करने, बातचीत और कूटनीति के लिए अपना आह्वान दोहराया।

ज्ञात हो, अमेरिका ने ईरान की न्यूक्लियर साइट्स पर हमला किया है। अमेरिका का ईरान पर यह हमला भारतीय समय के अनुसार रविवार सुबह 4.30 बजे हुआ। इस हमले के कुछ घंटों बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और इजरायली सेना को अमेरिका के साथ काम करने के लिए धन्यवाद दिया।

## सीसीएल अफसरों के एक ही समूह की संलिप्तता

# झारखंड के कोल प्रोजेक्ट में नौकरी घोटाला, सीआईडी दर्ज करेगी केस

■ फर्जी दस्तावेज, जाली रिपोर्ट और बनावटी हस्ताक्षर से एक गिरोह ने मुआवजा हासिल किया, जिला प्रशासन की प्रारंभिक जांच में भी पुष्टि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में स्थित चतरा की मगध कोल परियोजना और हजारीबाग के केरेडारी स्थित चंद्रगुप्त ओपनकास्ट कोल परियोजना में जमीन अधिग्रहण के बदले नौकरी देने में गड़बड़ी सामने आयी है। सीआईडी ने इस मामले में मिली शिकायतों की प्रारंभिक जांच के बाद डीजीपी को रिपोर्ट सौंपी है। रिपोर्ट में सीसीएल अफसरों के एक ही समूह की संलिप्तता बतायी गयी है। साथ ही राजस्व विभाग के अफसरों और कर्मियों की भूमिका संदिग्ध मिली है। डीजीपी ने रिपोर्ट के आधार पर अब सीआईडी को केस दर्ज करने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार, टंडवा कोल परियोजना के मामले में पहले से टंडवा थाने में दर्ज केस को सीआईडी टेकओवर करेगी, जबकि चंद्रगुप्त ओपनकास्ट कोल परियोजना में गड़बड़ी को लेकर नई प्राथमिकी दर्ज करेगी।

बता दें कि दुर्गा उरांव उर्फ दुर्गा मुंडा नामक व्यक्ति ने गृह सचिव और डीजीपी से इस घोटाले की शिकायत की थी।

### गलत तरीके से मुआवजा राशि की गयी प्राप्त

अब तक की जांच के अनुसार, जमीन अधिग्रहण करने पर विस्थापित ग्रामीणों को सीसीएल की अलग-अलग परियोजनाओं में मुआवजा और नौकरी देने का प्रावधान है, लेकिन जांच में यह बात भी सामने आयी कि फर्जी दस्तावेज, जाली रिपोर्ट और बनावटी हस्ताक्षर के आधार पर एक संगठित गिरोह ने खुद को विस्थापित दिखाकर मुआवजा और नौकरी हासिल कर लिया।

जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के लिखित बयान के आधार पर नामजद प्राथमिकी दर्ज है। चतरा जिला प्रशासन की प्रारंभिक जांच में घोटाले की पुष्टि हुई थी। जांच में पाया गया कि कुछ लोगों ने फर्जी हुकुमनामा, वंशावली, जमाबंदी और लगान रसीद बनाकर न सिर्फ अधिग्रहण क्षेत्र के बाहर के व्यक्तियों को रैयत बनाया, बल्कि सीसीएल में नौकरी भी दिलाई। जिला प्रशासन ने यह भी कहा कि इस फर्जीवाड़े में सीसीएल के कुछ अधिकारी और अंचलकर्मी भी शामिल रहे। इसे लेकर 22 नामजद लोगों पर टंडवा थाने में केस दर्ज कराया गया था।

## घंटे भर की बारिश से सड़क-तालाब हुए बराबर



रांची। राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में रविवार को दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई। लगभग एक घंटे की बारिश से ही रांची की सड़कें जलमग्न हो गयीं। राहगीरों को इससे काफी परेशानी हुई। ऐसे में वे वाहनों से काफी संभलकर चलते दिखे। बारिश से बड़ा तालाब की सड़क मानों तालाब से जा मिली हो। वहीं राजधानी की कई अन्य सड़कों में बारिश का पानी लबालब भर गया। इससे नगर निगम की कार्यशैली उजागर हुई।

## कार्टून कोना




## केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाना चाह रहे हैं कई आइएएस, तीन ने दिया आवेदन

# झारखंड कैडर के आइएएस अधिकारियों को अब रास नहीं आ रहा अपना राज्य

**चिंताजनक**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कैडर के अईएएस अधिकारियों को इन दिनों झारखंड से मोह भंग होता दिख रहा है। झारखंड कैडर के कई आईएएस अधिकारी झारखंड के विकास में योगदान देने की बजाये केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने को बेताब हैं। पहले से ही आईएएस अधिकारियों की कमी से जूझ रहे झारखंड में अभी झारखंड कैडर के 14 अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। इसके बाद अब, तीन और आईएएस अधिकारियों ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने का अवेदन दिया है।

**वर्तमान में 170 अफसर ही कार्यरत :** अब तक तीन अफसरों ने सेंट्रल डेप्यूटेशन पर जाने के लिए आवेदन दिया है। इसमें आर रॉनिटा, आकांक्षा रंजन और मुकेश कुमार शामिल हैं। बताते चलें कि राज्य में आइएएस के 224 पद स्वीकृत हैं। वर्तमान में 170 अफसर ही कार्यरत हैं। इस हिसाब से आइएएस के 54 पद रिक्त हैं।

### केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में हैं 14 अफसर

झारखंड कैडर के 14 अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। इनमें चीफ सेक्रेट्री रैंक के शैलेश कुमार सिंह, निधि खरे और सतेंद्र सिंह हैं। प्रधान सचिव रैंक के सुनील वर्णवाल, राहुल शर्मा, केके सोन, हिमानी पांडेय और अराधना पटनायक, सचिव रैंक के मुत्थु कुमार और हर्ष मंगला, राय महिमापत रे, शांतनु अग्रहरि, भुवनेश प्रताप सिंह और दिव्यांशु झा हैं।

**मिड कॅरियर ट्रेनिंग के लिए रजिस्ट्रेशन :** मिड कॅरियर ट्रेनिंग में संदीप सिंह, रविशंकर शुक्ला, शशिरंजन के अलावा 2017 बैच तक के अधिकारी केंद्र सरकार की अनुमति के बाद ट्रेनिंग पर जाने के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। अब सरकार पर निर्भर करता है कि किस अधिकारी को ट्रेनिंग पर जाने की अनुमति दे सकती है।

### इस साल रिटायर होने वाले आइएएस

| नाम | रिटायरमेंट की तिथि |
|---|---|
| अलका तिवारी | 30 सितंबर 2025 |
| सुमन कैथरिन | 30 जून 2025 |
| नेलशन इयोन बागे | 31 नवंबर 2025 |
| अंजनी कुमार मिश्र | 31 दिसंबर 2025 |
| शेखर जमुआर | 31 दिसंबर 2025 |
| अक्षय कुमार सिंह | 31 अगस्त 2025 |
| शशिभूषण मेहरा | 30 जून 2025 |
| ज्ञानेंद्र कुमार | 31 अगस्त 2025 |
| अजय कुमार सिंह | 31 जुलाई 2025 |
| लालचंद दादेल | 31 अक्टूबर 2025 |
| पवन कुमार | 31 दिसंबर 2025 |
| मनमोहन प्रसाद | 31 जुलाई 2025 |

## सड़क हादसे में शिक्षक और पेशकार सहित तीन की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नामकुम थाना अंतर्गत दुर्गा सोरेन चौक के पास शनिवार की रात भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में रांची सिविल कोर्ट के पेशकार भी शामिल है। नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि एक तेज रफ्तार कार ने एक स्कूटी सवार और एक पैदल चल रहे व्यक्ति को कुचल दिया और फिर खुद भी अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया। इस दुर्घटना में तीनों लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में रांची सिविल कोर्ट के पेशकार प्रवीर हांसदा, विकास केंद्र धनबाद के शिक्षक सोम सिन्हा और कार चालक की मौत हुई। घटना के बारे में पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार कार चालक ने पहले प्रवीर हांसदा जो स्कूटी कर सवार थे, उन्हें धक्का मारा। जिसके बाद पैदल चल रहे शिक्षक सोम सिन्हा को चपेट में लिया और फिर टक्कर और तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर खुद भी हादसे का शिकार हो गया।

# अपने जीते-जी नगड़ी में आदिवासियों की जमीन को लूटने नहीं देंगे : बंधु तिर्की

## रिम्स-2 का विरोध नहीं पर इसके लिये खेतीयोग्य खतियानी जमीन का अधिग्रहण नहीं होने देंगे

### स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने से परहेज नहीं पर आदिवासियों का पलायन और विस्थापन बर्दाश्त नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स-2 निर्माण प्रकरण पर कांग्रेसी नेता आपस में ही भिड़ते नजर आ रहे हैं। नगड़ी मौजा की जमीन को लेकर बंधु तिर्की और डॉ इरफान अंसारी आमने-समाने हैं। दोनों एक दूसरे के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। राज्य के पूर्व मंत्री, झारखड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने रविवार को कहा कि अपने जीते-जी नगड़ी में आदिवासियों की जमीन को लूटने नहीं देंगे। इसके लिये जरूरत पड़ेगी तो एक बार फिर से वैसा उलगुलान होगा, जहां झारखंड के सभी ग्रामीणों का जुटान नगड़ी में ही होगा। उन्होंने प्रेस बयान जारी कर कहा कि नगड़ी मौजा में खेतीयोग्य खतियानी जमीन पर रिम्स-2 के निर्माण का विरोध पूरी तरीके से नगड़ी के रैयतों एवं ग्रामीणों के जीवन-यापन से जुड़ा मामला है। यहां न तो झारखंड में स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने का कोई विरोध कर रहा है और न ही किसी को रिम्स-2 से कोई परहेज है। झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के मामले में स्वास्थ्य मंत्री को यह शुभकामना है कि वे झारखण्ड में रिम्स-टू, थ्री, फोर, फाइव का निर्माण करें और झारखंड की स्वास्थ्य सुविधाओं को विश्व स्तरीय बनायें, लेकिन इसके लिए उस नगड़ी मौजा की खतियानी खेती योग्य जमीन का अधिग्रहण करना उचित नहीं है।

आदिवासी खामोशी से पलायन और विस्थापन का शिकार नहीं होंगे श्री तिर्की ने कहा कि अपनी खेती की जमीन को बचाना नगड़ी के रैयतों एवं ग्रामीणों के लिए एक ज्वलंत मुद्दा है, जिसके लिये सभी को संवेदनशील होना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी विकास योजना या फिर रिम्स-टू जैसी परियोजनाओं के लिये यदि नगड़ी मौजा की खतियानी जमीन ली जायेगी तो कोई यह मानकर न बैठे कि आदिवासी खामोशी से विस्थापन और पलायन का शिकार होते रहेंगे।

विस्थापन और पलायन का दंश भी आदिवासी बहुत झेल चुके हैं और यह अब बर्दाश्त से बाहर की बात है। श्री तिर्की ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री को अपने विभागीय अधिकारियों को यह आदेश देना चाहिये कि वे रांची या झारखंड में किसी अन्य उपयुक्त जमीन का चयन कर वहां रिम्स-टू का निर्माण करें, क्योंकि नगड़ी में यह निर्माण पूरी तरीके से अनुचित और अप्रासंगिक है।

श्री तिर्की ने कहा कि नगड़ी में जिस जमीन पर रिम्स-2 के निर्माण की बात की जा रही है। वह पूरी तरीके से खतियानी जमीन है, न कि सरकारी और तभी तो अधिग्रहण की बात की जा रही है। ऐसी स्थिति में कोई इस बात को झूठा प्रचारित कर भ्रम न फैलाये कि वहां सरकारी जमीन पर ही रिम्स-टू का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ संपूर्ण कांग्रेस पार्टी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ इंडिया गठबंधन की पूरी सरकार भी यह चाहती है कि झारखंड में स्वास्थ्य सुविधायें बढ़े और यहां संतुलित एवं समन्वित विकास हो, लेकिन ऐसा किसानों और आदिवासियों को उनकी जमीन से विस्थापित कर नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि वैसे भी इस मामले में अंतिम फैसला मुख्यमंत्री को ही लेना है और वह जन भावनाओं के अनुकूल कदम उठायेंगे, इसका उन्हें पूरा भरोसा है। श्री तिर्की ने आरोप लगाया कि राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में आदिवासियों को दिग्भ्रमित कर उनकी जमीन से बेदखल किया जाता रहा है।

# असली मुद्दों से भटका रही भाजपा : विनोद पांडेय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने आगामी 24 जून को भाजपा द्वारा घोषित आक्रोश प्रदर्शन को राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए तीखा हमला बोला है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा राज्य की स्थिर सरकार को अस्थिर करने और जनता को भ्रमित करने की नाकाम कोशिश में एक बार भी जुटती दिख रही है। दिशाहीन भाजपा अपनी ताबूत में अंतिम कील ठोकने की दिशा में अग्रसर है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा को जनता ने 2019 में पूरी तरह नकार दिया था। सत्ता से बाहर होते ही भाजपा को राज्य में हर जगह अव्यवस्था नजर आने लगी, जबकि सच्चाई यह है कि हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के हर वर्ग के लिए काम किया है। चाहे वह किसानों की कर्ज माफी हो, स्थानीय युवाओं के लिए नियोजन नीति हो, या महिला सुरक्षा की दिशा में उठाए गए सख्त कदम।

उन्होंने कहा कि भाजपा वही पार्टी है, जिसने अपने शासनकाल में न तो पेसा कानून लागू किया और न ही स्थानीय नीति बनायी। आज जब राज्य सरकार जनसरोकार से जुड़ी योजनाओं को जमीन पर उतार रही है, तब भाजपा सकारात्मक विपक्ष की भूमिका में नजर आने की बजाए दो तिहाही बहुमत से सत्ता में काबिज हुई सरकार पर झूठे आरोप लगाकर न सिर्फ जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है, बल्कि जनादेश का अपमान करने से भी बाज नहीं आ रही। दरअसल सत्ता से बाहर भाजपा के प्रदेश नेताओं को दिल्ली में बैठे अपने आकाओं की ताकत का गुमान है। उसी ताकत का दुरुपयोग पिछली हेमंत सरकार को परेशान करने के लिए किया और अब एक बार फिर से भाजपा अपने पतन के उसी रास्ते पर चलने जा रही है। झामुमो ने भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्रियों और नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि वे अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए प्रदर्शन की राजनीति करने वाले हैं। जहां तक बात भ्रष्टाचार की ही बात है तो भाजपा शासनकाल में नियुक्ति घोटाला, भूमि लूट की घटनाओं को राज्य की जनता भूल नहीं पाई है। और यही कारण है लगातार दो बार भाजपा को सत्ता से बेदखल रखने का जनादेश दिया है झारखंडवासियों ने। भाजपा के नेताओं को पहले अपने गिरेबां में झांककर देखना चाहिए। जनता को अब भाषण नहीं, काम चाहिए और हेमंत सरकार उसी दिशा में लगातार काम कर रही है। भाजपा चाहे जितने प्रदर्शन कर ले, राज्य की जनता अब उनके छलावे में नहीं आने वाली। जनता जानती है कि असली जनसेवा कौन कर रहा है और झूठा हो-हल्ला कौन मचा रहा है।

### भाजपा आधी-अधूरी जानकारी पर आधारित आरोप मढ़ रही

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने पलटवार करते हुए कहा है कि भाजपा राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर आधी-अधूरी जानकारी पर आधारित आरोप मढ़ रही है। यह जनता को भ्रमित करने वाला भाजपा का राजनीतिक स्टंट है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अगर वाकई राज्य की जनता की चिंता है, तो उन्हें जमीनी स्तर पर हो रहे सुधारों को देखना चाहिए, न कि केवल त्रासदी को राजनीतिक हथियार बनाना चाहिये। महासचिव श्री पांडेय ने कहा, सरकार ने बीते वर्षों में स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं। एंबुलेंस सेवाओं के विस्तार और मरम्मत के लिए बजट आवंटित किया जा चुका है और यह प्रक्रिया प्रगति पर है।

# झारखंड में पर्यटन के साथ फिल्म के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं : राज्यपाल

## नेतरहाट के लोअर घाघरी में चल रहे सहिया फिल्म की शूटिंग का किया अवलोकन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को लातेहार जिले के नेतरहाट स्थित लोअर घाघरी क्षेत्र में चल रही हिंदी फीचर फिल्म सहिया की शूटिंग स्थल का अवलोकन किया। फिल्म के सेट पर पहुंचकर राज्यपाल महोदय ने फिल्म निर्माण से जुड़ी पूरी टीम से संवाद किया और उनके प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि यह क्षेत्र प्रकृति की अनुपम देन है, जहां घाटियां, जलप्रपात और हरियाली एक अद्भुत सिनेमाई पृष्ठभूमि प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र न केवल पर्यटन के लिए, बल्कि फिल्म निर्माण के लिए भी अपार संभावनाओं से भरा है। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माण के लिए अधिक से अधिक निमार्ता-निर्देशक झारखंड आयें। बताते चलें कि फिल्म सहिया के निमार्ता संजय शर्मा हैं। फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में लोकप्रिय युवा अभिनेता शांतनु महेश्वरी, वरिष्ठ कलाकार नीरज काबी, रमन गुप्ता और अभिनेत्री रिंकू राजू शामिल हैं। राज्यपाल ने फिल्म की विषयवस्तु, लोकेशन चयन, तकनीकी पक्ष तथा स्थानीय कलाकारों की भागीदारी के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि फिल्म में झारखंड के स्थानीय कलाकारों एवं तकनीशियनों को भी अवसर दिया जा रहा है। यह राज्य की प्रतिभा के लिए एक प्रेरणादायक अवसर है।

राज्यपाल ने फिल्म निर्माण दल का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि झारखंड की प्राकृतिक संपदा, संस्कृति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण फिल्म उद्योग को नई दिशा प्रदान करने में सक्षम है। आशा है कि झारखंड आने वाले वर्षों में एक प्रमुख फिल्म शूटिंग स्थल के रूप में उभरेगा। नेतरहाट पहुंचने पर लातेहार डीसी उत्कर्ष गुप्ता एवं एसपी कुमार गौरव ने स्वागत किया तथा इस क्षेत्र की विशेषताओं से अवगत कराया।

# सिल्ली ईलू बाईपास रेल लाइन का शीघ्र शुरू होगा काम : संजय सेठ

## सफल हुआ रक्षा राज्य मंत्री का एक और प्रयास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि सिल्ली-ईलू बाईपास रेल लाइन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिये रेलवे ने टेंडर भी निकाल दिया है। एक सौ चालीस करोड़ रूपये की यह परियोजना 5.9 किमी लंबे रेल लाइन के निर्माण के लिये निकाली गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक इसका निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना है। इसके निर्माण के साथ ही रांची से टाटा की दूरी कम होगी। मुरी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का दबाव भी कम होगा। वर्तमान समय में सिल्ली से मुरी होते हुये इलू जाने में 50 मिनट का समय लगता है। इससे समय की बचत होगी।

दरअसल, इस रेलवे लाइन के निर्माण को लेकर वर्तमान रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद श्री संजय सेठ ने वर्ष 2022 में रेल मंत्री वैष्णव से मुलाकात की थी। इसकी उपयोगिता पर उनसे चर्चा कर, इसके निर्माण को आवश्यक बताया था। इसके बाद श्री सेठ लगातार इसका फॉलो अप करते रहे। उन्हीं की पहल पर रेलवे ने इस परियोजना को मंजूरी दी है। इस बाबत सुरक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एक बयान में कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली सरकार है। अब इस रेलवे लाइन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया। इस लाइन के निर्माण से रांची और टाटा की दूरी कम होगी। इसके साथ ही अब यहां इंजन बदलने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। यात्रियों का 1 घंटे से भी अधिक का समय बच सकेगा। जन आकांक्षा से जुड़ी इस परियोजना के प्रति संजीदगी के लिये प्रधानमंत्री और रेल मंत्री के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता हूं।

### पेड़ पौधे पर्यावरण को संतुलित बनाते हैं : आशा

**रांची।** रविवार को पंडरा बाजार समिति प्रांगण में झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया। इसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने फलदार बीच लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत किया। आशा लकड़ा ने कहा कि पेड़ पौधा पर्यावरण का संतुलन बनाये रखता है। सभी अपने-अपने जन्मदिन पर शादी की सालगिरह पर एक वृक्ष जरुर लगाये। जनशक्ति मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने बाजार के सभी साथियों से भी आग्रह किया कि सभी कोई अपने अपने घर एवं आसपास में एक पेड़ जरूर लगाये।

## खबर एक नजर में

### रिम्स पार्ट 2 की बात करने वाली हेमंत सरकार एम्बुलेंस देने में असमर्थ : राफिया नाज



**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा है कि झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं जो न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की जर्जर स्थिति को उजागर करती हैं। बल्कि सरकार की प्राथमिकताओं पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती हैं। उन्होंने झारखंड सरकार को कटघरे में खड़ा करते इस पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि रिम्स पार्ट 2 की बात करने वाली सरकार गरीबों एम्बुलेंस देने में असमर्थ है। उन्होंने कहा एक ओर सरकार सभी को स्वास्थ्य का दावा करती है। वहीं, दूसरी ओर जमीनी हालात इतने भयावह हैं कि गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति समय पर अस्पताल तक नहीं पहुंच पा रहा है। यह एक साधारण प्रशासनिक चूक नहीं। बल्कि आम नागरिकों के जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि गोड्डा जिले में एक मासूम बच्ची की मृत्यु की घटना का उल्लेख करते हुये कहा कि यह पूरी मानवता को झकझोर देने वाली त्रासदी है। केवल एंबुलेंस समय पर न पहुंच पाने के कारण एक मासूम की जान चली गई। जबकि परिजनों ने बार.बार सहायता के लिये कॉल किये। इसी तरह की एक और घटना चतरा जिले में घटी। जहां सुकुल भुइयां की मौत भी एंबुलेंस की देरी के कारण हुई। इन घटनाओं ने यह साफ कर दिया है कि झारखंड में एंबुलेंस सेवा लगभग निष्क्रिय हो चुकी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में 32 प्रतिशत सेवा योग्य एंबुलेंसें बंद हालत में हैं। उन्होंने यह सवाल उठाया कि जब जनता के टैक्स से इन सेवाओं को चलाया जा रहा है तो फिर रखरखाव और मरम्मत के लिए धन का प्रबंधन क्यों नहीं हो रहा है। कई गाड़ियों में प्रशिक्षित चालक और सहायक कर्मियों की भारी कमी है। इससे आपातकालीन सेवायें प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने इसे संवेदनशील शासन के खोखले दावे करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक 10,000 जनसंख्या पर कम.से.कम एक एंबुलेंस की उपलब्धता सुनि>ित की जाये। उन्होंने यह भी मांग की कि एंबुलेंस कर्मचारियों को नियमित वेतन भुगतान की व्यवस्था हो और लंबित वेतन तुरंत जारी किया जाये। उन्होंने एक स्वतंत्र निगरानी समिति के गठन की भी आवश्यकता बताईए जो हर माह सेवाओं की समीक्षा कर रिपोर्ट सार्वजनिक करे।

### नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स-2 निर्माण पर कांग्रेस अपनी स्थिति स्पष्ट करे : नायक



**रांची।** बंधु तिर्की और इरफान अंसारी के बयान पर कांग्रेस पार्टी को नगड़ी में रिम्स-2 के लिए कृषि योग्य भूमि के अधिग्रहण पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। ये बातें रविवार को वयान जारी कर आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री एक तरफ दावा करते हैं कि रिम्स-2 हर हाल में बनेगा और यह सरकारी जमीन पर होगा, वहीं दूसरी तरफ पुलिस संरक्षण में नगड़ी की कृषि योग्य भूमि की घेराबंदी शुरू कराते है। नायक ने इसे दोहरा चरित्र और आदिवासी-विरोधी नीति करार देते हुए यह भी कहा कि नगड़ी में आदिवासियों और मूलवासियों की कृषि योग्य भूमि को जबरन अधिग्रहण करने की कोशिश की जा रही है, जो उनकी आजीविका और सांस्कृतिक पहचान के लिए खतरा है।

### सभी 264 प्रखंडों में भाजपा करेगी कल आक्रोश प्रदर्शन : आदित्य साहू

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने कहा है कि 24 जून को सभी प्रखंडों में राज्य सरकार की नाकामी के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, चंपई सोरेन सहित सांसद- विधायक गण अलग-अलग प्रखंडों में प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की ध्वस्त विधि व्यवस्था, आकंठ भ्रष्टाचार, बुनियादी सुविधाओं का अभाव, गरीबों के पेंशन, किसानों के बकाये राशि, रोजगार देने, पेसा कानून लागू कराने, भाषा विवाद को ठीक करने, स्थानीय नीतिएनियोजन नीति जैसे ज्वलंत मुद्दों पर प्रदर्शन किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि राज्य के सभी 264 प्रखंडों में आक्रोश प्रदर्शन कर प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से डीसी के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार पार्ट 2 की कार्यशैली एनीति और नीयत में कोई परिवर्तन नहीं आया है। यह सरकार फिर से राज्य के खजानोंएखनिज संपदा को लूटने लुटवाने में लगी है। राज्य के पंचायतों से लेकर सचिवालय तक आकंठ भ्रष्टाचार है। कोई काम बिना पैसे का चढ़ावा चढ़ाए नहीं हो रहा है। गरीब जनता अपने छोटे छोटे काम केलिए दर दर भटक रही है। दलाल बिचौलिये, सत्ता में हावी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निकाय चुनाव को लगातार लटकाये रखी है। नियोजन नीति और भाषा विवाद में बेरोजगार युवक ठगे जा रहे है। सड़क,बिजली,अस्पताल, दवाई, पढ़ाई सभी व्यवस्था चौपट हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सभी जगह भय व्याप्त है।लूट, हत्या, बलात्कार की घटनायें आम हो चुकी है। किसानों के धान के बकाये का भुगतान राज्य सरकार ने लटकाए रखा है।विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन की राशि महीनों से नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि इन सारे हालातों से जनता में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी गावां प्रखंड में, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय धनवार,जमुआ प्रखंड में, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा खरसावां, रघुवर दास जमशेदपुर, चंपई सोरेन सरायकेला, प्रदेश महामंत्रीआदित्य साहू कांके, डॉ प्रदीप वर्मा नगड़ी, मनोज कुमार सिंह मेदिनीनगर, अमर कुमार बाउरी चंदनक्यारी में आक्रोश प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे।

# आजसू ने संघर्ष किया, झामुमो ने झारखंड आंदोलन की सौदेबाजी की

## आजसू के 39वें स्थापना दिवस समारोह : नये तेवर में दिख रही आजसू, राज्य के नवनिर्माण का लें संकल्प

### हेमंत सरकार से जनता त्रस्त, उखाड़ फेंकने की करें तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने स्थापना दिवस समारोह में कहा है कि झामुमो ने झारखंड आंदोलन की सौदेबाजी की, जबकि आजसू ने संघर्ष किया। आजसू ने 1986 से 2000 तक सांसद-विधायक बनाए बिना संघर्ष किया। सुदेश महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार चोरी और लूट नहीं, जनता के अधिकारों की डकैती में जुटी है। जनता इस सरकार से मात्र छह माह में ही त्रस्त हो चुकी है। आजसू कार्यकर्ता हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने की तैयारी करें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जाति जनगणना की घोषणा का आजसू स्वागत करती है। हमारी मांग है कि जाति के आधार पर आरक्षण दिया जाए। श्री महतो ने कहा कि झारखंड निर्माण में बंगाल और ओडिशा के साथियों की भी भूमिका रही है। राज्य के अंदर चलने वाली सबसे लम्बी लड़ाई है झारखंड आंदोलन। उन्होंने कहा कि आजसू ने झारखंड के लिए संघर्ष किया और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपाई ने अलग राज्य निर्माण किया।



श्री महतो ने कहा कि आज से आजसू एक नए तेवर में दिख रही है। अब राज्य के नवनिर्माण का संकल्प लेकर यहां से हमलोग जाएंगे। राज्य को एक नई सोच के साथ आगे लेकर जाने की आवश्यकता है। वर्तमान हेमंत सरकार झूठ बोलकर और गुमराह कर राजनीति कर रही है। महिलाओं को सत्ता हासिल करने का आधार बनाया गया और अब छह लाख महिलाओं का नाम मइया योजना से काटा जा रहा है। इसका जवाबदेह कौन होगा? उन्होंने कहा कि सारा तंत्र जनता को धमकाने में लगा है। जमीन के नाम पर सारा अपराध हो रहा है। एक जमीन की छह बार रजिस्ट्री हो रही है और सीओ तथा थाना फर्जी करने वालों के पक्ष में वास्तविक मालिक को प्रताड़ित करते हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार में न तो नियोजन नीति बनी, न विस्थापन नीति और न ही स्थानीय नीति। इस सरकार को जनता की कोई चिंता नहीं। इसे उखाड़ फेकने की जरूरत है। श्री महतो ने कहा कि झारखंड निर्माण में बंगाल और ओडिशा के साथियों की भी भूमिका रही है। राज्य के अंदर चलने वाली सबसे लम्बी लड़ाई है झारखंड आंदोलन। उन्होंने कहा कि आजसू ने झारखंड के लिए संघर्ष किया और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपाई ने अलग राज्य निर्माण किया। उन्होंने कहा कि आज से आजसू एक नए तेवर में दिख रही है। अब राज्य के नवनिर्माण का संकल्प लेकर यहां से हमलोग जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य को एक नई सोच के साथ आगे लेकर जाने की आवश्यकता है। वर्तमान हेमंत सरकार झूठ बोलकर और गुमराह कर राजनीति कर रही है। महिलाओं को सत्ता हासिल करने का आधार बनाया गया और अब छह लाख महिलाओं का नाम मइया योजना से काटा जा रहा है। इसका

### कई लोगों ने ली सदस्यता

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से ऋतुराज शाहदेव के नेतृत्व में अमन साहू ,सौरभ यादव, प्रियांशु रंजन श्रीवास्तव,गौरभ सिंह, राज दुबे, शिवम शाहदेव, सोनल झा,अक्षत कुमार ने सुदेश कुमार महतो के समक्ष आजसू की सदस्यता ली। हजारीबाग जिला से मोनू अख्तर, मानवर आलम, नाजर अली, मोहम्मद तौकीर,आशिफ जुनैद और चतरा जिला से श्री शंकर कुमार गुप्ता, पूर्व मुखिया आजसू में शामिल हुए।र्थी परिषद से ऋतुराज शाहदेव के नेतृत्व में अमन साहू ,सौरभ यादव, प्रियांशु रंजन श्रीवास्तव,गौरभ सिंह, राज दुबे , शिवम शाहदेव, सोनल झा,अक्षत कुमार ने सुदेश कुमार महतो के समक्ष आजसू की सदस्यता ली। हजारीबाग जिला से मोनू अख्तर, मानवर आलम, नाजर अली, मोहम्मद तौकीर,आशिफ जुनैद और चतरा जिला से श्री शंकर कुमार गुप्ता, पूर्व मुखिया आजसू में शामिल हुए।

स्पीड न्यूज



## सुरों की शाम : शतरूपा व इंद्राणी बनीं सर्वश्रेष्ठ

**जमशेदपुर।** निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन, जमशेदपुर शाखा की 19वीं वार्षिक संगीत प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार को बिष्टुपुर स्थित मिलानी सभागार में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या झरना कर के स्वागत भाषण से हुई। मंच संचालन शमिता रक्षित और शुक्ला रॉयचौधरी ने किया, जबकि अदिति सेनगुप्ता ने स्वागत गान से माहौल को संगीतमय कर दिया। विशिष्ट अतिथि उद्योगपति व समाजसेवी शेखर दे ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि अपनी मातृभाषा व संस्कृति को सहेजने में इस तरह की प्रतियोगिताओं की अहम भूमिका होती है। मुख्य अतिथि आकाशवाणी जमशेदपुर व चाईबासा प्रभारी उत्पल दत्ता ने प्रतिभागियों को बधाई दी।

## मोहर्रम अखाड़ा लाइसेंसी नहीं निकालेंगे जुलूस



**जमशेदपुर।** इस वर्ष आजादनगर थाना क्षेत्र के सभी मुहर्रम अखाड़ा समितियों ने एक महत्वपूर्ण और समाजिक फैसले के तहत मुहर्रम के दौरान जुलूस न निकालने का संकल्प लिया। अखाड़ा समितियों का कहना है कि जुलूस से होने वाली समाजिक समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इनमें से प्रमुख समस्याएं आपातकालीन सेवाओं में रुकावट और असामाजिक तत्वों की सक्रियता हैं, जो जुलूस में हस्तक्षेप करने का प्रयास करते हैं। अखाड़ा समितियों का मानना है कि इस फैसले से समाज में शांति और सुरक्षा बनी रहेगी और जिला प्रशासन को भी राहत मिलेगी। इस फैसले का सभी समितियों ने स्वागत किया है। मुहर्रम के दौरान अब केवल स्थानीय क्षेत्रों में ही अखाड़ा करतब आयोजित किये जायेंगे, जिससे क्षेत्र में शांति बनी रहे और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रकोष्ठ का जिला स्तरीय गोष्ठी संपन्न



**जमशेदपुर।** रविवार को प्रातः 9:30 बजे गायत्री ज्ञान मंदिर भालूबासा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का जिला स्तरीय कार्यकर्त्ता सम्मलेन शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में संपन्न हुआ। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि इस अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के राष्ट्रीय प्रभारी रामयश तिवारी, मनीष, सुधीर, प्रांतीय समन्वयक ताराचंद अग्रवाल, जिला समन्वयक राजीव रंजन की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकत्ताओं ने भाग लेकर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के आयोजन से संबंधित विषयों को विस्तारपूर्वक जाना। अपने उद्बोधन में रामयश तिवारी जी ने बताया कि आज के नई पीढ़ी को विशेष कर छात्र- छात्राओं की भारतीय संस्कृति से परिचित कराना अति आवश्यक है। भारतीय संस्कृति की गरिमा का बोध प्रत्येक युवा पीढ़ी को होना आवश्यक है। हम किसी विद्यालय में मात्र परीक्षा कराने नहीं जाते हैं, बल्कि एक महामानव को गढ़ने जाते हैं। हमारा प्रयास रहता है की अपनी गौरवशाली परंपरा एवं इतिहास से परिचय कराकर उस अनुरूप इंसान को गढ़ना। युग निर्माण आंदोलन में आज इसकी महती आवश्यकता है। आज के कार्यकर्त्ता सम्मलेन में परीक्षा से सम्बंधित आने वाले कठिनाईओं का समाधान भी केंद्रीय टीम द्वारा किया गया।

# रक्तदान महान कार्य, युवाओं की भागीदारी सराहनीय : अर्जुन मुंडा

- अर्पण परिवार की पहल परोपकार व सेवा की भावना को देती है बढ़ावा : विद्युत वरण महतो
- रक्तदान सामाजिक एकता और परोपकार का प्रतीक : डी. बी. सुंदरा रामम
- रक्तदान शिविर सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरणास्रोत : मंगल कालिंदी
- ऐसे आयोजन सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं : उपेंद्र प्रताप सिंह
- कार्यक्रम की सफलता के लिए नौजवान टीम अर्पण को साधुवाद : अमरप्रीत सिंह काले
- अर्पण परिवार का ऐतिहासिक शिविर 1018 यूनिट रक्त संग्रहित





अर्पण संस्था द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन में शिरकत करते पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अर्पण परिवार द्वारा इस गर्मी में उत्पन्न रक्त की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से आयोजित ऐतिहासिक रक्तदान शिविर में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई। इस शिविर में कुल 1018 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो शहर में रक्त की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान साबित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, रक्तदान एक महान कार्य है, जो सीधे किसी जरूरतमंद के जीवन की रक्षा करता है। इस शिविर में युवाओं की सक्रिय भागीदारी देख कर हर्ष हो रहा है।

अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा, अर्पण परिवार की इस सामाजिक पहल से न केवल रक्त की कमी दूर होगी, बल्कि यह समाज में परोपकार और सेवा की भावना को प्रोत्साहित करेगा।

मौके पर कार्यक्रम में उद्घाटनकर्ता के रूप में उपस्थित टाटा स्टील के डीबी सुंदरा रामम ने कहा कि अर्पण परिवार के इस सामाजिक प्रयास में सहभागिता निभाना गर्व की बात है। रक्तदान से हम न केवल किसी जरूरतमंद को जीवनदान देते हैं बल्कि एक बेहतर समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं।

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त श्री उपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अर्पण परिवार के इस रक्तदान शिविर से सामाजिक एकता, परोपकार और सेवाभावना को बल मिलता है। इस तरह के आयोजन सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रत्येक नागरिक को प्रेरित करते हैं।

विशिष्ट अतिथि विधायकमंगल कालिंदी ने कहा, ऐसे आयोजन हमें आपसी सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। रक्तदाताओं को मेरा साधुवाद।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य संरक्षक श्री अमरप्रीत सिंह काले ने कहा, अर्पण परिवार हमेशा से सामाजिक सेवा के लिए समर्पित रहा है। इस रक्तदान शिविर के माध्यम से हम न केवल जरूरतमंदों के लिए रक्त संग्रह कर रहे हैं बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा वितरण करके एक बेहतर कल के लिए भी प्रयासरत हैं।

मौके पर टाटा स्टील के डी बी सुंदरा रामम, इंटक नेता राकेश्वर पांडे, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त उपेन्द्र प्रताप सिंह, दैनिक भास्कर संपादक भवानंद झा, प्रभात खबर के संपादक संजय मिश्रा, न्यू इस्पात मेल संपादक बृजभूषण सिंह, चमकता आईना अखबार संपादक जयप्रकाश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, चंद्रशेखर मिश्रा, प्रथम जिला अध्यक्ष ब्रह्मदेव शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष नदंजी प्रसाद, जेडीयू नेता आशुतोष राय, सुबोध श्रीवास्तव, रमेश हंसदा, मेहर बाई अस्पताल अमिताभ चटर्जी, कांग्रेस नेता रविंद्र कुमार झा नट्टू, सिंह, टाटा मोटर्स वर्क्स युनीयन के पूर्व अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, महिला आयोग किनपूर्व अध्यक्ष कल्याणी शरण, रूपेश कतरियार, वरिष्ठ पत्रकार अंजनी पांडे, वरिष्ठ पत्रकार संजीव भारद्वाज, वरिष्ठ पत्रकार अंजनी पांडे, कांग्रेस नेता अजय सिंह, भाजपा नेता शैलेंद्र कुमार सिंह, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, आजसू नेता कन्हैया सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, कुसुम पूर्ति, सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव, ब्रजेश सिंह मुन्ना, शंकर रेड्डी, अप्पू तिवारी भी थे।

# शहर में जल जमाव के कारणों और निदान पर कल समीक्षा बैठक करेंगे विधायक सरयू राय

- समीक्षा बैठक के पूर्व पूरे इलाके का सरयू राय करेंगे भ्रमण, पूरी जानकारी लेंगे
- समीक्षा बैठक शाम साढ़े 4 बजे से बिष्टुपुर के मिलानी हॉल में होगी आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने 24 जून को एक समीक्षा बैठक आयोजित की है। यह बैठक बिष्टुपुर के मिलानी हॉल में शाम साढ़े चार बजे से होगी। यह बैठक विगत दिनों हुई बारिश के पानी के कारण हुए नुकसान का जायजा लेने तथा कई आवासीय क्षेत्रों में भीषण जल जमाव के कारणों को दूर करने का उपाय करने के मद्देनजर बुलाई गई है। श्री राय बैठक के पहले उन इलाको का सघन भ्रमण कर जमीनी जानकारी हासिल करेंगे, जहां गत तीन दिनों की भारी बारिश ने तबाही मचायी थी और जिसमें जान–माल का नुकसान हुआ था।

यहां जारी एक बयान में विधायक सरयू राय ने कहा कि सरकारी विभागों और प्रशासन की गलतियाँ जनता के लिए भारी परेशानी और नुकसान का कारण बन रही है। विकास के लिए बनने वाली महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में जमीनी हकीकतों और प्राकृतिक विशेषताओं की अनदेखी करने का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। विकास कार्य आमजन और प्रकृति केन्द्रित नहीं होंगे तो



सरयू राय, विधायक।

ऐसी ही स्थिति उत्पन्न होगी, जैसी विगत दिनों में जमशेदपुर को झेलनी पड़ी है।

बयान में श्री राय ने कहा है कि सरकारी और प्रशासनिक मशीनरी को मानो लकवा मार गया है। योजनाएं बनती हैं, उनका डीपीआर तैयार होता है, परियोजनाएं स्वीकृत होती हैं, क्रियान्वित होती हैं, परंतु आमजन को उसका लाभ कम और नुकसान ज्यादा मिलता है। राज्य सरकार के विभाग उनके सामने प्रस्तुत चुनौतियों का सामना करने में अक्षम साबित हो रहे हैं। विभागों के पास मानव बल की घोर कमी है। संसाधन हैं पर इनका उपयोग जनहित में नहीं हो पा रहा है। समस्याएं जस की तस रह जा रही हैं, समय के साथ घनीभूत होते जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि अब जरूरी यह है कि सरकार शहरी विकास की स्पष्ट नीति बनाए। अन्यथा शहरी इलाकों की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती चली जाएगी। वह लंबे समय से जमशेदपुर में नाला आधारित विकास कार्यक्रम बनाने पर जोर देते आ रहे हैं। सरकार द्वारा जन सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है मगर उनके कारण उत्पन्न समस्याओं के निदान के ठोस उपाय नहीं हो रहे हैं। खासकर जल निकासी और कचरा निष्पादन की ठोस व्यवस्था नहीं होने से शहर और शहरवासियों को घातक परिणाम का सामना करना पड़ रहा है। उपर्युक्त समस्याओं का समाधान के लिए जनचेतना जागृत करना जरूरी है। बैठक में इन विषयों पर विशद मंथन होगा। समस्याओं का अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक निदान पर विमर्श करना ही बैठक का उद्देश्य है।

## एक नजर में

### ट्रेलर से टकराये बाइक सवार आशुतोष की मौत



**गम्हरिया।** बीते शनिवार की देर रात टाटा–कांड्रा मुख्य मार्ग पर गम्हरिया स्थित केडिया पेट्रोल पंप के सामने ब्रेक डाउन होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर से टकरा जाने के कारण बाइक सवार आशुतोष कुमार सिंह (30) नामक युवक की मौत हो गयी। वह गम्हरिया डीवीसी मोड़ स्थित विनायक गार्डन में परिवार के साथ रहता था। उसके पिताजी कैलाश सिंह कोलाबीरा स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड, प्लांट–5 में ठेकेदार है जिसके पूनम इंटरप्राइजेज नामक ठेका कंपनी के काम की देखभाल आशुतोष ही करता था। बीती रात वह रात्रि पाली में आने वाले मजदूरों को कार्य मे लगाकर बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम में अंधेरा होने से सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से पीछे से वह टकरा गया जिससे उसके सर व शरीर के अन्य भागों में गम्भीर चोटें आई। कुछ देर बाद उधर से गुजर रहे आदित्यपुर थाना के गश्ती दल की नजर जब घायल सड़क किनारे पड़े आशुतोष पर पड़ी तो उन्होंने परिजनों को इसकी सूचना देकर उसे इलाज के लिए टीएमएच ले गए। किन्तु, रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई। टीएमएच में चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों द्वारा रात्रि में उसके शव को टीएमएच शीतगृह में रखवा दिया गया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका शव घर लाया गया। तत्पश्चात परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार पार्वती घाट में कर दिया।

### बलिदान दिवस में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रांची पहुंचे आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह



**जमशेदपुर।** आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने अपने सैकड़ों कार्यकर्त्ताओं संग जमशेदपुर से रांची स्थित हरिबंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगाव पहुंचे, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं संग पार्टी सुप्रीमो संग अन्य केंद्रीय पदाधिकारियों से मुलाकात कर पार्टी के प्रति अपनी पूरी निष्ठा व्यक्त करते हुए पार्टी हित मे संघर्ष करने का संकल्प लेकर पार्टी के दिशा निर्देश पर कार्य करने की बात कहते हुए आगे बढ़ने का आश्वासन दिये। उक्त अवसर पर पार्टी सुप्रीमो ने सभी को क्षेत्र के जवलंत विषयों पर मुखरता के साथ प्रखंड स्तर पर या गांव के चौपाल पर पार्टी के विचारों से अवगत कराये, क्योंकि राज्य की जनता की निगाहे आजसू पार्टी पर हैं और सत्ता मे बैठे लोग सियासत के नाम पर लूटने खसोटने में लगे हैं इसलिए राज्य को बचाने और संवारने का संकल्प लेकर जाइये और पुनः इस राज्य के बेहतर भविष्य हेतु बलिदान देने की जरूरत पड़ी तो सबसे पहले आजसू के नौजवान खड़े रहेंगे। सुदेश महतो खड़ा रहेगा, उनके अभिभाषण से कार्यकर्ताओं में जोश आ गया और आजसू पार्टी का उधघोष कर उनके हौसला बढ़ाने का कार्य करना होगा। रांची जाने वालों संजय मलाकार, अप्पू तिवारी संजय सिंह, विमल मौर्या, अजय सिंह बब्बू, संतोष सिंह, चंद्रेश्वर पांडेय, ललित सिंह, मुद्रीका सिंह, मंगल टुडू, दीपक पांडेय, प्रवीण प्रसाद, संगीता कुमारी, मंजू राज, सुधीर सिंह, सोनू सिंह, जितेंद्र यादव,राजेश ओझा समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## मोदी सरकार के 11 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित : डॉ दिनेशानंद गोस्वामी

- बहरागोड़ा प्रखंड के महुलडांगरी एवं बेंदा गांव में आयोजित जन चौपाल में डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को जन- जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने आज बहरागोड़ा प्रखंड के महुलडांगरी एवं बेन्दा गांव में जन चौपाल आयोजित किया। जन चौपाल को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्ष सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के प्रति समर्पित रहा। इन 11 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा चलाये गये विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा उठा है। देश के 81 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन मिल रहा है। पीएम आवास योजना के तहत गरीबों को 4 करोड़ मकान उपलब्ध कराए गए जिनमें झारखंड के 18 लाख 50 हजार गरीबों को इसका लाभ मिला। पीएम किसान सम्मान निधि से 11 करोड़ से अधिक किसानो को सरकार 6 हजार रुपए प्रति वर्ष सहायता राशि प्रदान कर रही है। इन 11 वर्षों में सरकार ने सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को दोगुना कर दिया। खाद्यान्न में देश आत्मनिर्भर बना है। डॉ गोस्वामी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सरकार 55 करोड़ लोगों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज मुहैया करा रही है।

## न्यूक्लियर पावर व ग्रीन एनर्जी के फायदे से कंपनी ग्रामीणों को करेगी जागरूक : मनोरंजन महाली

- न्यूक्लियर के क्षेत्र परमाणु ऊर्जा आयोग के 70 साल पूरा होने यूसिल की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बैलून उड़ाकर उद्घाटन करते यूसिल के उपमहाप्रबंधक मनोरंजन महाली।

**जादूगोड़ा।** भारत सरकार की संस्थान यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड परमाणु ऊर्जा आयोग की 70 साल पूरे होने पर डी ए ई की स्थापना दिवस को लेकर यूसिल काफी उत्साहित है।जिसका उद्घाटन आज रविवार समारोह के मुख्य अतिथि सह यूसिल के उपमहाप्रबंधक मनोरंजन महाली , डॉक्टर पी के अधिकारी, खान प्रबंधक एम के सिंह व ए के श्रीवास्तव ने वैलून उड़ा कर खेलकूद प्रतियोगिता का प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इसके पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका हौसला अफजाई की। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के संयोजक मनोरंजन महाली , सह संयोजक डॉक्टर पी के अधिकारी व एम के सिंह ने कहा कि 30 अगस्त 1954 में परमाणु ऊर्जा आयोग की स्थापना की गई थी, इन 70 सालों में देश में न्यूक्लियर के महत्व, उसकी उपलब्धियां, फायदे व लोगों में यूरेनियम को लेकर फैले भ्रम को दूर किया जायेगा। जिसका समापन 30 अगस्त को होगा।

**कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व कंपनी कर्मी**

जादूगोड़ा : इस कार्यक्रम में संयोजक महाली, डॉक्टर पी के अधिकारी ( सह संयोजक) एम के सिंह, डी एन सिंह, बालकृष्ण मिश्रा, गाजिया हांसदा, नरेंद्र सिन्हा, अजय महतो,ए के श्रीवास्तव, धनंजय सिंह, टी के माझी, हेमलता शिरोडकर, राधा कुमारी, इमरान अहमद, कुलदीप पटेल समेत काफी संख्या अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

### जमशेदपुर 22 जून संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के निमित परसुडीह मंडल का सम्मेलन संपन्न



**जमशेदपुर।** बीजेपी जमशेदपुर महानगर अंतर्गत परसुडीह मंडल में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के संयोजक अवधेश सिंह जी की अध्यक्षता में विजय विश्वकर्मा के आवासीय परिसर में मंडल स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि कार्यक्रम के जिला सह संयोजक सह राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा कार्यसमिति सदस्य रमेश हांसदा, विशिष्ट अतिथि मंडल प्रभारी आलोक बाजपेई, जिप सदस्य कुसुम पूर्ति, सरपंच रुद्र मुंडा, जन प्रतिनिधि गिरजा रंजन, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नीलू मछुआ उपस्थित हुए। संकल्प से सिद्धि सम्मेलन में, अध्यक्षता मंडल कार्यक्रम संयोजक अवधेश सिंह जी कर रहे थे, जबकि संचालन कार्यक्रम सह संयोजक श्री सुमित कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दिन दयाल उपाध्याय जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया, इस अवसर पर रमेश हांसदा जी ने मोदी सरकार के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि अगर भारत में भाजपा जैसे राजनीतिक पार्टी नहीं होती तो भारतीय सभ्यता संस्कृति समाप्त हो जाती, एक बीजेपी के कारण ही अनेकता में एकता को पिरो कर रखते हुए, भारतीय संविधान संस्कृति और सभ्यता बचा हुआ है, बाकी राजनीतिक दल सिर्फ वोट बैंक की राजनीत करते हैं। जिप सदस्य कुसुम पूर्ति, नीलू मछुआ, आलोक बाजपेई ने भी अपने विचारों को साझा किए एवं सभी ने मिल कर कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया गया। मौके पर राम सिंह मुंडा, रामप्रसाद जायसवाल, प्रकाश सांडील, नीलू मछुआ, अवधेश सिंह, सुमित शर्मा, रुद्र मुंडा, दिलीप सिंह, आलोक भास्कर, सुमित शर्मा, विनोद माझी, कन्हैया पांडे, राम मुखी, अंकित सिंह, दुर्गा सेनापति, लूदु मारडी, ईश्वर मुर्मू, अजय सिंह, राम मुखी, विष्णु चक्रवर्ती, सोनू पोद्दार, प्रदीप शर्मा, बिना देवी भी मौजूद रहे।

## संगठन सृजन के तहत दो प्रखंड अध्यक्ष व 8 मंडल अध्यक्ष नियुक्त : आनंद बिहारी दुबे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कदमा में संगठन सृजन अभियान के दौरान उपस्थित लोग।

**कदमा।** संगठन सृजन अभियान के तहत दो प्रखंड कांग्रेस कमेटी एवं 8 मण्डल अध्यक्षों का नियुक्त पत्र जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के द्वारा प्रखण्ड पर्यवेक्षक के उपस्थित में प्रदान किया गया।

नियुक्ति पत्र वितरण में प्रखण्ड अध्यक्ष मानगो ईश्वर कुमार सिंह, कदमा-सोनारी प्रखण्ड अध्यक्ष सुनील कुमार झा ऊर्फ बबुआ झा को नियुक्ति पत्र सौंपा गया, मण्डल अध्यक्ष में आजादनगर मण्डल अध्यक्ष फैयाज आलम अंसारी, मानगो मण्डल अध्यक्ष राकेश दास, उलीडीह मण्डल अध्यक्ष संजय शर्मा, एमजीएम मण्डल अध्यक्ष अखिलेश सिंह सोनारी मण्डल अध्यक्ष दीपक कुमार यादव, कदमा मण्डल अध्यक्ष अभिषेक महंती, बिष्टूपुर मण्डल अध्यक्ष अली रजा खान, साकची पश्चिम मण्डल अध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

संगठन सृजन अभियान के दौरान प्रखंड पर्यवेक्षक मानगो प्रखण्ड ब्रजेंद्र तिवारी थे।

## सत्यानंद योग केंद्र को गुजराती सनातन समाज में साप्ताहिक योग शिविर शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सत्यानंद योग केंद्र के तत्वाधान में रविवार से गुजराती सनातन समाज में साप्ताहिक योग शिविर की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर स्वामी गोरखनाथ एवं रश्मि ठक्कर ने की। शिविर बिहार स्कूल ऑफ योग के वरिष्ठ सन्यासी गोरखनाथ जी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। आज जिसमें मुख्यतः ताड़ासन, त्रियक ताड़ासन, कटी चक्रासन चक्की चलन, नौवका संचालन, शशांक आसन, उष्ट्रासन, मर्जरी आसन, अभ्यास करवाया गया। स्वामी जी ने बताया कि ऊर्जा का संवहन का मुख्य रास्ता रीड की हड्डी से होकर जाता है ऊर्जा जो प्राण के रूप में हमारे शरीर में प्रवाहित होता है, हमें हमेशा रीड की हड्डी को स्वस्थ रखना चाहिए और रीड की हड्डी को स्वस्थ रखने के लिए उपरोक्त सभी आसनों का नियमबद्ध तरीके से, अपने क्षमता, जरूर, बीमारी आदि को ध्यान में रख सही तरीके से अभ्यास करना चाहिए।

### योग दिवस पर आशियाना आदित्य में सकारात्मक ऊर्जा का हुआ संचार



**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आशियाना आदित्य आवासीय परिसर में एक प्रेरणादायक योग शिविर लगाया गया। योग साधना के इस अवसर पर निवासियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया और प्रख्यात योग गुरु अरविंद प्रसाद से योगाभ्यास की बारीकियां सीखीं। शिविर की शुरुआत सूर्य नमस्कार से हुई, जिसके बाद भुजंगासन, मंडूकासन, ताड़ासन, वज्रासन जैसे शारीरिक संतुलन को बढ़ाने वाले आसनों का अभ्यास कराया गया।इसके साथ ही कपालभाति, अनुलोम–विलोम, भस्त्रिका जैसे प्राणायाम से मानसिक शांति एवं आत्मिक जागरूकता पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। श्री अरविंद ने कहा, योग केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि यह हमारे भीतर संतुलन, अनुशासन और आंतरिक शक्ति का स्रोत है।

## श्री रोजगार 3.0 : श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के प्लेसमेंट प्राप्त छात्र हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



प्लेसमेंट प्राप्त विद्यार्थियों के साथ श्रीनाथ विवि के शिक्षक व अन्य।

**जमशेदपुर।** 21 जून 2025 – श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में आज श्री रोजगार 3.0 कार्यक्रम के अंतर्गत कंप्यूटर इंजीनियरिंग, कॉमर्स, मैनेजमेंट तथा अन्य कोर्सेज के प्लेसमेंट प्राप्त छात्रों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुखदेव महतो, कुलपति प्रो (डॉ) एसएन सिंह, एवं प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग के प्रमुख डॉ शुभदीप भद्रा उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम में यह बताया गया कि इस वर्ष बड़ी संख्या में छात्रों को प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट मिला है, जिससे यह वर्ष प्लेसमेंट के लिहाज से एक उत्कृष्ट उपलब्धि लेकर आया है। इस मौके पर छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों व प्लेसमेंट टीम को उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावकों के चेहरों पर भी गर्व और खुशी देखने को मिली। कई अभिभावकों ने मंच से अपने विचार व्यक्त किये और श्रीनाथ यूनिवर्सिटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने हमारे बच्चों के भविष्य को नई दिशा दी है।

कुलपति डॉ एसएन सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास हमेशा से रहा है कि छात्र शिक्षा के साथ-साथ उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप तैयार हों और आज का यह समारोह इस प्रयास की सफलता का प्रमाण है। श्री रोजगार 3.0 जैसे आयोजनों के माध्यम से श्रीनाथ यूनिवर्सिटी अपने छात्रों को बेहतर करियर अवसर देने के लिए सतत कार्य कर रही है, और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। श्रीनाथ विश्वविद्यालय में इस वर्ष अबतक 150 से अधिक छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हो चुका है।

जिसमें एमबीए, बीबीए, बीकॉम और डिप्लोमा इंजीनियरिंग के सभी छात्रों का 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हो चुका है। प्लेसमेंट एंड ट्रेनिंग सेल के डायरेक्टर डॉ शुभदीप भद्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी भी कैंपस प्लेसमेंट के लिए कई सारी कंपनियां पाइपलाइन में है जिससे यह उम्मीद है कि भविष्य और अधिक छात्र प्लेसमेंट प्राप्त करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### मोहम्मदगंज में वाहन चेकिंग जारी



**मोहम्मदगंज पलामू।** स्थानीय पुलिस के नेतृत्व में मोहम्मदगंज जपला मुख्य मार्ग पर इन दिनों सघन चेकिंग अभियान जारी है। विभिन्न वाहन के कागजात, डीएल, हेलमेट और सीटबेल्ट समेत यातायात नियमों के पालन को लेकर चालकों को हिदायत भी दी जा रही है। मोहम्मदगंज थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने बताया कि सड़क दुर्घटना और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाना चेकिंग का मुख्य उद्देश्य है, यह आगे भी जारी रहेगा।

### सर्पदंश पीड़ित इलाजरत युवक की मौत

**सतबरवा पलामू।** बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल कॉलेज के समीप रहने वाले दुलसुलमा गांव निवासी 40 वर्षीय विनोद सिंह नामक युवक की मौत सांप के काटने से शनिवार को देर रात तुंबागड़ा नवजीवन अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। परिजनों ने बताया कि रात्रि में खाट पर सोये अवस्था में करैत सांप ने उसके गाल पर डंस लिया था। बिनोद को कुछ काटने का एहसास होने पर उसने सांप को पकड़ लिया और घटना की जानकारी पिता बृक्ष सिंह तथा पत्नी और बच्चों को दी। परिजन उसे नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा ले गये, जहां पर डॉक्टरों के काफी प्रयास के बाद भी युवक का जान नहीं बचाया जा सका। घटना के बाद परिवार बेहाल है।

### हैदरनगर देवी धाम में हुई महाआरती



**हैदरनगर पलामू।** स्थानीय देवी धाम में महाआरती हुई। मौके पर पुरुष की अपेक्षा अधिक महिलाएं शामिल होकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किये। सुख समृद्धि व शांति की कामना की। हर शुक्रवार को मंदिर को फूल माला से आकर्षक ढंग से सजाया जाता है, जिससे माहौल भक्तिमय था। इस विशेष अवसर पर पोखरा पर के विकास प्रजापति पत्नी यजमान उपस्थित हुए। महाआरती की अगुवाई पंडित सतेन्द्र दुबे ने यजमान को विधि विधान से पूजा करायी। मौके पर मीना देवी, राम प्रवेश मेहता, रिंकू सिंह, डाक्टर सतेन्द्र मेहता, प्रेम कुमार, पंकज कुमार, अंकित अग्रवाल, नंद सोनी भी थे।

### प्रखंड जल स्वच्छता समिति की बैठक



**पंडवा पलामू।** प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख गीता मेहता की अध्यक्षता में प्रखंड जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक हुई। जिसमें गांव स्तर पर माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के तहत भस्मक निर्माण, ठोस कचरा प्रबंधन के तहत नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट, तरल कचरा प्रबंधन के तहत सोख़्ता गड्ढा, गंदला जल प्रबंधन के तहत सेप्टिक टैंक के साथ सोख़्ता गड्ढा निर्माण इत्यादि हेतु सभी मुखिया पंचायत सचिव प्रखंड वाश समन्वयक को निर्देश दिया गया। साथ ही स्वच्छ स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की शुरूआत प्रखंड पड़वा के प्रखंड प्रमुख एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव ने की। बैठक बीपीओ नीति सिन्हा, प्रखंड समन्वयक अमित चौबे, अजय कुमार, प्रीति दुबे, पंचायत सचिव प्रमोद कुमार, कुसुमलता, अमरेश राम, संतु कुमार, प्रखंड कार्यक्रम jslps अंकिता कुमारी, मुखिया सुमित्रा देवी, सुनीता देवी, कमला देवी, सिंधु देवी, शंकर साव, राजीव रंजन कुमार, कनीय अभियंता लव गुप्ता, नीतीश कुमार, अश्विनी सिंह उपस्थित थे।

### सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया योग दिवस



**हैदरनगर पलामू।** प्रखंड के सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में विश्व योग दिवस मनाया गया। प्रखंड परिसर में बीडीओ विश्व प्रताप सिंह ने अपने कर्मियों के साथ योगाभ्यास किया। कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को योग्य के महत्व के बारे में जागरूक करना है। इसके अलावा हैदरनगर पश्चिमी पंचायत परिसर में मुखिया शाहनाज परवीन की अगुवाई में कई लोगों के साथ योगाभ्यास किया। वहीं हैदरनगर उपडाकघर में डाक अभिकर्ता के साथ मिलकर योगाभ्यास किया। संचालन डाकघर अभिकर्ता सुरेंद्र ठाकुर ने किया। मौके पर अभिकर्ता राजेश कुमार, अरुण गुप्ता, भगवान सिंह , रिंकू सिंह, अशोक दुबे ने योगाभ्यास किया।

### तीसरे दिन कोयल के जलस्तर में आयी कमी, 84 हजार क्यूसेक पानी बहाव जारी



**मोहम्मदगंज (अनूप कुमार)।** तीन दिन की लगातार बारिश से कोयल नदी में आया उफान अब कम होने लगा है। 2.10 लाख क्यूसेक पानी बहाव की मात्रा अब 84 हजार पर आ चुका है। विभागीय मानक आंकड़ा के मुताबिक फिलवक्त बराज गेट के ऊपर पानी का संग्रह ज्यादा होने से मुख्य नगर में पानी नहीं छोड़ा गया है, कारण मिट्टी की मात्रा ज्यादा है। दूसरे नहर पक्कीकरण निर्माण कार्य में लगी कंपनी का मशीन और वाहन अभी मुख्य नहर नवीनगर बिहार और झारखंड के कुछ क्षेत्र के किनारे स्थित है। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि निर्माण कार्य में लगी कंपनी को यथाशीघ्र अपनी व्यवस्था को हटाने का पत्र के माध्यम से निर्देश दिया गया है।

### पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कॉग्निटस कोचिंग संस्थान का किया उद्घाटन



**मेदिनीनगर।** शहर के मिशन स्कूल के पास कॉग्निटस इंस्टीट्यूट खुला। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने किया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में सभी बच्चों का शिक्षित होना जरूरी है। शिक्षित व्यक्ति ही सभ्य समाज का निर्माण कर सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही क्षेत्र व समाज में बदलाव आयेगा। उन्होंने कहा कि यह संस्थान अब क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली लेकिन किफायती शिक्षा का मिसाल बनेगा। मेदिनीनगर में शिक्षण संस्थान खुलना शिक्षा के विकास का प्रतीक है।

# मूसलाधार बारिश में पुराना गार्डवाल टूटा कसियाडीह के कई घरों में घुसा पानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**तरहसी पलामू।** तरहसी प्रखंड के ग्राम कसमार कसियाडीह में इस बरसात के दौरान तेज पानी और पुराने गार्डवाल के टूटने से कई घरों में पानी घुस गया, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इसकी जानकारी क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता को मिली। विधायक तत्काल प्रभावित ग्राम कसियाडीह जाकर वर्षा के पानी से हुए क्षति व स्थिति का जायजा लिया।

ग्रामीणों ने विधायक से नाले के चौड़ीकरण और गार्डवाल निर्माण की मांग की। इसपर विधायक ने सभी को आश्वासन दिया कि आपस में एक बैठक करके यदि ग्रामीण एकमत होकर प्रस्ताव देंगे, तो इस कार्य को शीघ्र स्वीकृत कराने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि आपका भरोसा ही मेरी ताकत है। उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी वे कसियाडीह के ग्रामीणों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि हरसंभव सहायता करने को तैयार हैं।

**पांकी विधायक ने लिया प्रभावित गांव का जायजा**



उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र की समस्या का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता है। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, पायनियर पांडे, तरहसी प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया सुजित भुइयां, समाजसेवी कमेश यादव, सुधीर तिवारी, जसवंत सिंह, कार्तिक सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

# पलामू मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर के शिविर में सांसद ने वरिष्ठ नागरिकों का बनवाया आयुष्मान कार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने पलामू मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के परिसर में आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत आयोजित शिविर का उद्घाटन किया। मौके पर 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का ऑन द स्पॉट आयुष्मान कार्ड बनवाकर मौके पर ही उन्हें कार्ड भी दिया। कहा कि मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज 70 साल से अधिक उम्र के वृद्ध जनों का आयुष्मान वय वंदना योजना जिसे आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के नाम से भी जाना जाता है के तहत कैंप लगाकर ऑन द स्पॉट आयुष्मान कार्ड बनवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक अधिकाधिक संख्या में उक्त योजना हेतु अपना पंजीयन करायें।

**आयुष्मान के तहत सूचीबद्ध अस्पताल योजना के लाभ देने में करें आनाकानी तो लाभार्थी निःसंकोच करें संपर्कः सांसद**



उन्होंने कहा कि वैसे लोग जो उक्त योजना का लाभ लेना चाहते हैं वे नजदीकी अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ी और प्रज्ञा केन्द्र में संपर्क कर अपना पंजीयन करा लें। कहा कि पीएम मोदी ने 29 अक्टूबर 2024 को 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विस्तार की घोषणा की। इस विस्तार के तहत, 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड मिल रहा है, जो उन्हें स्वास्थ्य सेवा लाभ प्राप्त करने में मदद करेगा। आयुष्मान वय वंदना कार्ड 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बावजूद 5 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य कवर प्रदान करता है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पहले से ही कवर किये गये परिवारों से संबंधित 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को अपने लिए प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलता है।

## हुसैनाबाद पुलिस को छापेमारी अभियान में मिली सफलता

# किराना दुकान से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद, एक धराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** जिला के एसपी रीष्मा रमेश के निर्देश पर हुसैनाबाद पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ छापेमी अभियान चलाया। पुलिस को छापेमारी अभियान में भारी सफलता मिली है। पुलिस ने एक किराना दुकान से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। इसके अलावे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।

हुसैनाबाद एसडीपीओ मो याकूब ने प्रेस वार्ता में बताया कि 21 जून को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम पोलडीह स्थित एक किराना दुकान में अवैध रूप से देशी एवं विदेशी शराब का भंडारण कर खुलेआम बिक्री की जा रही है। सूचना के आलोक में वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए एक विशेष छापामारी दल गठित किया गया एवं सशस्त्र बल के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गयी। छापामारी के दौरान पुलिस को देखकर कुछ लोग भागने लगे। तत्पश्चात किराना दुकान की तलाशी लेने पर एक कमरे में भारी मात्रा में देशी एवं विदेशी शराब बरामद की गयी।



बरामद शराब और गिरफ्तार आरोपी की जानकारी देती पुलिस।

■ जिसमें 30 पेटी टनाका देशी शराब प्रत्येक पेटी में 24 शीशी, गॉड फादर केन बीयर 04 पेटी प्रत्येक पेटी में 24 पीस, किंगफिशर बीयर (बोतल) 07 (सात) पेटी प्रत्येक पेटी में 12 पीस, (4) आरएस 46 शीशी , आरएस 06 शीशी मात्रा प्रति शीशी 375मीमी, आरएस 03 (तीन) बोतल मात्रा प्रति बोतल 750 मीमी, वलंडर प्राईड 02 (दो) बोतल, वलंडर प्राईड 02 (दो) शीशी मात्रा प्रति शीशी 375 एमएल, वलंडर प्राईड 04 (चार) शीशी मात्रा प्रति शीशी 180 एमएल, सिग्नेचर 01 बोतल मात्रा 750 एमएल, मेकडॉल, इंपोरियम ब्लू कंपनी के भारी मात्रा में शराब शामिल है। एसडीपीओ ने बताया कि कुल 150 लीटर से अधिक शराब को मौके से विधिवत जब्त किया गया।

# वज्रपात से भैंस की मौत पर विधायक ने किसान को उपहार में दिया भैंस

**पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता की अनूठी पहल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** तरहसी प्रखंड के उदयपुरा 2 पंचायत के ग्राम बगला में एक किसान की भैंस वज्रपात से एक सप्ताह पूर्व मर गयी थी जिसकी जानकारी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता को मिली। विधायक ने शनिवार की दोपहर तरहसी के बगला पहुंच किसान को निजी खर्च से भैंस खरीद कर उपहार स्वरूप भैंस भेंट कर अनूठी मिसाल पेश की। विधायक ने स्वयं किसान बंधी भैंस की रस्सी थमाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। मौके पर मौजूद किसान जनेश्वर दुबे ने बताया कि 15 जून को बारिश के साथ हुई वज्रपात से उनकी भैंस मर गयी थी। वे दूध बेचकर ही परिवार का भरण पोषण करते थे। ऐसे में उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था, लेकिन विधायक ने उन्हें उपहार स्वरूप भैंस दिया, जिससे उनका पूरा परिवार बेहद खुश है। उन्होंने पूरे परिवार की ओर से विधायक को धन्यवाद देते हुए आभार जताया है। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, पायनियर पांडे, तरहसी विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया सुजित भुइयां, सुधीर तिवारी, जसवंत कुमार सिंह, कार्तिक सिंह, समाजसेवी कमेश उपस्थित थे।



किसान को उपहारस्वरूप भैंस देते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

# प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य शंभु सिंह गिरफ्तार

■ पुलिस मुठभेड़ में शामिल नक्सली के खिलाफ कई मामले हैं दर्जः एसडीपीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**छतरपुर पलामू।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी दस्ता के सदस्य शंभु सिंह पिता अवध सिंह ग्राम पलवा टोला मोरचवा को छतरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। छतरपुर एसडीपीओ अवध यादव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 24 अक्तूबर 2024 को झारखंड विधानसभा चुनाव के समय पुलिस अपनी दैनिक अभियान में थी। उस समय पुलिस अधीक्षक पलामू को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के जोनल कमांडर शशिकांत गंझू अपने दस्ते के साथ छतरपुर थाना क्षेत्र के तुरीदाग के जंगली पहाड़ी क्षेत्रों में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के इरादे से जमा है। इसी क्रम में टीएसपीसी और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुआ था जिसमें नक्सली पर्चा समेत कई दैनिक सामान पुलिस ने जब्त किया था। गुप्त सूचना मिली कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के दस्ता सदस्य शंभु सिंह ग्राम पलवा टोला मोरचवा छतरपुर के तरफ रंगदारी का पैसा उठाने आया है।



# एंटी रैबीज के 600 व एंटी वेनम के 59 भाइल दवा है उपलब्ध : सिविल सर्जन

■ सिविल सर्जन ने हरिहरगंज सीएचसी का किया निरीक्षण, कहा

■ प्रत्येक टीवी के मरीज को दो बार में दिया जाता है छह हजार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर/ हरिहरगंज।** जिले के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने शनिवार को हरिहरगंज सीएससी का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया कि सीएचसी में कुत्ता काटने की एंटी रेबीज 600 व सांप काटने की एंटी वेनम 59 फाइल दवा उपलब्ध है। कहा कि मानसून ब्रेक हुआ है जिससे मच्छर बढ़ने की संभावना है। इससे मलेरिया चिकनगुनिया व्हाट डेंगू का प्रकोप बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज सीएससी में इसके लिए पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध है। प्रदूषण जल से डायरिया टायफाइड हेपेटाइटिस ए होनेका खतरा रहता है इसके लिए भी मात्रा में दावा है। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद से कहा कि यह बॉर्डर एरिया है। कोरोना को लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि इसकी पूरी तरह तैयारी रखें। कोरोना से सतर्क रहने की आवश्यकता है।



### लापता बच्चे का शव तालाब से बरामद, शोक



**मेदिनीनगर।** रांची रोड दशगात्र मंडप के पास रहने वाले आनंद दुबे का पुत्र अर्पित दुबे और गुरुद्वारा रोड बेलवाटिका निवासी अनुराग तिवारी के पुत्र आरो तिवारी शनिवार शाम से ही लापता था। परिजनों ने सभी जगह दोस्त, परिवार में खोजबीन की फिर भी दोनों बच्चे का कुछ पता नहीं चला। खोजबीन में देर रात दोनों का शव रांची रोड के एक तालाब से बरामद हुआ। जानकारी मिलते ही टीओपी 2 के प्रभारी राकेश कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लिया और पोस्टमास्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।

### अर्चना सोसाईटी ने सरस्वती विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में दिया योग का प्रशिक्षण



**पाटन पलामू।** अर्चना सोसाईटी ने हिसरा बरवाडीह सरस्वती विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में योग का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया। मौके पर सचिव बहादुर मेहता ने बच्चों को योग का महत्व बताया। कहा कि नियमित योग करने से हम स्वस्थ्य रह सकते हैं। योग को दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। मौके पर प्राचार्य अनुज मेहता, शिक्षक ललित प्रसाद सिंह, अमित पासवान, राकेश मेहता, मुकेश मेहता, बादल मेहता, अचल कुमारी, निशु कुमारी, अर्चना, प्रियंका, स्कूल के सभी विद्यार्थी शामिल थे।

### मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के खलीफा बने अमीर



**चैनपुर पलामू।** अंजुमन इस्लामुल मुस्लिमीन कमेटी के नेतृत्व में मोहर्रम इंतजामिया कमेटी चैनपुर के जनरल खलीफा के चुनाव को लेकर शुक्रवार को मदरसा में बैठक की गयी। जिसका सदारत हाजी मोहम्मद फारूक एवं संचालन जमालुद्दीन ने किया। बैठक में जनरल खलीफा के तीन उम्मीदवार आमिर रजा, डब्लू खान तथा जफरोज अंसारी सामने आये। इसके बाद मतदान कराया गया। मतदान में अमीर रजा को 208, डब्लू खान को 54 तथा जफरोज अंसारी को 92 मत मिले। आमिर राजा 208 मत प्राप्त कर मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के जनरल खलीफा बने। बैठक में जनरल खलीफा के सहयोग के लिए सद्दाम हुसैन, अलाउद्दीन, समीर रजा, रफीक खान को खलीफा बनाया गया। अमीर ने कहा कि इस वर्ष मोहर्रम शांति और सौहार्द के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा।

## रेहला पुलिस ने वर्षों से फरार चल रहे दो आरोपियों के घर चिपकाया इश्तेहार

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** जिले के रेहला थाने की पुलिस ने रविवार को लगभग 12 वर्षों से फरार चल रहे दो आरोपियों के घर पर इश्तेहार चिपकाया है। रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि गढवा जिले के डंडा थाने के कोटा गांव निवासी चंदन राम पिता स्व मंगल राम व बाबूलाल राम का बेटा मुन्ना राम के घर पर ढोल बजाकर ग्रामीण व आरोपियों के परिजनों की उपस्थिति में इश्तेहार चिपकाया गया है। थाना प्रभारी श्री बिरूआ ने बताया कि रेहला थाने का कांड संख्या 41/2013 व जीआर 10/ 86 2013 में दोनों आरोपी फरार चल रहे हैं। इश्तेहार चिपकाने गये रेहला थाने के एएसआई कुशेश्वर सिंह ने बताया कि इश्तेहार चिपकाने के बाद आरोपियों के परिजनों को जल्द ही आत्मसमर्पण कराने के लिए कहा गया है। ताकि माननीय न्यायलय से निर्गत आदेशों का अनुपालन कराया जा सके।

### वाहन के धक्के से युवक की मौत

**सतबरवा पलामू।** थाना क्षेत्र के बकोरिया स्थित रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर रविवार को पैदल साइकिल से चल रहे एक युवक को सवारी वाहन अपने चपेट में ले लिया। खून से लथपथ स्थिति में उसे तुंबागड़ा नवजीवन अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मो मुकीम अंसारी ( 35 ) साइकिल लेकर पैदल सड़क किनारे चल रहा था। इसी दौरान सवारी वाहन (जेएच 03 एक्स 7177) मेदिनीनगर से रांची जाने में चपेट में ले लिया।

## जल संकट निदान के लिए जिला में चलेगा पौधरोपण अभियान : मंगल

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भीषण गर्मी और जल संकट को देख नगर निगम के प्रथम उपमहापौर मंगल सिंह ने पौधरोपण एवं जल संचयन हेतु संकल्प अभियान को लेकर प्रेस वार्ता की। श्री सिंह ने कहा- जैसा कि लगातार पिछले 3 वर्षों से हमारी टीम यह अभियान चला रही है। इस चौथे वर्ष भी नगर निगम मेदिनीनगर और पलामू के अन्य ग्रामीण इलाकों में भी यह अभियान व्यापक रूप से चलाया जायेगा। कहा कि गर्मी में इस शहर के लोग जिस तरह पानी का किल्लत झेलते हैं इसका समाधान जरूरी है। पूरे शहर के साथ आसपास गांव में भी जलस्तर काफी निचे चला गया है, जिससे आम जन के साथ-साथ जानवरों को भी पानी पीने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है हलाकि हम अपने स्तर से यथा हर संभव प्रयास कर हमने घर में सप्लाई के पानी को निरंतर रखा।

# पाटन से पदमा तक पथ शिलान्यास के बावजूद संवेदक ने शुरू नहीं किया कार्य

मनीष दुबे

**पाटन पलामू।** पाटन मुख्य पथ से पदमा तक पथ का शिलान्यास कार्य होने के बावजूद संवेदक द्वारा कार्य शुरू नहीं किया गया है जिससे लोगों में संवेदक के विरुद्ध आक्रोश है। मालूम हो कि पाटन से पदमा मुख्य पथ की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गयी है जिसमें लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। इस सड़क का शिलान्यास कार्य किये हुये एक महीने से ज्यादा हो गया है लेकिन अभी तक उस पथ में कार्य शुरू नहीं किया गया है। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पाटन पदमा मुख्य पथ पर बड़े बड़े गढे हो गये हैं। बरसात आ जाने से गढ़े में पानी भर गया है जिससे दो पहिया व चार पहिया वाहन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ इस बरसात के मौसम में रोड पर पानी किचड़ जमा हो जाने से लोगों को चलना मुश्किल हो गया है। इस पथ के शिलान्यास हो जाने से लोगों में हर्ष व्याप्त था। लोग रोड बनने को लेकर आशा भरी निगाहों से देख रहे थे लेकिन मुख्य पथ में कार्य प्रारंभ नहीं होने से लोगों में मायूषी देखी जा रही है। इस पथ से हजारों गाड़ियों का रोज आना जाना होता है। यह पथ पाटन नावा जयपुर मनातु थाना को जोड़ता है। लोगों ने अविलंब मुख्य पथ में कार्य करने की मांग की है।



पहली बारिश के बाद सड़क की स्थिति।

# समता स्कूल समेत सभी संस्थाओं में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

■ लोगों ने योग करें निरोग रहें नारा को किया बुलंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के अमन चैन मोहल्ला एवं नहर मोड स्थित समता स्कूल परिसर में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय के निर्देशक सह प्रधानाचार्य डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान के द्वारा योग दिवस मनाने के साथ-साथ कुछ पौराणिक योग के संबंध में उपस्थित बच्चों को तथा शिक्षक शिक्षाओं को योग शिक्षा प्रदान की गई। विद्यालय के परंपरा ऐसी रही है कि हर शनिवार के दिन साप्ताहिक योग दिवस का कार्यक्रम नियम अनुसार चलाई जाती है। मौसम के प्रतिकूल रहने के बावजूद उपस्थित शिक्षक और शिक्षार्थी सबों ने योग कार्यक्रम का आनंद की अनुभूति प्राप्त की। मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल चौहान, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी, सुभाष कुमार शकुंतला देवी, बबिता देवी, रीना देवी, उम्म जहरा, मुकेश कुमार, चांदनी कुमारी, अंशी कुमारी, संजीत कुमार, नंदू प्रजापति, अनूप पांडे एवं परिचारिका विमला कुंवर एवं सैकड़ों छात्राएं भी मौजूद थे।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करते लोग।

# बरसात में शुरू हुई सड़क निर्माण कार्य ग्रामीणों ने लगाया अनियमितता का आरोप

## जेई ने दी सफाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** बाबुडीह से बुल्का निमार्णाधीन सड़क ग्रामीणों राहगीरों के लिए मुसीबत बन गया है। इस 12 कि मी सड़क का निर्माण कार्य 2023 में शुरू हुआ था और इसे सात मार्च 2025 तक पूरा करना था। योजना शुरू होने के दो वर्ष बीत गये लेकिन कार्य पूर्ण नहीं हो पाया। अषाढ में संवेदक की नींद खुली और कार्य प्रारम्भ किया। सड़क के दोनों तरफ मोरम मिट्टी का भराव करना था लेकिन संवेदक द्वारा दलदली मिट्टी भर दिया गया। इतना ही नहीं गली की सड़क जहां मिली वहां पर भी मिट्टी डाल दिया गया जिससे ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो गया। इस सड़क निर्माण में घोर अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीण सकेंद्र कुमार ने कहा कि उनके दरवाजा के सामने ही मोरम के जगह मिट्टी डाल दिया गया जिससे घर से निकलना मुश्किल हो गया है। हल्की बरसात में कीचड ही कीचड हो जा रहा है।

उपेंद्र कुमार ने कहा कि इससे तो बेहतर खराब सड़क ही था जो कीचड मुक्त तो था। इस बरसात के मौसम में इस सड़क से चलना मुश्किल हो गया है। अभी तो पूरा बरसात बाकी है।

बिमलेश कुमार सिंह ने कहा कि इस सड़क निर्माण में घोर अनियमितता बरती जा रही है। सड़क पर डाला जा रहा जीइसबी में मिट्टी मिलाया जा रहा है जिससे सड़क की गुणवता बेकार हो रहा है। विद्यालय आने जाने में विद्यार्थियों को घोर समस्या हो रही है। इस सम्बन्ध में जेइ संजीत कुमार ने बताया कि डब्लूएमएम कि गुणवता जाँच की गयी है। यह बिलकुल ठीक है। संवेदक को समय पर योजना राशि नहीं मिल पाई। इसीलिए कार्य में विलम्ब हो गया। जिस दिन कार्य प्रारम्भ हुआ उसी दिन वर्षा हो गयी जिससे समस्या बढ़ गई। किनारे मिट्टी डाले जाने के बारे में उन्होंने बताया कि इसके वाद मोरम डाला जायेगा।साथ ही बरसात से ग्रामीणों की जो भी समस्या हो रही है। बरसात रुकने के बाद दूर कर दिया जाएगा।



बरसात में बनाए जा रहे सड़क

# शहीद जवान को गांववालों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**सगमा।** हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र स्थित बड़का गांव कोल साइडिंग में ड्यूटी के दौरान हादसे में शहीद हुए एसआईएसएफ जवान मिथिलेश यादव का पार्थिव शरीर रविवार की सुबह उनके पैतृक गांव सगमा पहुंचा। शव पहुंचते ही पूरे गांव में मातम पसर गया। काफी संख्या में लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए और नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। शनिवार को वॉच टावर से उतरते समय पैर फिसलने के कारण उनकी सर्विस राइफल से गोली चल गई थी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई थी।

हजारीबाग पुलिस प्रशासन ने सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को देर रात परिजनों को सौंपा। अंतिम संस्कार बंबा डैम के किनारे किया गया, जहां उनके इकलौते नन्हे पुत्र ने उन्हें मुखाग्नि दी।

मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष ताहिर अंसारी, जदयू नेता रवि प्रकाश, प्रमुख अजय शाह, उप प्रमुख अर्जुन पासवान, पूर्व उप प्रमुख संजय यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप यादव सहित कई जनप्रतिनिधि, एसआईएसएफ जवान, धुरकी पुलिस व स्थानीय लोग उपस्थित थे।



उपस्थित विधायक

# नगर उंटारी में बनेगा 100 बेड का आधुनिक अस्पताल

## 168 करोड़ की राशि स्वीकृत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** नेपाल हाउस सचिवालय, रांची में झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने नगर उंटारी में 100 बेड के आधुनिक अस्पताल व ट्रॉमा सेंटर निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ अंसारी ने जनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 168 करोड़ रुपये की स्वीकृति की घोषणा की। इस राशि से नगर उंटारी में आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल व ट्रॉमा सेंटर की स्थापना होगी, जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर, उपकरण व आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। विधायक अनंत प्रताप देव ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी नौ प्रखंडों में महिला-पुरुष एमबीबीएस चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति की भी मांग की। इस पर मंत्री ने भरोसा दिलाया कि प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में शीघ्र ही चिकित्सा कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी।



स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपते विधायक

# डीसी ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों व खजूरी डैम का किया निरीक्षण, लोगों को किया सतर्क

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** लगातार हो रही भारी वर्षा से नदियों-नालों के जलस्तर में तेजी से हो रही वृद्धि को देखते हुए डीसी दिनेश कुमार यादव ने प्रखंड क्षेत्र के बाढ़ संभावित क्षेत्रों व खजूरी जलाशय परियोजना डैम का निरीक्षण किया। उन्होंने मोरबे, खरसोता सहित अन्य गांवों में लोगों को तटबंधों और नदियों के किनारे जाने से मना करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

निरीक्षण के दौरान डीसी खरसोता के राधा कृष्ण मंदिर घाट पहुंचे और हाल ही में कोयल नदी में जलस्तर बढ़ने से टापू पर फंसे रमेश यादव से मुलाकात कर उन्हें हिम्मत बंधाया।

साथ ही ग्रामीणों को सतर्क रहने और प्रशासन से समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की। नगर पंचायत कार्यालय व खजूरी डैम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की संभावनाएं भी जताई। बीरबंधा गांव में पिछले वर्ष हुए वोट बहिष्कार के कारणों की भी जानकारी ली। मौके पर एसी राज महेश्वरम, एसडीएम संजय कुमार, बीडीओ श्रीमती कनक, सीओ प्रमोद कुमार, नगर पंचायत सिटी मिशन प्रबंधक राकेश पाठक, जितेश कुमार, निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी सहित अन्य पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।



रमेश यादव से हाल जानते डीसी

## घर के दरवाजे से बाइक चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**मेराल।** थाना क्षेत्र के फ्लाईओवर के नीचे पिलर संख्या 27 के समीप एक घर के दरवाजे से अज्ञात चोरों ने स्प्लेंडर प्लस बाइक चोरी कर ली। पीड़ित सादिक अंसारी ने इस मामले में मेराल थाना में अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। सादिक ने बताया कि प्रतिदिन की तरह शनिवार रात अपनी बाइक (जेएच 14 एफ-2766) को स्टेयरिंग लॉक कर घर के दरवाजे के पास खड़ा किया था।

सुबह उठने पर बाइक गायब मिली। आसपास पूछताछ करने के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेराल बस स्टैंड और सब्जी बाजार क्षेत्र में चोरी की घटनाएं आम हो गई हैं। बाइक की चोरी जैसे मामले और पुलिसिया कार्रवाई के अभाव में चोरों का मनोबल बढ़ता दिख रहा है। घटना से स्थानीय लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## रोहित बने रमना प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि

**रमना।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव ने रोहित वर्मा को रमना प्रखंड के लिए अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस आशय की सूचना उन्होंने गढ़वा उपायुक्त, रमना बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी सहित सभी संबंधित विभागों व संस्थानों को भेज दी है। नियुक्ति के बाद रोहित वर्मा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वे दलगत भेदभाव से ऊपर उठकर प्रखंडवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। विधायक प्रतिनिधि बनने पर रोहित को झामुमो के चित्ररंजन सिंह, नागेंद्र सिंह, सुभान अंसारी, अनुज कुमार चंद्रवंशी, मुन्ना प्रसाद गुप्ता, मुन्ना पासवान, संतोष कुमार यादव, संदीप कुमार, राजीव कुमार सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

# झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने किया चतरा जिला का दौरा

## अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक, लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने चतरा पहुंची। समिति के सभापति रामचंद्र सिंह एवं समिति के सदस्य चंद्रदेव महतो के चतरा परिसदन आगमन पर उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी और पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने पौधा भेंट कर आभार प्रकट करते हुए उनका स्वागत किया। इसके पश्चात चतरा परिसदन में झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति रामचंद्र सिंह ने की। अवसर पर समिति के सदस्य चंद्रदेव महतो उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित लंबित मामलों की स्थिति, पेंशन से संबंधित प्रकरणों का निष्पादन, जनहितकारी योजनाओं की प्रगति और उनके लाभार्थियों तक पहुंच आदि विषयों पर समीक्षा की गयी। सभापति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें तथा सभी विभागों द्वारा अद्यतन प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। बैठक के दौरान जिले में संचालित प्रमुख विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की गई।

जिसमें पुलिस विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, खाद्य आपूर्ति विभाग, भवन निर्माण एवं पथ निर्माण विभाग, खनन, ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण, कल्याण, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, निबंधन विभाग, जिला योजना आदि शामिल रहा। प्रत्येक विभाग द्वारा अपने-अपने योजनाओं की प्रगति, समस्याएँ और समाधानात्मक प्रयासों की जानकारी दी गई। मौके पर सभापति ने कहा कि सदाचार समिति का उद्देश्य जनहित में पारदर्शी, संवेदनशील और समयबद्ध प्रशासनिक कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जन सामान्य की समस्याओं और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता और संवेदनशीलता बरती जाए। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा मन्नू कुमार समेत अन्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



# नवनिर्मित हॉस्पिटल ग्राउंड में पूर्व से लगाए गए पेड़ों की कटाई कर ठिकेदार ने किया उपयोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा /सिमरिया।** सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय के एक मात्र रेफरल हॉस्पिटल में 100 बेड का हॉस्पिटल निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें पूर्व से हॉस्पिटल ग्राउंड में लिपटस का भारी भरकम पेड़ लगे हुए थे। जिसमें निर्माण करने के पूर्व संवेदक द्वारा उक्त पेड़ों की कटाई कर चुपके से उसका पटरा चिरवा कर गुपचुप तरीके से हॉस्पिटल से मिलीभगत कर अपना निजी उपयोग में संवेदक द्वारा लाया गया था। मामले की जानकारी मिलते हीं प्रमुख रोहन साहू ने अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज को जानकारी दिया ।साथ हीं इसकी जांच की गई। जांच के दौरान संवेदक द्वारा उक्त लकड़ी का कीमत मात्र 60 हजार रुपए हॉस्पिटल कोष में जमा करने की बात प्रखण्ड मुख्यालय के मीटिंग में कहा था। किंतु बहुत दिन बीत जाने के बाद भी अब तक महज संवेदक द्वारा 20 हजार रुपए जमा गुपचुप तरीके से हॉस्पिटल प्रभारी डॉक्टर बृजनंदन प्रसाद के पास किया गया।

जबकि डॉक्टर बृजनंदन द्वारा अब तक एसडीओ सन्नी राज ना प्रमुख रोहन साहू और ना बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ना अंचलाधिकारी गौरव कुमार को जानकारी नहीं दी गई । रुपए की खुलासा जब हुई जब प्रमुख रोहन साहू ने नव निर्मित हॉस्पिटल बनाने के पूर्व पुराने बिल्डिंग को धाराशाही करने के पूर्व पूर्व से रखे वेश कीमती सामानों में जेनरेटर, अलमीरा, छोटा जेनरेटर आदि की जांच पड़ताल करने को लेकर रेफरल हॉस्पिटल प्रभारी बृजनंदन प्रसाद से बात किया। इसी दौरान प्रभारी ने बताया कि अब तक महज संवेदक 20 हजार मात्र हॉस्पिटल कोष में जमा किया है।

मामले को सुन प्रमुख आग बबूला होकर प्रभारी को खरीखोटी सुनाया और मामले की लिखित जानकारी उपायुक्त चतरा से देकर कारवाई की बात कही है। जांच के कर्म में पूर्व से रखा पुराने हॉस्पिटल भवन में रखा समान बहुत सा गायब पाया गया है। वहीं बिल्डिंग से निकले वेस्टेज समानों को संवेदक द्वारा सोनपापड़ी खा लिया गया है। जबकि पुराने बिल्डिंग धाराशाही करने का भी स्टीमिट में रुपए शामिल रहता है ।

# विश्व को भारत का अनमोल उपहार है योग :अलखनाथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** आर के पब्लिक स्कूल गढ़वा में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आधारित योगाभ्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन स्कूल प्रांगण में किया गया।स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है जिसने सम्पूर्ण मानवता को स्वस्थ जीवन, शान्त मन और समन्वित समाज की दिशा दी है।आज विश्व जिस योग को अपनाकर आरोग्यता और मानसिक संतुलन प्राप्त कर रहा है, वह केवल व्यायाम मात्र नहीं, बल्कि एक समग्र जीवन-दर्शन है।यह हम सभी भारतवासियों के लिए गर्व की बात है कि योग के मामले में हमारा देश विश्व गुरु है जिसने विश्व स्तर पर योग को पहचान दिलाई।आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोग इसके महत्व को समझते हुए इसे अपना रहे है। उन्होंने कहा कि ह्लस्वस्थ जीवनशैली की दिशा में योग एक सशक्त माध्यम है। इसे अपनाकर हम न केवल अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि मानसिक शांति भी प्राप्त कर सकते हैं।ह्वउन्होंने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं दीं और योग को प्रतिदिन की दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।

योग प्रशिक्षक सत्यनारायण दूबे ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर को रोगों से लड़ने की क्षमता मिलती है और मनोबल भी मजबूत होता है। यह आवश्यक है कि हर नागरिक योग को अपनाए। उन्होंने स्कूल परिवार को योग अभ्यास कराया जिसमें विभिन्न प्रकार के योग प्राणायाम, सूर्य प्रणाम आसन, मयूरासन, भुजंगासन लोम विलोम क्रिया, कपालभाति क्रिया, ब्रज आसन, शीर्षासन, धनुष आसान, पद्मासन आदि का अभ्यास कराया तथा शरीर को निरोगी बनाने के लिए आसनों का महत्व समझाया।

इस अवसर पर योगाभ्यास के साथ-साथ इसके महत्व को समझाने और बच्चों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए पोस्टर ,क्विज, भाषण, निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के प्राचार्य संतोष पाण्डेय,अनुप कुमार पाण्डेय, अनिता सिन्हा,,राज कुमार, नंदलाल गुप्ता, संजय कुमार, श्वेता पाण्डेय, अभिलाषा तिवारी, विकास तिवारी, रंजीत कुमार की भूमिका सराहनीय रही।



योग करते बच्चे एवं शिक्षक

# योग दिवस पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भी बहाया पसीना

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में अद्वैत स्वरूप संन्यास आश्रम मथुरा बाँध के पास योग शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो मुख्यरूप से उपस्थित थे। योग शिक्षक विक्रम विश्वकर्मा, प्रदीप केशरी ने सभी को योग कराया भाजपा अध्यक्ष ठाकुर महतो ने कहा आज के परिवेश में हर व्यक्ति को योग करना चाहिए तभी आप स्वस्थ निरोग रह सकते है ।

भाजपा नेता विनय चौबे ने कहा आज पूरा देश निरोग रहने के लिए योग कर रहा है। प्रतिदिन हर व्यक्ति को योगासन करना चाहिए। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आज विश्व योग दिवस के रूप मनाने के लिये पूरे भारतवासी से आह्वान किया गया है। आज पूरा भारत नहीं पूरा विश्व योग कर रहा है। लोग योगाभ्यास कर लाभ ले रहे है ।कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनय चौबे मुरलीश्याम सोनी ब्रजेश उपाध्याय ,यशवंत मिश्रा कैलाश कश्यप,धनंजय गॉड ,विनय चंद्रवंशी ,प्रवीण जायसवाल अनवर साह प्रवीण जायसवाल ,जयंत पांडे रितेश दुबे,सतेंदर सोनी सुरेश अग्रवाल मुकेश गुप्ता विधायक प्रतिनिधि टिंकू गुप्ता ,अरविंद पटवा संतोष कश्यप विशाल गुप्ता ,आश्रम के संचालक प्रदीप केसरी, रघुनंदन ठाकुर जय प्रकाश केसरी कुंदन पासवान अन्य गुप्ता विजय कमलापुर काशी सोनी भुवनेश्वर सोनी बबलू केशरी आदि सैकड़ो लोगों ने योग किया और आज के दिन यह संकल्प लिया कि स्वस्थ और निरोग रहने के लिए हम सबको योग करना है और अपने क्षेत्र में सभी को जागरुक भी करना है। तब प्रधानमंत्री का यह संकल्प साकार हो सकेगा।



योग करते भांपा नेता

खबर मन्त्र

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

रांची. सोमवार . 23 जून 2025

# पश्चिम एशिया की स्थिति घातक

ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका के कदने से पश्चिम एशिया में तनाव ने अब बेहद खतरनाक मोड़ पहुंच गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की न्यूक्लियर साइट्स को निशाना बनाने के बाद कहा कि अगर ईरान ने शांति का रास्ता नहीं अपनाया तो ऐसे हमले जारी रहेंगे। अमेरिकी एयरफोर्स ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों फोर्दो, नतांज और इस्फहान को बी-2 स्टील्थ बॉम्बर और बंकर बस्टर बम से हमला कर बर्बाद कर दिया। यह 30,000 पाउंड वजनी बम ऐसी तबाही मचा सकता है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। भले ही ईरान का फोर्दो न्यूक्लियर सेंटर अमेरिका ने बारूद से पाट दिया हो, लेकिन वह पीछे हटने के मूड में नहीं है। उसने भी अमेरिका को हमले की सीधी चेतावनी दे दी है। अपने परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के प्रतिशोध में ईरान ने इजरायल पर सीधे सैन्य कार्रवाई करते हुए 40 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें दाग कर उसे भारी क्षति पहुंचायी। अमरिकी हमले की रूस ने भी कड़ी निंदा की है और कहा है कि कई देश ईरान के साथ हैं, और उसे अपना परमाणु हथियार देने के तैयार हैं। चीन ने भी अमिरकी हमले पर कड़ी आपत्ति की और कहा, इससे स्थिति और भी भयावह हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भी गहरी चिंता जयतायी और इसे बहुत ुखद बताया। यूएनओ महासचिव ने कहा, यह संघर्ष नियंत्रण से बाहर जाता दिख रहा है। इसके नागरिकों, क्षेत्र और दुनिया के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने कहा हमें अराजकता से बतचते हुए कूटनीतिक समाधान की ओर बढ़ना चाहिए। इस लड़ाई ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष अनिश्चितता का एक और द्वार खोल दिया है, जिसका असर भारत समेत पूरी दुनिया पर भी पड़ सकता है।

## आज का राशिफल

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सचमुच सिमट रही है दामन की प्रतिष्ठा ?

**समय** के साथ परिधान और समाज की सोच में बदलाव आया है। पहले ₹दामन₹ केवल वस्त्र का टुकड़ा नहीं, बल्कि मयार्दा और संस्कृति का प्रतीक माना जाता था। पारंपरिक वस्त्रों-साड़ी, घाघरा, अनारकली को महिलाओं की गरिमा से जोड़ा जाता था। दामन की प्रतिष्ठा अब भी बनी हुई है, परंतु उसकी परिभाषा बदल चुकी है। परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। क्या छोटे वस्त्र संस्कारों का ह्रास हैं, या फिर मानसिकता का परिष्करण? क्या स्त्री का सम्मान उसके पहनावे से तय होना चाहिए, या फिर उसकी बुद्धिमत्ता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता अधिक महत्वपूर्ण हैं? समय की करवटों ने जब फैशन के रेशों को बुना, तब परिधान भी परिवर्तनों की सीढ़ियाँ चढ़ते चले गए। परंतु क्या इस बदलाव ने ₹दामन की प्रतिष्ठा₹ को भी प्रभावित किया है? क्या आधुनिक वस्त्रों ने पारंपरिक गरिमा को बिसरा दिया, या फिर समाज की दृष्टि अब और व्यापक हो चली है? समय के साथ परिधान और समाज की सोच में बदलाव आया है। पहले ₹दामन₹ केवल वस्त्र का टुकड़ा नहीं, बल्कि मयार्दा और संस्कृति का प्रतीक माना जाता था। क्या हम ये कह सकते है कि जैसे-जैसे दामन छोटा हुआ वैसे-वैसे मयार्दा और संस्कृति भी घटती गई।

### पारंपरिक दामन: गरिमा का प्रतीक

₹दामन₹ केवल वस्त्र का टुकड़ा नहीं, यह मयार्दा का आँचल, संस्कृति की पहचान और शालीनता की परिधि रहा है। भारतीय नारी के परिधान-साड़ी, घाघरा, अनारकली और दुपट्टा न केवल उसके सौंदर्य को सँवारते थे, बल्कि उसकी गरिमा और मयार्दा का भी पर्याय बने। पहले ₹52 गज के दामन₹ का अर्थ भव्यता, शालीनता और गौरव से लिया जाता था। दामन संभालना मात्र वस्त्रों का सहेजना नहीं, बल्कि अपनी प्रतिष्ठा और चारित्रिक दृढ़ता को बचाए रखना भी था। समाज ने मयार्दा को बाह्य आवरण में समेट दिया, जिससे व्यक्तित्व का आकलन केवल परिधानों से होने लगा।

### बदलते परिधान, बदलती परिभाषाएँ

समय अपनी गति से प्रवाहमान रहा और उसके साथ समाज की सोच भी विस्तारित होती चली गई। अब वह समय नहीं, जब गरिमा की परिभाषा केवल कपड़ों की सिलवटों में समेट दी जाती थी। आज



महिलाएं अपने आत्मविश्वास की उड़ान को चुन रही हैं-जींस, टॉप, स्कर्ट, फॉर्मल सूट और इंडो-वेस्टर्न परिधानों के साथ। परिधान



-डॉ उषा किरण

> संस्कृति को आधुनिकता के साथ संतुलित करना आवश्यक है। महिलाओं को अपनी इच्छा से परिधान चुनने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। असली गरिमा पहनावे में नहीं, बल्कि विचारों, कर्मों और आत्म-सम्मान में बसती है। समय की सुइयाँ कभी पीछे नहीं दौड़तीं। परिधान बदल सकते हैं।

अब मात्र देह को ढकने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और विचारों की अभिव्यक्ति का स्वरूप बन गए हैं। परंपरा और आधुनिकता के ताने-बाने से एक नया फ्यूजन जन्म ले चुका है, जो संस्कृति और स्वतंत्रता के बीच संतुलन स्थापित करता है। गरिमा अब वस्त्रों की परिधि में सीमित नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और व्यवहार में प्रतिबिंबित होती है।

### क्या आधुनिकता ने दामन की प्रतिष्ठा को धूमिल किया?

यह एक जटिल प्रश्न है, जिसकी गूँज समय और समाज दोनों में सुनी जा सकती है। क्या वस्त्रों का लघु होना संस्कारों का ह्रास है, या फिर मानसिकता का परिष्करण? क्या किसी स्त्री का सम्मान उसके पहनावे तक सीमित रहना चाहिए? क्या उसकी बुद्धिमत्ता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता उससे अधिक मूल्यवान नहीं? क्या परिधान की लंबाई उसके विचारों की ऊँचाई से अधिक महत्त्व रखती है? कुछ का मत है कि आधुनिकता ने संस्कृति को धूमिल किया, परंतु अन्य इसे आत्म-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में देखते हैं। वास्तविकता यह है कि गरिमा बाह्य आवरण में नहीं, बल्कि आचरण और आत्मसम्मान में होती है।

### समाज का नजरिया और स्त्रियों की स्वतंत्रता

अब भी कई स्थानों पर परिधानों को लेकर परंपरा की बेड़ियाँ जकड़ी हुई हैं। ॡऐसे वस्त्र मत पहनो, लोग क्या कहेंगे?ॡ जैसे शब्द आज भी अनगिनत घरों की दीवारों से टकराते हैं। ₹कपड़ों से संस्कार झलकते हैं!₹ ₹लड़की हो, थोड़ा सभ्य कपड़े पहनो!₹ ₹ऐसे खुले विचार नहीं, यह हमारी संस्कृति नहीं!₹ परंतु क्या परिधान ही संस्कारों की कसौटी है? समाज को इस सोच से आगे बढ़ना होगा कि स्त्रियों की मयार्दा वस्त्रों से नहीं, उनके विचारों से आँकी जानी चाहिए।

समय के प्रवाह में समाज ने अनेक रूप बदले हैं, परंतु स्त्रियों की स्वतंत्रता को लेकर उसकी सोच अब भी दो ध्रुवों में बँटी हुई प्रतीत होती है। एक ओर आधुनिकता की लहर उन्हें आत्मनिर्भर और स्वतंत्र बना रही है, तो दूसरी ओर परंपरा की जड़ें अब भी उनकी उड़ान में अवरोध उत्पन्न करती हैं। सवाल यह उठता है कि क्या स्त्री सचमुच स्वतंत्र हुई है, या यह केवल एक भ्रम है?

### संस्कृति और स्वतंत्रता: संतुलन आवश्यक है

दामन की प्रतिष्ठा₹ अब भी बनी हुई है, बस उसकी परिभाषा ने एक नया रूप धारण कर लिया है। परंपरा हमारी जड़ों से जुड़ी होती है, लेकिन जड़ों को मजबूती देने के लिए शाखाओं का फैलना भी जरूरी है। संस्कृति को आधुनिकता के साथ संतुलित करना आवश्यक है। महिलाओं को अपनी इच्छा से परिधान चुनने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। असली गरिमा पहनावे में नहीं, बल्कि विचारों, कर्मों और आत्म-सम्मान में बसती है। समय की सुइयाँ कभी पीछे नहीं दौड़तीं। परिधान बदल सकते हैं, परंतु सम्मान और गरिमा की वास्तविक पहचान व्यक्ति के आचरण और आत्मसम्मान में होती है। ₹दामन की प्रतिष्ठा₹ आज भी जीवंत है, बस उसका अस्तित्व अब कपड़ों की सिलवटों में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और स्वतंत्रता के विस्तृत आकाश में देखा जाता है।

कई बार जब ₹दामन की प्रतिष्ठा₹ पर चर्चा होती है, तो असल में यह संस्कृति और स्वतंत्रता के बीच संतुलन का मामला होता है। परंपराएँ समाज की जड़ों से जुड़ी होती हैं, लेकिन उनका बदलते समय के साथ ढलना भी जरूरी है।

महिलाओं को यह अधिकार होना चाहिए कि वे जो पहनना चाहें, पहन सकें, बिना किसी सामाजिक दबाव के। गरिमा और मयार्दा पहनावे से ज्यादा व्यक्ति के व्यवहार, सोच और कृत्यों में झलकती है। संस्कृति और आधुनिकता में संतुलन बनाए रखना सबसे अच्छा समाधान है। फैशन और पहनावा बदल सकते हैं, लेकिन सम्मान और गरिमा व्यक्ति की सोच और कर्मों से आती है। दामन की प्रतिष्ठा आज भी बनी हुई है, बस उसकी परिभाषा बदल गई है। यह अब सिर्फ कपड़ों में नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और आत्म-सम्मान में दिखती है।

(लेखिका विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग महिला महाविद्यालय रांची हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### स्वदेशी तकनीक

**भारतीय** स्वदेशी तकनीक की वैश्विक मांग बढ़ रही है। वंदे भारत ट्रेन जैसे उदाहरण ने इसे साबित किया है; इस ट्रेन की मांग कई देशों, जैसे चिली, कनाडा और मलेशिया, में बढ़ी है। इसकी मुख्य वजह भारत में इसका कम मूल्य है—वहीं अन्य देशों में ऐसी ट्रेनें 160 से 180 करोड़ में बिकती हैं, जबकि भारत में ये 120 से 130 करोड़ में उपलब्ध हैं। भारतीय निर्माण की गति भी बेहतर है। यह सब ह्लमेक इन इंडियाह्व के सपने को साकार कर रहा है।

**-अमृतलाल मारू, रांची**

### जंग नहीं समाधान

**इस्राइल** ने गाजा और दक्षिणी लेबनान पर बड़े हवाई हमले किए, जिसमें हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया। जिसने ही चल रहे संघर्ष को जन्म दिया। हिजबुल्लाह ने जवाब में उत्तरी इस्राइल में रॉकेट दागे, जिसमें हाइफा जैसे शहर शामिल थे। वैसे जंग किसी भी समस्या का हल नहीं है।

**- रोहित शाह, हजारीबाग**

## ट्वीट

**उत्तम** चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है, क्योंकि धन संपदा आदि वसुधा के समस्त वैभव नैतिकता, सुसंस्कार एवं अच्छे चरित्र के अभाव में बेकार है।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

आज दुनिया के कई देशों में आर्थिक तंगी के हालात बन चुके हैं, वैश्विक अस्थिरता के कारण विकसित देशों की जीडीपी भी हिचकोले खा रहा है।

वहीं, भारतीय अर्थव्यवस्था सभी चुनौतियों के बाद भी पूरी शक्ति के साथ डटी हुई है। राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक की , मोदी सरकार की दमदार नीतियों और आर्थिक प्रबंधन की तारीफ कर रही हैं।

**- भाजपा दिल्ली ईकाई**

# 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वर्णिम भारत के दिशा-सूत्र' में है 'भविष्य के भारत की सोच '

**लोकेन्द्र सिंह**

समीक्षा

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष की ओर कदम बढ़ा रहा है। ऐसे में संघ को लेकर गहरी रुचि और जिज्ञासा सामान्य लोगों से लेकर बौद्धिक जगत में दिखाई दे रही है। संघ के संबंध में अनेक पुस्तकें उपलब्ध हैं, जिन्हें विद्वानों ने अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखा है। इस श्रृंखला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर की पुस्तक 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वर्णिम भारत के दिशा-सूत्र' ने प्रकाशन जगत और बुद्धिजीवी वर्ग का ध्यान खींचा है। यह पुस्तक अवश्य पढ़ी जानी चाहिए। जब संघ की सृष्टि में रचा-बसा लेखक कुछ लिखता है, तब उसे पढ़कर संघ को ज्यादा बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। यह ऐसी पुस्तक है, जो लेखक की प्रत्यक्ष अनुभूति के साथ विकसित हुई है। संघ की यात्रा और विभिन्न मुद्दों पर संघ का दृष्टिकोण बताते हुए सुनील आंबेकर अपनी संघ यात्रा को भी रेखांकित करते हैं। यह प्रयोग संघ को व्यवहारिक ढंग से समझने में हमारी सहायता करता है। मनोगत में स्वयं लेखक सुनील जी लिखते हैं कि यह पुस्तक उनके लिए है जो व्यवहार रूप में संघ को समझना चाहते हैं, उसके माध्यम से जिसने संघ को जिया है। सुनील आंबेकर का लंबा समय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को गढ़ने में भी बीता है। सुनील जी बाल्यकाल से स्वयंसेवक हैं। संघ के साथ उनके संबंध नैसर्गिक रूप से विकसित हुए हैं। नागपुर में उनका घर संघ मुख्यालय के पड़ोस में ही है। उनके घर का द्वार संघ कार्यालय के प्रांगण में ही खुलता था।

पुस्तक के प्रारंभिक अध्यायों में संघ की स्थापना की पृष्ठभूमि पर चर्चा है। संघ की स्थापना के उद्देश्य, उसकी आवश्यकता और उसकी कार्यप्रणाली को ठीक प्रकार से समझना है, तब हमें संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जीवन चरित्र अवश्य पढ़ना और जानना चाहिए। इस पुस्तक में यह उल्लेख एक से अधिक स्थानों पर आया है। डॉक्टर साहब क्रांतिकारी संगठनों में रहे, कांग्रेस में भी सक्रिय रहे। वे नागपुर में कांग्रेस के प्रमुख नेता थे। डॉक्टर साहब के पास सामाजिक-राजनैतिक क्षेत्र का समृद्ध अनुभव था, उसी में से उनके हृदय में संघ बीज का प्रस्फुटन हुआ। सुनील जी लिखते हैं, "डॉक्टर साहब का मानना था कि भारत की गुलामी का कारण केवल विदेशी ताकतें नहीं हैं, जिन्होंने आक्रमण किए अपितु आंतरिक कलह और मतभेद भी इसके कारण रहे हैं। एक ऐसे स्थान की आवश्यकता थी, जहां सब बड़े-छोटे या अन्य लोग किसी भी प्रकार के भेदभाव को भूलकर संवाद कर सकें। इसी विचार ने आगे चलकर शाखा की संकल्पना को जन्म दिया।" समर्थ गुरु रामदास और छत्रपति शिवाजी महाराज के चरित्र से समाज को संगठित करने का पाठ सीखकर डॉक्टर हेडगेवार ने एक ऐसे संगठन का निर्माण किया, जो व्यक्ति केंद्रित नहीं अपितु तत्व उसके मूल में है।

'संघ की मूल अवधारणाएं' बताते हुए लेखक सुनील जी लिखते हैं, "जिन मूल केंद्रीय अवधारणाओं से संघ के विचार का जन्म हुआ, ये हैं- राष्ट्रीयता, एकात्मता और सामूहिकता।' वे आगे लिखते हैं, "संघ के साथ जितना मेरा अनुभव रहा है, मुझे लगता है कि यह सामंजस्य, विश्वास एवं पारस्परिक आदर का भाव स्थापित करनेवाली और एकत्व स्थापित करनेवाली एक शक्ति है।" पुस्तक में अन्य स्थानों पर भी संघ की मूल अवधारणाओं की व्याख्या की गई है, उन्हें अलग-अलग ढंग से समझाने का प्रयास किया गया है। संघ के बारे में एक बात सबको समझनी चाहिए कि यह कोई जड़ संगठन नहीं है। समाज के साथ बहनेवाला जीवंत संगठन है, जो देश-काल-परिस्थिति के अनुसार समाज हित में अपने दृष्टिकोण को विस्तार देता है। लेकिन संघ की मूल अवधारणाएं स्थायी हैं, उनमें परिवर्तन स्वीकार्य नहीं है। जैसे-राष्ट्रीयता को लेकर संघ का स्पष्ट मत है कि यह देश 'हिन्दूराष्ट्र' है, संघ इसी अवधारणा के साथ जन्मा और उसी को लेकर आजतक चल रहा है। इस संबंध में पूर्व सरसंघचालक बालासाहब देवरस को उल्लेखित करते हुए वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी कहते हैं, "जब हमसे पूछा जाता है कि यह कैसे हुआ, वह कैसे हुआ? हमने पहले वैसा कहा था, अब ऐसा क्यों कह रहे हैं? इस प्रकार के प्रश्नों का उत्तर देते हुए बालासाहब ने कहा था कि देखो भाई, हिन्दुस्थान हिन्दूराष्ट्र है, इस एक बात को छोड़कर बाकी सब बदल सकता है, क्योंकि हिन्दुस्थान हिन्दूराष्ट्र है यह किसी के दिमाग की उपजी हुई बात नहीं है। श्री आंबेकर पुस्तक में एक स्थान पर लिखते हैं कि संघ का विचार स्पष्ट और सरल है बेशक कई विद्वानों ने संघ पर कई गहन एवं जटिल ग्रंथ लिखे हैं किंतु केंद्रीय अथवा मूल विचार एक ही है-अच्छे बनो और उस अच्छाई को दूसरों की भलाई के कार्य करते हुए समाज में प्रकट करो।'

# अपनी भावनाएं व्यक्त करना क्यों जरूरी है?



**फलक फातिमा**

समाज

आज के दौर में हम शारीरिक स्वास्थ्य को तो प्राथमिकता देते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी कर देते हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि हम भावनात्मक तनाव को गंभीरता से क्यों नहीं लेते? जब तक कोई बड़ी समस्या न हो, तब तक हम इसे नजरअंदाज करते रहते हैं। लेकिन मानसिक स्वास्थ्य का ख़्याल रखना उतना ही जरूरी है जितना शारीरिक स्वास्थ्य का। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही अपने जीवन में संतुलन बना सकता है, बेहतर निर्णय ले सकता है और खुशहाल जीवन जी सकता है।

मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रभावी कदम

अपनी भावनाओं को समझें और स्वीकार करें झ हर भावना का एक कारण होता है। अगर आप गुस्सा, दुःख, या चिंता महसूस कर रहे हैं, तो इसे नकारने की बजाय इसे समझने की कोशिश करें।

**दुख का न दबाये:** कई बार हम अपने दुख और तकलीफ को अपने भीतर दबा लेते हैं, जिससे वह अंदर ही अंदर बढ़ता जाता है। किसी भरोसेमंद व्यक्ति से अपनी भावनाएँ साझा करें—चाहे वह परिवार का सदस्य हो, दोस्त हो या मनोवैज्ञानिक। जब हम अपनी भावनाओं को शब्दों में ढालते हैं, तो मन हल्का महसूस करता है और समस्याओं के समाधान की दिशा में बढ़ सकते हैं।

स्वस्थ जीवनशैली अपनाएँ झ शारीरिक गतिविधियाँ, अच्छा खान-पान और पर्याप्त नींद मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। नियमित व्यायाम तनाव को कम करता है और सकारात्मकता को बढ़ाता है।

सकारात्मक सोच विकसित करें झ नकारात्मक विचारों में फँसने की बजाय, हर परिस्थिति में सकारात्मक पहलू खोजने की कोशिश करें। यह बदलाव धीरे-धीरे आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करेगा।

मनोरंजन और आत्म-देखभाल को समय दें झ अपनी पसंद के अनुसार कोई हॉबी अपनाएँ, जैसे कि किताबें पढ़ना, संगीत सुनना, पेंटिंग करना या प्रकृति के साथ समय बिताना। यह मानसिक शांति और संतुलन बनाए रखने में मदद करता है।

**मदद माँगने से न हिचकें:** अगर आपको लगता है कि आपका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है और आप खुद से ठीक महसूस नहीं कर पा रहे हैं, तो मनोवैज्ञानिक या काउंसलर से परामर्श लें।

**अपनी भावनाएँ व्यक्त करना क्यों जरूरी है?:** कई लोग यह मानते हैं कि अपनी भावनाएँ जाहिर करना कमजोरी की निशानी है, जबकि सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है। जब हम अपनी भावनाओं को दबाते हैं, तो वे हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने लगती हैं। लगातार तनाव, चिंता और अवसाद का कारण बन सकती हैं। भावनाएँ व्यक्त करने से मन हल्का होता है, समस्याओं को सुलझाने में मदद मिलती है और हमारे रिश्ते भी मजबूत होते हैं।

निष्कर्ष मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना कोई विलासिता नहीं, बल्कि जीवन की जरूरत है। जब हम अपनी भावनाओं को समझते हैं, व्यक्त करते हैं और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रयास करते हैं, तो न केवल हम बेहतर महसूस करते हैं, बल्कि हमारे आसपास का माहौल भी सकारात्मक बनता है। याद रखें, मानसिक स्वास्थ्य भी स्वास्थ्य है! (यूनिसेफ झारखंड से जुड़ी है और बच्चों के सामाजिक विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर सक्रिय हैं।)

## उटी एक रमणीक पर्यटक स्थल की मशहूर ट्रेन



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### आजसू के स्थापना दिवस शामिल हुए मांडू विस के सैकेड़ों कार्यकर्ता



**कुजू।** हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में आजसू पार्टी का स्थापना दिवस में भाग लेने के लिए मांडू विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों वाहन में कार्यकर्ता रवाना हुए। इस दौरान मांडू विधायक तिवारी महतो के नेतृत्व में कार्यकर्ता नयामोड़ फोरलेन चौराहा में एकत्रित हुए। साथ ही नारेबाजी करते हुए कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रवाना हुए। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि झारखंड के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए पार्टी के स्थापना बलिदान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। साथ ही कहा कि आजसू पार्टी झारखंड के नवनिर्माण के संकल्पों के साथ आगे बढ़ रहा है। रवाना होने वालों में मांडू विधायक तिवारी महतो, नरेश महतो, तेजनाथ महतो तेजू, लालचंद महतो, राम भजन लाल महतो,परमेश्वर महतो, जय किशोर महतो, तपेश्वर महतो, महेश ठाकुर, नितेश गुप्ता, विकास पटेल, मुकेश महतो, राजेन्द्र महतो, अक्षय चौधरी, अनिल बेदिया, सहदेव मांझी, ज्ञानी महतो, पप्पू महतो, कोलेश्वर महतो, रमेश चौधरी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### सर्वोदय निकेतन में मना योग दिवस




कुजू। शिवपुरी कॉलोनी स्थित सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकंडरी विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के बच्चों और शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने कहा कि योग से शरीर को स्वस्थ, मन को शांत और निरोगी काया बनाए रखने में मदद मिलती है। उपस्थित सभी जनों को योग का प्रशिक्षण शिक्षिका रजनी कुमारी और गजाला परवीन ने दिया।

### बिजली की कटौती से लोग परेशान

**रामगढ़।** रामगढ़, हजारीबाग और कोडरमा में डीवीसी के लगातार बिजली की कटौती से लोग परेशान हैं। यह बात रविवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरूण कुमार सिन्हा ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार डीवीसी से बिजली खरीदकर राज्य में सप्लाई करती है। लेकिन डीवीसी द्वारा लगातार विद्युत की कटौती किये जाने से रामगढ़, हजारीबाग और कोडरमा के लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि डीवीसी से जहां पर डायरेक्ट बिजली की सप्लाई होती है वहां बिजली कभी नही कटती लेकिन राज्य सरकार डीवीसी से बिजली खरीदकर झारखंड बिजली बोर्ड के माध्यम से लोगों के बीच जो विद्युत सप्लाई करती है उसमें डीवीसी द्वारा लगातार व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है। श्री सिन्हा ने बताया कि रविवार को सुबह 6:30 से 10:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति रूकी रही। इसके बाद 10:50 से 11:50 और 12:00 बजे से 4:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति में डीवीसी ने कटौती की। अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि पहले विद्युत काटे जाने पर डीवीसी द्वारा कहा जाता था कि राज्य बकाया राशि नही दे रहा। लेकिन अब तो समय पर राज्य सरकार भुगतान कर रही है। इसके बावजूद भी डीवीसी विद्युत कटौती कर राज्य सरकार की छवि को धूमिल कर रहा है।

### श्रम नियोजन मंत्री से मिले संतोष यादव



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव ने रविवार को श्रम नियोजन, प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं उद्योग विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव से रांची आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। संतोष यादव ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की जनसमस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने विस्थापन, बेरोजगारी, आउटसोर्सिंग कंपनियों में मजदूरों के शोषण जैसी ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और इनके समाधान हेतु ठोस पहल की मांग की। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने इन सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द ही सकारात्मक कार्रवाई करने का भरोसा दिया। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनहित के मुद्दों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

### खुली खदान के खिलाफ आंदोलन कल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोलियरी विस्थापित प्रभावित रोड सेल समिति ने 24 जून को बलकुदरा खुली खदान के खिलाफ आंदोलन को लेकर बैठक की। बैठक में बलकुदरा, कुरसे, देवरिया और दुंदुवा के विस्थापितों ने स्थानीय सीसीएल प्रबंधन और बरका-सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक पर आरोप लगाया है कि विस्थापितों के साथ छल और विश्वासघात किया जा रहा है, जिसे अब किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा गया कि पूर्व में सीसीएल प्रबंधन के सुझाव पर सभी प्रभावित गांवों के प्रतिनिधियों ने एक मंच पर आकर लिखित समझौता किया था और यह भरोसा दिया गया था कि यदि भविष्य में और भी विस्थापित या क्षेत्रीय बेरोजगार आगे आते हैं, तो उन्हें भी सेल समिति में जोड़ा जाएगा। लेकिन अब कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सेल को भंग करने और फर्जी विस्थापितों को शामिल करने की कोशिश की जा रही है। समिति ने कहा कि 17 जून को पीओ कार्यालय को 24 जून को अनिश्चितकालीन बंदी की लिखित सूचना दी थी। बैठक में झरी मुंडा, संजय सोरेन, अभिजीत सोरेन, राणा प्रताप सिंह, रामदास बेदिया, राजेन्द्र मुंडा, प्रेम मुंडा, अनिल एक्का, आजाद अंसारी, राजाराम प्रसाद, कैलाश प्रसाद, संजय मिश्रा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# बाड़म बाजार में दिनदहाड़े फायरिंग

## अपराधी उत्तम यादव ने हजारीबाग के कारोबारियों को दी धमकी, मुझसे सेटिंग किए बिना काम मत करो

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** बाड़म बाजार की सड़कों पर दिनदहाड़े गोलियां चलीं तो हजारीबाग थर्रा उठा। एक वीडियो ने पूरे झारखंड की कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती दे दी। हजारीबाग के प्रतिष्ठित श्री ज्वेलर्स के सामने रविवार को बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने पांच राउंड ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी और फरार हो गया। यह वारदात जितनी तेज थी, उससे कहीं ज्यादा खौफनाक था इसका इशारा, एक वायरल इंस्टा वीडियो जिसमें हथियार लहराता बिहार का इनामी अपराधी उत्तम यादव खुद इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि मुझसे मैनेज कर लो, वरना लाशें उठाओगे। इस वीडियो में उत्तम यादव ने हजारीबाग के कारोबारियों को सीधी धमकी दी कि कोयला हो, बालू हो या जमीन का कारोबार, बिना मुझसे सेटिंग किए बिना काम मत करो। नहीं तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो। वीडियो में हथियारों का प्रदर्शन और धमकीभरा लहजा किसी गैंगस्टर फिल्म से कम नहीं था, लेकिन यह हकीकत थी हजारीबाग की, झारखंड की, और कानून को दिया गया खुला चैलेंज। बिहार पुलिस ने इस कुख्यात अपराधी पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। हत्या, लूट, वसूली जैसे संगीन मामलों में लिप्त उत्तम का आतंक चतरा, गया और अब हजारीबाग तक फैल चुका है। हजारीबाग पुलिस ने मामले को रंगदारी और आपराधिक धमकी से जोड़कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, क्या पुलिस इस डिजिटल बदमाश को पकड़ पाएगी या हजारीबाग के लोगो को शांति से जीने देगी।



बिहार के कुख्यात अपराधी उत्तम यादव की सीसीटीवी में कैद हुयी तस्वीर

# विधायक के बावजूद भी मेरे घर में टपकता पानी : जयराम

**हमें भीख नहीं, घर में एक रोजगार चाहिए : विधायक**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** जिस उम्मीद से पूर्वजों ने अपना खून पसीना बहाकर झारखंड अलग किया । उनका सपना आज अधूरा है। हमें भीख नहीं, घर में एक रोजगार चाहिए, 2500 नहीं बल्कि 25000 चाहिए । उक्त बातें जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बैनर बैनर के आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में संबोधन में जेएलकेएम केंद्रीय अध्यक्ष सह विधायक टाइगर जयराम महतो ने कहा। उन्होंने कहा कि बड़कागांव आने वाले दिनों में कल कारखाने का गांव होगा लेकिन दुर्भाग्य है कि यहां आरक्षण नीति लागू नहीं, स्थानीय लोगों के साथ राज्य सरकार बेईमानी कर रही है। हम अपने ही राज्य में अपने अधिकार के लिए, संघर्ष कर रहे हैं, समस्या का समाधान धर्म में नहीं बल्कि कानून में है । मैं दिन-रात अध्ययन के बाद सदन में समस्या को रखने का काम करता हूं जनता के मुद्दों से जुड़कर चलें आगे का रास्ता आसान होगा । क्योंकि बेहतर झारखंड के लिए बेहतर लीडर चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायक होने के बाद भी हमारे घर में आज भी पानी टपकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिथिलेश कुमार व संचालन ईश्वर दयाल महतो ने किया । कार्यक्रम की शुरूआत नए सदस्यों का शपथ ग्रहण करके कराया गया। जयराम बड़कागांव में कई दिनों से चल रहे कटआक डेट को लेकर युवा बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के आंदोलनकारी से भेंट कर उनकी समस्या से अवगत हुए साथ ही साथ बीते दो वर्षों के अधिक से जारी कंपनियों के विरुद्ध गोण्डलपुरा गांव में चल रहे धरना के साथियों से भी भेंट कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष मोहम्मद आजाद हुसैन राकेश कुमार महतो , मिथिलेश कुमार, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सुनीता साहू, जिला उपाध्यक्ष दिलेश्वर महतो, जिला सचिव जानिसार आलम, प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार महतो, उदय मेहता, राजेंद्र बेड़िया, संजय महतो, सबुर महतो, सुरेश कुमार दांगी, आशीष कुमार महतो, प्रमोद प्रधान, गौतम कुमार समेत हजारों लोग मौजूद थे।

### मां विंध्यवासिनी कॉलेज ने नशा के खिलाफ चलाया अभियान



**टाटीझरिया ।** मां विंध्यवासिनी इंटर डिग्री कॉलेज झरपो टटगांव मोड़ से नशामुक्ति जागरूकता अभियान रविवार को निर्देशक सह प्रिंसिपल राज कुमार दास शिक्षक रोहित कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। यशोदा, मधु, संध्या, काजल,नीतु,पूजा,सानिया, रंगीला, रिया, मनीषा ,कारण, रवि,गंगा ने नशामुक्ति जागरूकता अभियान के तहत नशा छोड़ो ,जीवन जोड़ो । ना घृणा ना तिरस्कार ,नशे की लत छोड़ने के लिए चाहिए । सही देख भाल और प्यार नारे लगाते हुए नाटक चौराहे पर किया। नाटक में छात्रों ने महाविद्यालय परिसर मां विंध्यवासिनी इंटर डिग्री कॉलेज झरपो टटगांव मोड़ से लेकर झरपो पंचायत भवन तक चलाया ओर लोगों से नशा नहीं करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मुखिया शिबू प्रसाद सोनी, उप प्रमुख रवि वर्णवाल,उपमुखिया राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजा,ऋषिकांत कुमार,बद्री भुईंया,संदीप पांडेय समेत कई कई लोग मौजूद थे।

# सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को भोजन कराया। अध्यक्ष डब्लू सिंह ने गरीब महिला-पुरुष व बच्चों के बीच भोजन का वितरण करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच उद्देश्य है। सबों के सहयोग से उक्त कार्यक्रम निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, उदयभान दुबे, रिंकु वर्णवाल, कारू यादव, शिवकुमार यादव, रंजीत यादव, लालू उरांव, लखन राम, शुक्ला करमाली, मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

### अंबा प्रसाद ने स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। पूर्व विधायक ने स्वस्थ जीवन, श्रेष्ठ जीवन का संदेश दिया। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने योग दिवस के अवसर पर अपने साथी रेणुका सिंह के साथ नियमित योग अभ्यास के पल साझा करते हुए समस्त देशवासियों को अपने दिन की शुरूआत योग से करने के लिए प्रेरित की है। अंबा प्रसाद ने कहा कि योग हमें अनुशासन, संतुलन और एकाग्रता से सिखाता है जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी है। योग हमें न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनाता है बल्कि मानसिक शांति और असीम सकारात्मक ऊर्जा में प्रदान करता है।



### ए ला एंगलाइज विद्यालय में योग दिवस पर कई प्रतियोगिता



**भुरकुंडा।** ए ला एंगलाइज विद्यालय भुरकुंडा में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विद्यालय परिसर में शनिवार को कई प्रतियोगिता और योग का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों एवं सूर्या फाउंडेशन के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने योग को न केवल व्यायाम, बल्कि जीवन जीने की कला बताते हुए इसके मानसिक एवं शारीरिक लाभों पर प्रकाश डाला। इसके बाद प्रशिक्षित योग गुरुओं के निर्देशन में विद्यार्थियों ने ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, अनुलोम- विलोम और कपालभाति जैसे योगासनों का अभ्यास किया। योग के बाद आयोजित क्विज प्रतियोगिता का विषय योग का इतिहास और महत्व था, जिसमें छात्रों ने शानदार ज्ञान का प्रदर्शन किया। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने योग, स्वास्थ्य और प्रकृति विषयों पर सुंदर चित्र बनाकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में योग एक प्राचीन भारतीय धरोहर जैसे विषयों पर छात्रों ने गहन विचार प्रस्तुत किए।

# टाटा में चित्रांश समाज की बैठक 29 जून को

**जिला अध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा से मिले अभाकाम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीबी सहाय, संगठन को मजबूत बनाने पर की चर्चा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीबी सहाय रविवार को महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा के गोला रोड सिन्हा मार्केट स्थित आवासीय कार्यालय पहुंचे। उनके साथ महामंत्री सुशील कुमार लाल, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा और सचिव विनय सिन्हा शामिल थे। प्रदेश अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष के आवासीय कार्यालय में उनके साथ बैठक कर संगठन को मजबूत बनाने के संबंध में चर्चा किया। बैठक में जिलाध्यक्ष अरूण सिन्हा ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी बी सहाय से कहा कि वर्तमान समय में चित्रांश समाज के लोगों द्वारा अलग अलग संगठन बनाकर कार्य किया जा रहा है। कहा कि समाज के लोगों द्वारा अलग अलग संगठन बनाकर कार्य करने से संगठन और समाज दोनो को इसका नुकसान हो रहा है। इसलिए सभी चित्रांशों को एकजुट कर एक संगठन के साथ उन्हें जोड़ने की जरूरत है। कहा कि यदि समाज एकजुट होगा तो समाज की मांगों को कोई भी नजरअंदाज नहीं कर सकेगा। इसलिए जिलाध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष से राज्य के सभी चित्रांशों को एकजुट करने की मांग की। साथ ही जिलाध्यक्ष ने कहा कि कभी भारत की राजनीति में चित्रांश समाज की तूती बोलती थी लेकिन वर्तमान में अलग अलग संगठनों में बंटे होने के कारण हमारे समाज का राजनीति में वह प्रभाव नही रहा जो पूर्व में हुआ करता था। कहा कि एक समय डॉ राजेंद्र प्रसाद, के बी सहाय, लाल बहादुर शास्त्री जैसे कद्दावर नेता हमारे समाज से हुआ करते थे जिन्होंने देश और समाज को नई दिशा दी थी। लेकिन राजनीति में पहले वाला वह रूतबा अब हमारे समाज का नही दिखता। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 29 जून को चित्रांश समाज की बैठक टाटा में आयोजित हो रही है। उस बैठक में मेरा प्रयास होगा कि सभी चित्रांश समाज एकजुट हों। ताकि हमारी मांग मजबूती के साथ रखी जा सके। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष के साथ बैठक में संगठन को जिला में मजबूत बनाने एवं संगठन से युवाओं को जोड़ने की बात कही। जिसपर जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम जिले में संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। साथ ही संगठन से युवाओं को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर राष्ट्रीय सचिव अमित कुमार सिन्हा, रामगढ़ मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार सिन्हा, महामंत्री डॉ रोहित कुमार वर्मा आदि

## एक नजर में

### डीसी ने खाद्य निगम के गोदाम का किया निरीक्षण



कटकमसांडी। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने रविवार को कटकमसांडी प्रखंड स्थित राज्य खाद्य निगम के गोदाम का किया निरीक्षण। उन्होंने खाद्यान्न के भंडारण, वितरण, रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था की निरीक्षण किया। खाद्यान्न के सुरक्षित रख रखाव के प्रयोग में लाए जाने वाले रसायन एवं खाद्यान्न के स्टॉक के लिए संधारित किए जाने वाले रजिस्टर के अद्यतन न होने पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इस लापरवाही पर उपस्थित एमओ और एजीएम को शोकॉज करते हुए अगले 24 घंटे के अंदर खाद्यान्न के रखरखाव,रसायन (कीट नाशक) की उपलब्धता, पंजी का संधारण,गोदाम में स्टॉक रजिस्टर, इनवेंट्री विवरण, गुणवत्ता मानकों, फायर फाइटिंग सिस्टम (आग बुझाने का यंत्र) तथा स्वच्छता व्यवस्था में सुधार लाने की सख्त चेतावनी दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोदाम में खाद्यान्न की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए एवं वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बरती जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि सभी प्रक्रियाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए, ताकि अंत्योदय और प्राथमिकता श्रेणी के लाभुकों तक समय पर उचित मात्रा में खाद्यान्न पहुंच सके। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि कहीं भी अनियमितता पाई जाती है, तो उस पर त्वरित विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार मौजूद थे।

### झरपो में चला नशा मुक्ति जागरूकता अभियान



**टाटीझरिया ।** झरपो पंचायत भवन परिसर में रविवार को नशा मुक्ति जागरूकता अभियान सम्राट संस्था द्वारा नुक्कड़ नाटक टीम के सदस्यों में कलाकार अमिताभ श्री वास्तव,मनोज कुमार, सनाया, अगस्त्या,हेमंत कुमार बादल कुमार के माध्यम से चलाया गया उन्होंने स्वास्थ्य में नुकसान के बारे में भी बताया। मुखिया सह 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी ने क्षेत्र के संपूर्ण वासियों से आग्रह किया कि गुटखा सिगरेट तंबाकू अंग्रेजी शराब देशी शराब,गांजा , भांग जैसे अन्य नशीले पदार्थों का सेवन से परहेज करें। कार्यक्रम में बद्री भुइंया, महेश अग्रवाल,ऋषिकांत कुमार,संदीप पांडेय,राजेश,मनोज,किशोर, दीपक समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### बरही नगर भवन में आम उत्सव व बागवानी मेला



बरही। नगर भवन में शनिवार को आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। आम फल की विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों व लाभुकों को आम बागवानी योजना की जानकारी दी गयी। साथ ही योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने कार्यक्रम का सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आम बागवानी को बढ़ावा देने, किसानों को सम्मानित करने व स्थानीय किसानों को सीधे जोड़ने के उद्देश्य से किया गया। इससे किसानों को आर्थिक अवसर और योजना का प्रचार दोनों लाभ हुए। कार्यक्रम में बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप सदस्य प्रीति कुमारी, मुखिया नारायण यादव, मुखिया मोतीलाल चौधरी, सकलदेव यादव, राजन ओम, हरेंद्र गोप, खिरोधर यादव जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता आदि शामिल हुए।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में लगा पंजीकरण शिविर

**बरही।** प्रखंड परिसर में शनिवार को आंगनबाड़ी केंद्रों को एक दिवसीय जागरूकता सह एफएसएसएआई पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 90 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को एफएसएसएआई पंजीकरण निर्गत किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी सेविका को व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ परिसर की साफ-सफाई और सामानों के उचित रख-रखाव की जानकारी दी गई, ताकि फूड पाइजनिंग के मामलों को खत्म किया जा सके। बरही एसडीओ जोहन टुडू और प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी लाइसेंस और खाद्य सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। मौके पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश डेवू गुग्गी, महिला पर्यवेक्षिका, डीईओ विकास शर्मा, सूरज कुमार, प्रशांत कुमार, रंजीत कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

### बच्ची से छेड़खानी का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**दारु।** दिगवार पंचायत के रवंगा गावँ की छात्रा कॉलेज से घर जारी रही छात्रा के साथ छेड़खानी मामला सामने आया है। चरही थाना क्षेत्र अंतर्गत हरहद गांव के निवासी सोमनाथ महतो को दारु पुलिस ने जेल भेज दिया। पीड़िता ने दारु थाना में एक लिखित आवेदन दी थी। आवेदन में कहा है कि शुक्रवार के शाम को 6 बजे वह कॉलेज से अपने घर लौट रही थी। इसी क्रम में हरहद निवासी सोमनाथ महतो ने कहा कि कहां जा रही हो बालिका ने अपना गावँ का नाम बताई तो उन्होंने कहा कि चलो घर तक छोड़ दूंगा। बालिका ने उस पर भरोसा करके उसके बाइक पर बैठ गई जब वह जंगल के पास पहुंचा तो बाइक को रोककर उसके साथ छेड़खानी करने का प्रयास करने लगा जब वह उसका विरोध की तो उसके साथ मार पीट किया, कपड़ा फाड़ दिया , मोबाइल और पैसा छीन लिया.साथ ही उसका फोटो व वीडियो बना लिया। इसके बाद वह इसे पुनः अपने बाइक पर बैठा कर ले जाने लगा तो बालिका बाइक से कूद कर हल्ला करने लगी उसकी हल्ला सुनकर कुछ लोग आए और लोगों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुचकर आरोपी को अपने कब्जे में लेकर जेल भेज दिया।

### लाखों के मादक पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार

**बरही।** पुलिस ने रसोइया धमना निवासी बुधन साव के पुत्र राजकुमार प्रसाद के घर से लाखों रुपये के अफीम व गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बताया कि 21 जून की शाम गुप्त सूचना मिली की रसोइया राजकुमार प्रसाद के पुत्र रूपेश साव के घर में मादक पदार्थ रखा हुआ है। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई जिसमें राजकुमार प्रसाद के घर से 1 किलो 9 ग्राम अफीम, 5.136 किलोग्राम गांजा व एक सफेद रंग का इलेक्ट्रॉनिक तराजू जब्त किया। छापेमारी में एसडीपीओ अजीत विमल, थाना प्रभारी आभास कुमार, अवर निरीक्षक दीपक कुमार, अवर निरीक्षक कपिल दीपक नाग, अवर निरीक्षक सौरभ कुमार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### पहली बारिश में लखना के सड़क कीचड़ में तब्दील

**बरही।** लखना गांव से बड़का लखना टोला जाने वाला रास्ता पहले बारिश में कीचड़ में तब्दील हो गया, जिससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। सड़क और नाली नहीं होने से घर के आस-पास जल जमाव हो जाता है। सड़क पर कीचड़ रहने से स्कूली छात्र-छात्राएं खाली पैर ही स्कूल जाते हैं जिससे उनका ड्रेस भी गंदा हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत चुनाव के समय प्रत्याशियों ने गांव में बड़ा बड़ा पोस्टर लगाकर व पंपलेट बांटकर तरह तरह के विकास का सब्जबाग दिखा कर वोट लेते परंतु चुनाव जीतने के बाद कोई भी जनप्रतिनिधि ग्रामीणों का समस्या को जानने नहीं आते हैं। रामू यादव ,अशोक गिरि, संजय गिरि, संतोष गिरि ,मुकेश गिरि, कैलाश यादव ,बिनोद यादव, मंटू यादव ,अरुण गिरि ,बिनोद गिरि, मनोज गिरि ,बीरेंद्र यादव ,सुमनी देवी ने बताया कि रोड को को लेकर हमलोगों ने कई बार पंचायत प्रतिनिधियों को अवगत कराया, परंतु फंड नहीं रहने का बहाना बना टालमटोल करते रहे हैं।

## झारखंड चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य कर्मचारी संघ का राज्य सम्मेलन संपन्न

# लेबर कोड मजदूर कर्मियों के लिए मौत का फरमान : सुभाष

**शैलेन्द्र तिवारी बने राज्य महामंत्री व शर्मिला ठाकुर अध्यक्ष**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य कर्मचारी संघ का चतुर्थ राज्य सम्मेलन रविवार को जगन्नाथ जैन महाविद्यालय झुमरीतिलैया के सभागार में संपन्न हो गया। राज्य भर से आये 500 से ज्यादा स्वास्थ्य प्रतिनिधियों के बीच प्रदेश अयक्ष रामबचन सिंह ने झंडोत्तोलन कर सम्मेलन की शुरुआत की, जहां गगनभेदी नारों के बीच केन्द्रीय नेताओं व प्रतिनिधियों ने शहीद बेदी पर पुष्पांजलि अर्पित की।

सम्मेलन का विधिवत उदघाटन करते हुए हरियाणा से आए अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लाम्बा ने कहा कि केन्द्र सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के कारण सरकारी नौकरियां खत्म हो रही हैं। श्रम कानूनों को बदलकर लेबर कोड में तब्दील कर दिया गया है, जो मजदूर कर्मचारियों के लिए मौत का फरमान है। इसके खिलाफ और मजदूर कर्मचारियों की 17 सूत्री मांगों को लेकर केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान



पर केन्द्र व राज्य सरकारी कर्मचारी भी 9 जुलाई की हड़ताल में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि देश की सार्वजानिक सम्पत्तियों को कॉरपोरेट के हाथों में बेचा जा रहा है। सरकारी नौकरियों को खत्म किया जा रहा है, यह अमीरों की सरकार है, जो गरीबों के खाने-पीने की सामानों पर जीएसटी लगाती है। पुरानी पेंशन लागू करने की मांग पर हम देशभर में संघर्ष करेंगे।

सम्मेलन को सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शशिकांत राय, उपाध्यक्ष शर्मिला ठाकुर, जनस्वास्थ्य कर्मचारी संघ के राज्य महामंत्री रामाधार शर्मा, अखिल भारतीय रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के नेता केप़ी राय, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश रंजन दुबे, महामंत्री आरएन ठाकुर, जिलामंत्री शशि कुमार पांडेय आदि ने संबोधित किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता रामबचन सिंह व संचालन शैलेन्द्र कुमार तिवारी ने किया।

अंत में 51 सदस्यीय राज्य कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें शर्मिला ठाकुर अध्यक्ष, शैलेन्द्र कुमार तिवारी महामंत्री और तुषार कांत बनर्जी कोषाध्यक्ष चुने गए। वहीं अन्य पदाधिकारियों में संरक्षक समाधार शर्मा, अनिल सिंह, शंभु नाथ पाण्डेय, कृष्णा प्रसाद, बाल कृष्ण मुरारी, अध्यक्ष राम बचन सिंह, उपाध्यक्ष अरुणानंद झा, अंजनी कुमार वर्मा, प्रद्युम्न कुमार, निरुलता बेसरा, संतोष साहू, सहायक महामंत्री, सत्येन्द्र शर्मा, सत्येन्द्र कुमार, संयुक्त मंत्री सत्येंद्र कुमार, राहुल मिश्रा, मनोरंजन कुमार, मिथिलेश कुमार, विमलेश कुमार, इंद्रदेव यादव के अलावा संघर्ष अध्यक्ष इन्द्रदेव महतो, संघर्ष मंत्री आलोक कुमार, संघर्ष संयुक्त मंत्री राजेश कुमार, राजु कुमार, संतोष सिंह के साथ महिला उप समिति की संयोजिका कुसमांजलि, सह संयोजिका नीलम कुमारी, सुशीला कुमारी चुनी गईं।

**खबर एक नजर में**

### सिमरिया प्रखंड में अत्यधिक बारिश से घर हुए धाराशायी, कई परिवार बेघर



**सिमरिया।** प्रखण्ड के सबानो और हुरनाली पंचायत के सबानो और उरूब गांव में पिछले लगातार मूसलाधार बारिश से कई लोगों के घर धाराशायी हो गये हैं। जिससे अब भुक्तभोगियों के परिवार को काफी परेशानी हो गयी है। साथ ही उक्त गांव के कुआं में दूषित पानी चले जाने से पीने के पानी के लिए भी काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। भुक्तभोगियों में जवाहर यादव, जितेन्द्र राणा, प्रमोद तुरी, सुग्रीव पांडेय, संतोष कुमार सिन्हा के नाम शामिल हैं। भुक्तभोगियों ने अतिवृष्टि के तहत मुआवजे की मांग की है। हालांकि लगातार चार दिन की भारी वर्षा में क्षेत्र के कई लोगों के मिट्टी के मकान धाराशायी हुए हैं। साथ ही फसलों की भी क्षति हुई है। वैसे में अब लोगों के बीच काफी परेशानी बढ़ गई गई है।

### तीन दिवसीय विशेष राजस्व शिविर का समापन



कोडरमा। डीसी ऋतुराज के निर्देश पर सभी अंचलों में आयोजित तीन दिवसीय विशेष राजस्व शिविर का शनिवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में डीसी स्वयं कोडरमा अंचल मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने एसी पूनम कुजूर की उपस्थिति में स्वीकृत दाखिल-खारिज मामलों से संबंधित रैयतों को शुद्धि पत्र प्रदान किया। शिविर में दाखिल-खारिज से संबंधित कुल 139 मामलों में 49 को स्वीकृति दी गयी। वहीं राजस्व से संबंधित 560 मामलों में 223 का निष्पादन किया गया। वहीं कोडरमा अंचल मुख्यालय में डीसी व एसी की उपस्थिति में प्रखंड प्रमुख सुषमा देवी व अन्य ने शुद्धि पत्र रैयतों को सौंपा। वहीं डोमचांच अंचल में जिप अध्यक्ष रामधन यादव व प्रमुख सत्यनारायण यादव ने रैयतों को शुद्धि पत्र प्रदान किया। वहीं डीसी ने कहा कि राजस्व से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए इस प्रकार के शिविर उपयोगी हैं।

### राजस्व सेवा शिविर में कुल 239 आवेदन आये



जयनगर (कोडरमा)। अंचल मुख्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राजस्व सेवा शिविर के तीसरे व अंतिम दिन कुल 239 आवेदन आये। इनमें 129 मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। तीन दिनों में कुल 566 आवेदनों में 381 का निष्पादन हुआ। शिविर के दौरान दाखिल-खारिज, रसीद निर्गत, भूमि शुद्धिकरण, एलपीसी आदि समस्याओं का निष्पादन किया गया। वहीं प्रभारी सीओ गौतम कुमार ने कहा कि शिविर में ग्रामीणों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। भविष्य में भी आवश्यकता पड़ी, तो इस तरह के शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में प्रभारी सीओ गौतम कुमार, अंचल निरीक्षक सनोज कुमार, हल्का कर्मचारी, अमीन, कंप्यूटर अपरेटर कन्हाय कुमार, अभिषेक पांडेय सहित अंचल कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही।

### मवेशी की तस्करी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस आीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्रान्तर्गत रांची-पटना मुख्य मार्ग ध्वजाधारी के समीप वाहन जांच के दौरान तीन अवैध पशु जब्ता किया गया। साथ ही दो अभियुक्तों को गिरफ्तार भी किया गया। इस संबंध में एसपी द्वारा प्रेस बयान जारी कर बताया गया कि रांची-पटना मुख्य मार्ग के रास्ते अवैध पशु तस्करों द्वारा वाहन में पशु लादकर तस्करी किये जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने को लेकर एसपी द्वारा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ध्वजाधारी गेट के समीप रांची-पटना मुख्य मार्ग पर वाहन जांच लगाया गया। वाहन जांच के दौरान करीब 1.30 बजे एक बोलेरो पिकअप वाहन संख्या जेएच18जे-3782 एवं टाटा मैजिक टेम्पू संख्या जेएच12एम-2843 को रोककर जांच की गयी तो बोलेरो पिकअप वाहन में अवैध रूप से 3 मवेशी लदा हुआ पाया गया, जिसे टाटा मैजिक द्वारा रैकी किया जा रहा था। बिना वैध कागजात के पशुओं की अवैध तस्करी करने के आरोप में दो दो संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में मामले को कोडरमा थाना कांड संख्या 105/25 के तहत मामला दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में 23 वर्षीय शशि कुमार पिता स्व. शिवशंकर तिवारी महदेवा थाना वजीरगंज जिला गया बिहार निवासी, 30 वर्षीय पृथ्वी राज पिता बसंत यादव सा. देवी मंडप रोड तिलैया कोडरमा निवासी शामिल है। छापामारी में पुनि. सह थाना प्रभारी विकाश पासवान, सअनि. अनुरंजन कुमार व सशस्त्र बल, कोडरमा थाना के जवान शामिल थे।

### शिविर में दाखिल खारिज के कुल 45 वाद आये

सतगावां (कोडरमा)। अंचल कार्यालय में शनिवार को अंतिम दिन लगे शिविर में दाखिल खारिज के कुल 45 वाद आये। जिसमें चिह्नित मामलों में उपस्थित आवेदकों की संख्या 29 रही। वहीं स्वीकृत वादों की संख्या छह तथा अस्वीकृत वादों की संख्या तीन और लंबित पुनः सुनवाई जांच के मामलों की संख्या 36 रही। वहीं कैंप में नये मामलों की संख्या 16 तथा वितरित शुद्धि पत्र 610 लोगों को लगान रसीद निर्गत किया गया। वहीं 60 अन्य मामलों के आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में दो लोगों के बीच पारिवारिक सूची व दो लोगों के बीच लगान रसीद का वितरण किया गया। शिविर में सीओ केशव प्रसाद चौरी, सीआइ प्रमोद कुमार, सुनील कुमार, उपेंद्र कुमार व बालदेव पंडित आदि मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत वन प्रमंडल कार्यालय के समीप शुक्रवार की देर रात सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं मृतक की पहचान न्यू कालोनी निवासी 40 वर्षीय राजेंद्र यादव उर्फ लालू यादव पिता देवा महतो के रूप में की गयी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कोडरमा में ठेला चलाता था। जिसे शुक्रवार की रात्रि घर वापसी के दौरान वन प्रमंडल कार्यालय के समीप बंगाल से कोलकाता जा रही सवारी बस बंगाल टाइगर डब्ल्यूबी41एच-3419 ने टक्कर मार दी, जिससे राजेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं पुलिस ने घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। इसी दौरान रांची जाने के क्रम में झुमरीतिलैया पहुंचते ही उसकी मौत हो गयी। उसकी दस वर्षीय पुत्री बेसहारा हो गयी।

## उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ किया जलस्रोतों का निरीक्षण

- **जल स्रोत से कम से कम 200 मीटर की दूरी बनाये रखें : ऋतुराज**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** भारत मौसम विज्ञान विभाग मौसम केन्द्र रांची द्वारा राज्य में संभावित भारी वर्षा को देखते हुए हाई अलर्ट जारी किया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में उपायुक्त ऋतुराज द्वारा जिले में संभावित आपातकालीन स्थिति से प्रभावी रूप से निपटने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इसी दौरान उपायुक्त ने प्रखंड अंतर्गत वृंदाहा जलप्रपात का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य पथ से जलप्रपात तक की पहुंच, सीढ़ियों की स्थिति, पर्यटकों के लिए संभावित सुविधाएं तथा क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं पर संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई, साथ ही जलप्रपात के पास पर्यटकीय विकास की संभावनाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त एसडीओ रिया सिंह ने मेघातरी चैकडैम का निरीक्षण किया। वहीं बीडीओ सतगावां ने पेट्रो जलप्रपात व संकरी नदी का निरीक्षण किया, बीडीओ मरकच्चो ने पंचखैरो जलाशय, बीडीओ जयनगर ने बराकर नदी और सीओ चंदवारा ने तिलैया डैम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी पदाधिकारियों द्वारा आमजन से अपील की गई कि जल स्रोतों के निकट न जाएं एवं कम-से-कम 200 मीटर की दूरी बनाए रखें। जल स्रोतों के आसपास खतरे से संबंधित चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। साथ ही संबंधित पर्यटन स्थलों पर स्थिति सामान्य होने तक पर्यटकों का आवागमन प्रतिबंधित करने की बात कही गई है।

वहीं जिला प्रशासन ने आमजन से अनुरोध किया है कि मौसम संबंधी किसी भी आपात स्थिति में सावधानी बरतें, अफवाहों से बचें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

### एनटीपीसी पर विधायक दिखे सख्त, कहा- एक माह में दूर करें विसंगतियां



**टंडवा (चतरा)।** सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास रविवार को टंडवा का दौरा किया, इस दौरान बाढ़ पीड़ितों से उन्होंने मुलाकात किया। श्री दास एक एक घर जाकर मुआयना किया और वस्तुस्थिति की जानकारी ली। बाढ़ पीड़ितों की हालत देखकर विधायक एनटीपीसी के खिलाफ नाराजगी जाहिर किया, कहा कि एनटीपीसी द्वारा समय पर बराज नही खोलने के कारण यह घटना हुई है, स्थल से ही उन्होंने एनटीपीसी परियोजना प्रमुख से बातचीत किया, तथा सख्त निर्देश दिया कि एक माह के गेरुवा पुल के पास से बाढ़ का पानी घुसने वाले स्थल को ठीक किया जाए, उन्होंने कहा कि एक माह बाद पुनः दौरा करूंगा तबतक सारी विसंगतियां दूर हो जानी चाहिए, साथ ही उन्होंने पिछले तीन बार हुई क्षतिपूर्ति का मुवाबजा भो एनटीपीसी को देने का निर्देश दिया, कहा को दुकानदार कर्ज लेकर दुकान शुरू करते है और कंपनी की गलती से दुकानदारों का भविष्य उजड़ गया, श्री दास ने डीसी सीओ व बीडीओ से भी मामले को लेकर बातचीत किया, उपायुक्त महोदया ने विधायक को आशवस्त किया कि मामले की जांच को लेकर पांच सदस्यीय कमिटी के गठन कर दिया गया है जो मामले की जांच करेगा।विधायक श्री दास ने आपदा राशि से तत्काल घर वालों व दुकानदारों को मुवाबजा देने की प्रकिर्या शुरू करने को कहा। मौके पर संजीव पांडे ईश्वर दयाल पांडे मिथलेश गुप्ता बब्लू गुप्ता संजीत गुप्ता सुनील चौरसिया मुकेश साव प्रमोद सिंह रंजीत गुप्ता जगदीश महतो छ्ठु महतो रिंकू गुप्ता रवि गुप्ता समेत कई उपस्थित थे।

## प्रगतिशील महिला एशोसिएशन ने किया सांसद आवास के समक्ष धरना प्रदर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एशोसिएशन एपवा जिला कोडरमा-गिरीडीह द्वारा रविवार को कोडरमा सांसद के आवास के सामने सविता सिंह की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया गया। इसके पहले करमा अस्पताल गेट चौक से हजारों की संख्या में महिलाओं द्वारा सांसद आवास तक मार्च किया गया। मार्च का नेतृत्व एपवा नेत्री जयंती चौधरी, सविता सिंह, पुनम महतों, मीना दास, कौशल्या दास, नीलम शाह वादी द्वारा किया गया। मार्च में नाइजर में बंधक सभी प्रवासी मजदूरों को घर वापसी करना होगा, केंद्र सरकार होश में आओ, मजदूरों की अबतक घर वापसी क्यों नहीं, कोडरमा सांसद जवाब दो, पीड़ित परिवार को 50 हजार रुपये का मुआवजा प्रति माह देने की गारंटी करो आदि नारा के साथ मार्च किया गया। वहीं धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का मुख्य विषय दो माह पहले बगोदर के प्रवासी मजदूर संजय महतो, फलजीत महतो, राजू महतो, उत्तम महतो, चंद्रिका महतो दक्षिण अफ्रीका के नाइजर में बंधक हैं। प्रवासी मजदूरों की घर वापसी के लिए कोडरमा सांसद आवास के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। सभा को जयंती चौधरी, पूनम महतो, मीना दास, कौशल्या दास, सरिता साव, सरिता महतो, नीलम शाहवादी, पिंकी भारती, जासो देवी, शेरु निशा, शारदा देवी, अफसाना खातुन ने संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान मांग पत्र देने और वार्ता करने के लिए एपवा द्वारा कोडरमा सांसद को सभा स्थल पर बुलाया, मगर सभा स्थल पर प्रवासी मजदूरों की रिहाई के लिए सांसद महिलाओं के सामने जवाब देने से मुकर गए, इससे महिलाएं काफी आक्रोशित थीं। सभा के उपरांत महिलाओं ने मांग पत्र सांसद आवास पर चिपका दिया। इस कार्यक्रम में सावित्री देवी, रेनू पांडे, अन्नपूर्णा पांडे, लक्ष्मी देवी, छात्र नेत्री पुष्पा, विभा देव, पार्वती देवी, गीता देवी, अफसाना खातुन, उर्मिला देवी, संध्या देवी, शारदा देवी, माधुरी देवी समेत हजारों महिलाएं शामिल थीं।

### योग दिवस पर आदर्श प्लस टू उवि मधवाटांड़ में योगाभ्यास के साथ जागरूकता का दिया संदेश



**कोडरमा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर योगाभ्यास कर इस दिन को उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज को योग के प्रति जागरूक करना और एक स्वस्थ्य जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य पुनीत यादव के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक कला है, जो हमें अनुशासन, संतुलन और शांति की ओर ले जाती है। वहीं उपप्राचार्य रवींद्र कुमार रवि एवं अर्जून चंद्र यादव, प्रशासक दीपक कुमार, कॉर्डिनेटर महेंद्र राणा, योग शिक्षक मुकेश राणा तथा वरिष्ठ शिक्षक, नरेश सिंह, महेंद्र पांडेय, गोपाल यादव, पप्पू कुमार, सनोज कुमार, शमशेर आलम, बिट्टू कुमार एवं अन्य शिक्षकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ा दिया। वहीं योग शिक्षक मुकेश राणा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया, छात्रों में विशेष उत्साह देखा गया और उन्होंने पूरे मनोयोग से योगाभ्यास में भाग लिया। अंत में सभी शिक्षकों और छात्रों ने नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने की शपथ ली।

## यामाहा एफजेड एसएफआई हाइब्रिड की रियलिटी माइलेज से ग्राहक खुश

- **अन्य मोटरसाइकिल की तुलना में यामहा दे रहा माईलेज में टक्कर : अभिषेक पांडेय**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी के द्वारा आमतौर पर वाहन की बिक्री के समय ग्राहकों को आकर्षित करने वाले माइलेज की जानकारी दी जाती है। कंसोल में कई फीचर, मोबाइल कॉल से लेकर मौसम और नेविगेशन की सुविधा कोडरमा के झुमरीतिलैया बाईपास रोड में संचालित एआर एंटरप्राइजेज यामाहा शोरूम के द्वारा भारत की पहली हाइब्रिड मोटरसाइकिल यामाहा एफजेड एस एफआई हाइब्रिड की रियलिटी माइलेज टेस्ट में मोटरसाइकिल की परफॉर्मेंस ने ग्राहकों को पूरी तरह से संतुष्ट कर दिया और ग्राहक भी काफी खुश नजर आए। वहीं ग्राहक अमित कुमार ने बताया कि उन्होंने करीब डेढ़ महीने पहले इस मोटरसाइकिल को खरीदा था। इस मोटरसाइकिल में मौजूद स्मार्ट मोटर जनरेटर कम ईंधन खपत में बेहतर और आरामदायक यात्रा का अनुभव देती है। मोटरसाइकिल में मौजूद 4.2 इंच के कंसोल में मोबाइल से ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, मैप, स्थानीय मौसम की जानकारी, कॉल और एसएमएस अलर्ट, म्यूजिक कंट्रोल सिस्टम, डिजिटल स्पीड मीटर यात्रा को काफी आरामदायक बनाती है। वहीं उन्होंने बताया कि माइलेज टेस्ट के दौरान उनकी मोटरसाइकिल ने माइलेज को लेकर कंपनी की कसौटी पर खरा उतरते हुए 72 किलोमीटर प्रति लीटर की माइलेज पेश किया है। एआर एंटरप्राइजेज यामाहा शोरूम के संचालक अभिषेक कुमार पांडेय, एरिया सेल्स मैनेजर जीशान शान और सर्विस इंजीनियर हेड जावेद शान ने बताया कि इस मोटरसाइकिल के माइलेज की रियलिटी टेस्ट को लेकर पिछले 1 से 3 महीना के बीच मोटरसाइकिल की खरीदारी करने वाले जिले के अलग-अलग इलाके में रहने वाले लोगों को आमंत्रित किया गया था। जिनकी मोटरसाइकिल में फ्यूल की टंकी पूरी तरह से भरने के बाद कंपनी के द्वारा निर्धारित आदर्श स्पीड 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से 11 मोटरसाइकिल चालकों ने शोरूम से निकलकर बाईपास और नेशनल हाईवे होते हुए तिलैया डैम और फिर वापस शोरूम करीब 37 से 38 किमी की सफर पूरा करने के बाद माइलेज टेस्ट में शामिल सभी मोटरसाइकिल की अलग-अलग माइलेज टेस्ट किया गया। जिसमें ग्राहकों को 62 से 72 किमी प्रति लीटर की माइलेज प्राप्त हुई। 150 सीसी की मोटरसाइकिल में 70 के आसपास माइलेज मिलना लोगों के लिए संतोषजनक वाला पल है। सिबिल स्कोर बेहतर होने पर विभिन्न बैंकों के द्वारा जीरो से लेकर 15 हज़ार तक के डाउन पेमेंट पर मोटरसाइकिल उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ग्राहकों को 5000 का कैश डिस्काउंट भी मिलेगा।

### साले-बहनोई में मारपीट, दोनों पक्षों ने थाने में दिया आवेदन

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत समलडीह निवासी उमेश चौधरी व बब्लू चौधरी के बीच रविवार की सुबह मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद को लेकर बहनोई व साले के बीच मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में साले बबलू चौधरी व सास गौरवा देवी घायल हो गए। इस संबंध में सतगावां थाना में शिकायत दर्ज करायी है। वहीं दूसरे पक्ष से दामाद उमेश चौधरी ने भी थाने में शिकायत दर्ज करायी है। वहीं मामले की जानकारी देते हुए पीड़ित महिला गौरवा देवी ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 8 बजे अपने घर में अकेली थी तभी दामाद उमेश चौधरी घर में घुसकर मुझे और मेरे पुत्र बबलू चौधरी के साथ मारपीट करने लगा, गंदी-गंदी गाली देते हुए मारपीट के दौरान मैं बेहोश हो गयी। वहीं घटना को लेकर दोनों पक्षों के द्वारा आवेदन दिया गया है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है।

## डीके ट्रस्ट एवं शिक्षाविदों के मंच ने प्रतिभा सम्मान समारोह एवं शैक्षिक उन्नयन कार्यक्रम का किया आयोजन

# मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर रचा शिक्षा प्रेरणा का अध्याय

- **हमें केवल साक्षर नहीं, बल्कि शिक्षित बनना है : कुमार अश्विनी अमिताभ**
- **सच्ची सफलता के लिए सबसे पहले अच्छा नागरिक बनना जरूरी है : दिवाकर कुमार**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के बाईपास स्थित शिववाटिका में डीके ट्रस्ट एवं शिक्षाविदों के मंच द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह एवं शैक्षिक उन्नयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिले भर से चयनित 63 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, पौधा व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, समाज सेवा व प्रशासनिक क्षेत्र की प्रखर विभूतियां उपस्थित रहीं, जिन्होंने बच्चों को उज्वल भविष्य के लिए प्रेरक संदेश दिए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके पश्चात मुख्य अतिथि जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य कुमार अश्विनी अमिताभ एवं विशिष्ट अतिथि प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार को शॉल व पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। सतगावां, मरकच्चो, जयनगर, चंदवारा, कोडरमा एवं झुमरीतिलैया से आए विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का करियर मार्गदर्शन सत्र अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। इसमें विद्यार्थियों को सिविल सेवा, एनईईटी, जेईई, फार्मेसी, रेलवे, बैंकिंग, डिफेंस, फैशन डिजाइनिंग, कृषि, यूजीसी-नेट, योग आदि क्षेत्रों में भविष्य निर्माण के लिए व्यवस्थित जानकारी दी गई।

विभिन्न काउंटरों पर व्यक्तिगत परामर्श की भी व्यवस्था थी, जहां बच्चों ने अपने संदेह दूर किए और नई दिशा पाई। साकार टीएमटी के निदेशक उदय सोनी ने घोषणा की कोई बच्चा पैसे के कारण पढ़ाई से वंचित नहीं रहेगा, हमारी कंपनी उसके साथ है। इसी दौरान चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव राम रतन महर्षि ने भी संस्था को आर्थिक सहायता देने और मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने का भरोसा दिलाया। वहीं मुख्य अतिथि कुमार अश्विनी अमिताभ ने कहा हमें केवल साक्षर नहीं, बल्कि शिक्षित बनना है, ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार ने कहा कि सच्ची सफलता के लिए सबसे पहले अच्छा नागरिक बनना ज़रूरी है। कार्यक्रम में डॉ. अरुण कुमार (निदेशक, गायत्री अस्पताल), नवल किशोर (पूर्व प्रधानाध्यापक), राम रतन अयोध्या, राधेश्याम शुक्ल ड. सतीश कुमार वर्मा, जनमेजय पांडेय, विजय कुमार सहित डीके ट्रस्ट एवं शिक्षाविद मंच के 100 से अधिक सदस्य मौजूद थे।

## एप्रिसिएबल का पास आउट छात्र अवधेश यादव ने जेईई मेन्स में पायी सफलता

- **एप्रिसिएबल विद्यार्थियों को हमेशा रोजगारोन्मुख बनाता है : मुंशी यादव**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सीबीएसई नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त एप्रिसिएबल पब्लिक स्कूल कटिया परसाबाद का पास आउट छात्र अवधेश यादव ने जेईई मेन्स में सफलता हासिल की है। वहीं निदेशक मुंशी यादव ने बताया कि अवधेश यादव बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत केन्दुआ गांव का रहने वाला है। जिसके पिता का नाम रंजित यादव व माता का नाम सावित्री देवी है, वह बचपन से ही इस विद्यालय में अध्ययन किया था तथा बेहतरीन अंकों के साथ सफलता हासिल की थी, वह बचपन से ही मेधावी छात्र रहा है, वह प्रथम प्रयास में ही यह सफलता हासिल किया, उसकी इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। इस शुभ अवसर पर विद्यालय निदेशक मुंशी यादव ने खुशी जाहीर करते हुए छात्र, उसके माता-पिता, अपने शिक्षकों को ढेर सारी बाइयां दी हैं। साथ ही साथ उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसे ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं।

**आगे चलकर गरीबों की मदद करूंगा : अवधेश**

वहीं सफल छात्र अवधेश कुमार ने बताया कि मेरी इस सफलता के पीछे एप्रिसिएबल पब्लिक स्कूल के शिक्षकों का योगदान काफी सराहनीय रहा है, बचपन से ही मुझे प्रतियोगी बनाने की चेष्टा सारे शिक्षक करने लगे थे, इस सफलता पर मैं सबसे पहले अपने विद्यालय निदेशक मुंशी यादव को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने मुझे छुट्टियों में भी अध्ययन के लिए अपने पास बुलाकर हर एक बिंदु पर खुलकर समझा देते थे, मैंने भी उनके मार्गदर्शन को बलपूर्वक अपनाया और सफलता हासिल की। दूसरी ओर मैं अपने माता-पिता को भी श्रेय देना चाहूंगा, जिन्होंने मेरे बाल्यकाल में ही अपनी गरीबी से जूझते हुए एक बेहतरीन स्कूल में मेरा दाखिला करवाया। वहीं उन्होंने कहा कि मैं आगे चलकर गरीबों की मदद करूंगा, खासकर उन लोगों की जो पढ़ना चाहते हैं।

## स्पीड न्यूज

### रौतिया समाज के सदस्यों ने शिविर आयोजित कर किया रक्तदान



**गुमला।** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद गुमला के तत्वावधान में सदर अस्पताल गुमला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ब्लड सेंटर सह उपाधीक्षक गुमला की देखरेख में रौतिया समाज की ओर से छह यूनिट रक्तदान किया गया। रौतिया समाज की ओर से अभय कुमार सिंह, निरंजन कृष्ण सिंह, प्रताप नारायण सिंह, दुर्गा प्रसाद सिंह, प्रणयदीप सिंह, जगदीश सिंह ने रक्तदान किया। मौके पर लैब टेकनिशियन राकेश कुमार, संगीता कुजूर, अंजु किंडो, जिरिन सुरीन आदि उपस्थित थे।

### कायस्थ समाज चित्रगुप्त महापरिवार की आम सभा आयोजित

**गुमला।** चित्रगुप्त भवन के सभागार में कायस्थ समाज चित्रगुप्त महापरिवार की आम सभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता उपस्थित विश्वनाथ प्रसाद नरेश ने की। समाज के संगठन को सुदृढ़ करने की परिचर्चा के मध्य अखिल भारतीय कायस्थ महासभा से संबद्धता के विषय पर भी गहन चिंतन व विचार विमर्श किया गया। ऊपरी तल के आवासीय स्वरूप में रह गई कमी को दूर करने एवं रुके कार्य को पूरा कराने पर भी विचार विमर्श किया गया। समाज के द्वारा वन महोत्सव सप्ताह (जुलाई माह) में किसी विद्यालय आदि में वृक्ष लगाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में एनएमपी श्रीवास्तव, विनय अखौरी, देवभूषण प्रसाद, विजय शंकर दास, आरके वर्मा आदि ने अपने-अपने विचार प्रकट किए। इसके पूर्व समाज के अध्यक्ष शशिरंजन अखौरी ने आगंतुक सदस्यों का स्वागत किया एवं वर्तमान समय में समाज के संगठन तंत्र को मजबूत करने की बात कही। सचिव स्वप्न कुमार रॉय ने धन्यवाद ज्ञापन किया और सभाध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष की तत्परता से कोनबीर में दो दिनों में बदला गया खराब ट्रांसफॉर्मर

**गुमला।** बीते दिनो काफी बारिश होने के कारण बसिया प्रखंड स्थित ग्राम कोनबीर ऊपर चौक में 200 केवीए का ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया था। कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव के संज्ञान में आते ही बिजली विभाग के पदाधिकारी से संपर्क कर दो दिनों के अंदर 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष के सक्रियता होने के कारण ही दो दिन के अंदर बिजली उपलब्ध कराया गया है। जिलाध्यक्ष चैतु उरांव के द्वारा एवं प्रबुद्ध जनों ने मिलकर रविवार को फीता काट कर नया ट्रांसफार्मर का उदघाटन कर बिजली सप्लाई चालू करायी गई। मौके पर चैतु उरांव ने कहा कि बिजली विभाग के पदाधिकारी एवं ग्रामीण जनता,नौजवानों के सहयोग समन्वय एवं सहभागिता से बिजली विभाग के लाइनमैन की तत्परता से ही बिजली आपूर्ति संभव हो पाया है। सभी को इस कार्य के लिए धन्यवाद करना चाहेंगे। मौके पर भोला पाण्डेय,कृष्ण प्रसाद गुप्ता,अनुप सोनी, तरुण गोप, अनमोल तिवारी, मनीष पानीग्राही, विक्की प्रसाद, निरज पाण्डेय,हीरालाल गुप्ता,अजय पाण्डेय,बादल पासवान,जगे महतो ,अजय साहू सहित कोनवीर ऊपर चौक निवासी ने जिला अध्यक्ष चैतु उरॉव एवं बिजली विभाग पदाधिकारी एवं लाइनमैन परशुराम,विजय, भुवन मुंडा ,राजकुमार सहित सभी को धन्यवाद दिया।

### किसानों को पंचायत भवन में शिविर लगाकर किया जाए धान बीज का वितरण

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह ने कहा है कि किसान खुले बाजार से अधिक दाम में धान, खाद्य, इत्यादि खेती के लिए सामग्री लेने को मजबूर हैं। इसके लिए पूरी तरह से राज्य सरकार व कृषि विभाग जिम्मेवार है जो खेती के समय पर किसानों को सामग्री देने में विफल रहती है। किसान हर तरह से लूटे जा रहे हैं, अभी महंगे खाद बीज लेकर खेती करेंगे वहीं खेती समेटने के बाद उचित दाम भी किसानों को नहीं मिलता है। इससे किसान दिनों दिन आर्थिक रूप से कमजोर हो रहे हैं जिसे झारखंड नवनिर्माण दल किसान मोर्चा बर्दाश्त नहीं करेगा। श्री सिंह ने राज्य सरकार से मांग की है कि पंचायती व्यवस्था के तहत जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया एवं हर गांव में वार्ड मेंबर मौजूद हैं उनके निगरानी में हर पंचायत भवन में बाकायदा शिविर लगाकर अविलंब धान बीज एवं खाद्य सामग्री का वितरण सरकार द्वारा की जानी चाहिए ताकि तय दामों में किसानों को खेती के लिए सामग्री मिल सके। श्री सिंह ने यह भी कहा है कि किसानों के हित का ख्याल नहीं रखी गई तो झारखंड नवनिर्माण दल किसान मोर्चा आंदोलन को मजबूर होगा।

### वज्रपात से गरीब किसान के चार मवेशियों की मौत

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के सीसीकरमटोली पंचायत के जरमाना गांव में वज्रपात की चपेट में आने से गरीब किसान निकोदिम तिर्की के चार मावेशी की मौत हो गई। पीड़ित निकोदिम तिर्की ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वे सभी बैल को चराने के लिए खेत गये थे। अचानक लगभग 5 बजे तेज बारिश होने लगा तो बैल बरगद पेड़ के नीचे पानी से बच रहे थे। उसी बीच तेज गर्जन के साथ वज्रपात हुआ। जिससे मेरा हल चलाने वाला दो बैल और दो बाछी की मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित किसान ने कहा कि अभी खेती बारी का समय है और बैल की मौत हो गई। जिसे खेती का कार्य नहीं हो पाएगा। उन्होने प्रखंड प्रशासन से मदद की गुहार लगाते हुए कहा कि अगर प्रशासन दुख की घड़ी में सहायता नहीं करेगी तो खेती से जीवन यापन करना मुश्किल हो जाएगा।

### सुब्रोतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**गुमला।** गुमला में प्रखंड स्तरीय 64वीं सुब्रोतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय गुमला के जुबली स्टेडियम में हुआ। इस अवसर पर अंडर-17 बालक, अंडर-17 बालिका तथा अंडर-15 बालक वर्ग की रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिनमें गुमला प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उदघाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रीति कुजूर, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओमप्रकाश दास एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर मनोहर खोया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता के अंडर-17 बालक वर्ग में संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय व संत पात्रिक उच्च विद्यालय के बीच मैच खेला गया। जिसमें संत इग्नासियुस की टीम विजेता रही। वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग में संत पात्रिक उच्च विद्यालय, गुमला सेंटर विजेता रही। अंडर-15 बालक वर्ग का मैच संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय गुमला व संत पात्रिक उच्च विद्यालय गुमला के बीच खेला गया। जिसमें संत इग्नासियुस की टीम विजेता बनी। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## राज्यपाल ने रायडीह के भलमंडा सरस्वती शिशु मंदिर में किया बालिका छात्रावास का उदघाटन

# शिक्षा संस्कार रुपी हो जो समाज को दिशा दे : राज्यपाल

● विद्यालय परिसर में राज्यपाल ने किया पौधारोपण

**खबर मन्त्र संवाददाता**







**गुमला।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार रविवार को एक दिवसीय दौरे पर गुमला जिला के रायडीह प्रखंड के भलमंडा पहुंचे। जहां सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में बने 236वां सरस्वतीधाम बालिका छात्रावास का लोकार्पण किये। भवन का निर्माण दुर्गम इलाकों में रहने वाले गरीब छात्रों के लिए किया गया है। मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि शिक्षा वही है जो संस्कार दे और संस्कार वही है जो समाज को दिशा प्रदान करे। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय बच्चों को शिक्षा प्रदान करने की दिशा में तत्पर है और विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति व परंपरा के साथ जीवन मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यालय छात्रों को चरित्रवान बनाने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि समाज जागरूक होगा तो परिवर्तन जरूर होगा। विद्या विकास समिति राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रही है। विद्या विकास समिति झारखंड के दुर्गम क्षेत्र के गांवों व शहरों में शिक्षा की ज्योत जला रही है। विद्या विकास समिति ग्रामीण क्षेत्रों में 213 विद्यालय संचालित कर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रही है। बालिका छात्रावास यहां के जनजातीय बच्चियों को संरक्षण प्राप्त करेगा और उन्हें बेहतर शिक्षा प्रदान करने में सहायक साबित होगा। विलुप्त प्रायः जनजातीय समाज के बच्चियों को बालिका छात्रावास आगे बढ़ाने में अहम कड़ी साबित होगा। ऐसे प्रयासों से समाज में शिक्षा का स्तर भी बढ़ेगा और बच्चियों की शिक्षा का ग्राफ भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि समाज का कोई भी व्यक्ति शिक्षा से वंचित न रहे। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार न हो, देश का विकास हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जनजातीय समाज से विशेष लगाव है। एकलव्य विद्यालय जनजातीय समाज के बच्चों के उत्थान के लिए संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वनवासी क्षेत्र में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करना कठिन चुनौती है। परंतु वनवासी कल्याण केंद्र इस दिशा में सार्थक कार्य कर रही है। राज्यपाल श्री गंगवार ने कहा कि आज भी समाज में केशुभाई जैसे लोग हैं। यह समाज के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि आज लोगों को इसी तरह से अपनी क्षमता के अनुसार समाज को बहुत कुछ देने की आवश्यकता है। तभी जाकर समाज का स्वरूप सही हो पाएगा। बालिका छात्रावास भवन का निर्माण दाताश्री मातुश्री काशीबा हरिभाई गोटी चेरिटेबल ट्रस्ट सूरत गुजरात द्वारा किया गया है। इस तरह के भवनों के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले केशुभाई हरिभाई गोटी ने कहा कि आज चिंता का विषय है कि हम केवल गरीबों के लिए बात करते हैं। लेकिन उनके लिए कुछ करते नहीं हैं। इसी सोच को बदलने के उद्देश्य से उन लोगों ने पूरे देश में 351 सरस्वतीधाम निर्माण करने का लक्ष्य रखा है। जिसमें आज का भवन 238वां भवन है। उन्होंने कहा कि भवन के निर्माण में जो पैसा लगता है। उसका आधा वे देते हैं जबकि बाकी आधी राशि समाज के अन्य लोग मिलकर देते हैं। उनकी सोच है सुदूरवर्ती इलाके में रहने वाले गरीब बच्चों को पढ़ने का एक अच्छा माहौल देना। इसी को लेकर काम किया जा रहा है। इससे पूर्व राज्यपाल श्री गंगवार का भव्य तरीके से स्वागत किया गया। राज्यपाल ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया।

वहीं कार्यक्रम में कई लोगों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित, एसपी हरीश बिन जमां, भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार लाल, बीडीओ प्रधान हंसदाक, राजीव कमल बिट्टू, गोलकिया विजय भाई, रामवतार नर्सरियां, विष्णु जालान, जितेंद्र तिवारी, आदित्य कुमार, कमलेश कुमार झा, राकेश कुमार झा, डॉ कृष्णा प्रसाद, हिमांशु गुप्ता, अभिजीत सेन गुप्ता, प्रमोद प्रसाद, लालो राय, मांगू उरांव, डॉ ब्रजेश कुमार, दिवाकर प्रसाद सिंह, धनजी भाई, हितेश भाई आदि उपस्थित थे।

# विकास भारती में राज्यपाल ने किया एक हजार पौधे का वितरण

● राज्यपाल, डीसी व एसपी ने किया पौधरोपण, विकास भारती के कार्यों से अवगत हुए राज्यपाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** विकास भारती बिशुनपुर के केंद्रीय मुख्यालय में अवस्थित तक्षशिला आश्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार रविवार को पहुंचे। जहां राज्यपाल ने पौधरोपण करने के साथ एक हजार लोगों के बीच पौधों का वितरण किया। वहीं बिशुनपुर पहुंचने पर विकास भारती के मुख्य द्वार पर ज्ञान निकेतन विकास भारती के बच्चियों द्वारा राज्यपाल का स्वागत क्षेत्रीय जनजातीय भाषा में स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया गया। तत्पश्चात राज्यपाल ने विकास भारती के मुख्य द्वार पर ही अवस्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसके उपरांत राज्यपाल विकास भारती के अतिथिशाला विश्वेश्वरैया भवन में क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों से मिले। जहां प्रबुद्ध जनों ने विकास भारती की स्थापना के साथ-साथ श्री अशोक भगत द्वारा विगत वर्षों के अंतर्गत जनजातीय समाज के उत्थान एवं उनके संवर्धन के निमित्त किए गये विभिन्न प्रयासों से अवगत कराया। राज्यपाल ने विकास भारती द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न इकाइयों का अवलोकन किया। सृजन परिसर में भ्रमण के दौरान लगाये गये विभिन्न स्टालों यथा कुम्हारगिरि के स्टॉल, सी.एफ.सी स्टॉल, कारीगर पंचायत, भेषज उद्यान, गौशाला, सुक्का बृजिया हॉस्पिटल का अवलोकन किये। सृजन परिसर में अवस्थित महात्मा गांधी सभागार के सामने राज्यपाल ने मौलश्री का पौधरोपण किया। भ्रमण के उपरांत विकास भारती द्वारा विगत 36 वर्षों से जनजातीय समाज के बच्चों-बच्चियों हेतु चलाये जा रहे निःशुल्क विद्यालय ज्ञान निकेतन परिसर में पहुंचे। यहां राज्यपाल बच्चों के साथ बाल संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अब हम अगली बार आएंगे तो बच्चों के साथ बैठकर खाना भी खाएंगे।

इस कार्यक्रम में पद्मश्री अशोक भगत ने राज्यपाल का स्वागत शाल ओढ़ाकर किया। साथ ही पदमश्री ने विकास भारती के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में उपायुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित, एसपी हरीश बिन जमां, कुमकुम मैत्रा, महेंद्र भगत आदि उपस्थित थे।

### डायवर्सन बहने से दर्जनों गांवों की जनता को आवागमन में हो रही है परेशानी : आलोक साहू

**लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत बदला नदी से ग्राम आरेया, निरहू, चरहू होते हुए महुगांव तक सड़क का कालीकरण का कार्य भारद्वाज कंस्ट्रक्शन के द्वारा कराया जा रहा है । तेतरदाड़ चंदवा टोंगरी के पास कलभर्ट के निर्माण हेतु डायवर्सन बनाया गया था। काम काफी धीमी गति से चल रहा है। संवेदक को कलवर्ट का निर्माण वर्षा के मौसम से पहले पूरा कर लेना चाहिए लेकिन नहीं कराया गया। अभी चार दिनों से लगातार हो रही वर्षा के कारण संवेदक द्वारा बनाया गया डायवर्सन बह गया। इसके कारण आरा, नीचेतुरियाडीह, गढ़कसमार, रानीगंज सहित पठारी क्षेत्र मुंगो, गम्हरिया, रंकुली, सिंदूर सहित दर्जनों गांव के लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं। लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत को इस बात की जानकारी उस क्षेत्र के ग्रामीणों ने दी। सांसद के निर्देश पर सांसद के निजी सचिव आलोक कुमार साहू ने संवेदक से वार्ता कर जनता को आवागमन में हो रही परेशानियों को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शीघ्र डायवर्सन का निर्माण करने के निर्देश दिए। संवेदक ने श्री साहू को आश्वासन दिया कि आज से ही डायवर्सन निर्माण का कार्य प्रारंभ करेंगे।

### उपायुक्त ने जनवितरण के गोदामों में रखे खाद्यान्नों का किया औचक निरीक्षण



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने लोहरदगा सदर और किस्को प्रखंड के खाद्यान्न गोदामों का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने गोदाम में रखे चावल, गेहूं और दाल के रख-रखाव की जांच की। साथ ही वे गोदाम की क्षमता अनुसार उसमें अन्न भंडारण, खाद्यान्न की अधिप्राप्ति की स्थिति के आलोक में अन्न का उठाव, आगत निर्गत पंजी का संधारण, गोदाम में बरसात के समय पानी का रिसाव, अच्छे गोदाम का मानक, मॉइस्चर मशीन, वजन मशीन, खाद्यान्न का स्टॉक, फायर एक्सटिंगयुशर आदि की जांच की। उपायुक्त द्वारा खाद्यान्न पंजी को तिथिवार अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बारिश के समय गोदाम को नमी से बचाने के लिए उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में किस्को मोड़ स्थित प्रगति महिला मंडल की जनवितरण प्रणाली दुकान की भी जांच की और दुकान में सूचना पट्ट, कार्ड के प्रकार के अनुसार लाभुकों की संख्या, निगरानी समिति का बोर्ड, स्टॉक की स्थिति, खाद्यान्न उठाव व वितरण की स्थिति, ई-पॉश मशीन से निकलने वाली पर्ची, लाभुकों को मिलने वाले निर्धारित खाद्यान्न की मात्रा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने किस्को प्रखंड के परहेपाट पंचायत के गोसाई टोली स्थित जनवितरण प्रणाली की दुकान की भी जांच की। उपायुक्त ने इस दौरान आसपास के लाभुकों के घर जाकर भी उनको प्राप्त खाद्यान्न की मात्रा की जांच की। उपायुक्त द्वारा किस्को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सक्षम औद्योगिक सिलाई केंद्र का भी निरीक्षण किया गया और वहां उत्पादक समूह को कपड़ा, थैला, ड्रेस आदि के लिए मिल रहे आदेश के आलोक में वित्तीय वर्ष में हुए मुनाफे की भी जानकारी ली गयी। इस दौरान उपायुक्त ने उत्पादक समूह की दीदियों को एंटरप्रेन्योर बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन उनको हरसंभव सहायता करने के लिए तत्पर है। निरीक्षण में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, किस्को अंचल अधिकारी अजय कुमार, नजरत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज व अन्य शामिल थे।

# विहिप बजरंग दल की बैठक में कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल गुमला जिला की बैठक संघ कार्यालय गुमला में रविवार को जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले के सभी प्रखंड समिति का विस्तार 30 जून तक किया जाएगा और सेवा सप्ताह कार्यक्रम 1 से 10 जुलाई तक चलेगा। जिसमें जांच शिविर लगाना, नशा मुक्ति अभियान चलाना, वृक्षारोपण, मठ मंदिर, श्मशान घाट का साफ सफाई व प्रशासन से मिलकर यातायात नियमों को पालन करवाना आदि शामिल है। जिला मंत्री मनीष बाबू ने कहा कि लोहरदगा में प्रांत प्रशिक्षण वर्ग 2025 और मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण वर्ग 2025 जो लगा था, उसमें प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं को तिलक लगाकर सम्मान दिया गया। हर प्रखंड में जितने भी प्राइवेट स्कूल हैं वहां हिंदू धर्म के बारे में जानकारी छोटे-छोटे बच्चों को मिलनी चाहिए। जिला संयोजक संतोष यादव ने कहा कि अमरनाथ यात्रा कार्यक्रम में जिला से 10 लोग जाएंगे।

कार्यक्रम में विहिप विभाग संगठन मंत्री कुलदीप सिंह, विभाग मंत्री केशव चंद्र यास, विभाग संयोजक मुकेश सिंह, जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा, जिला उपाध्यक्ष शिवम जायसवाल, जिला मंत्री मनीष बाबू, जिला सह मंत्री सकलदीप नाथ शाहदेव, जिला संयोजक संतोष यादव, जिला सहसंयोजक अरविंद लोहरा, मिलन प्रमुख यशराज सिंह, मातृशक्ति प्रमुख शैल सिंह, दुर्गा वाहिनी प्रमुख खुशबू कुमारी, सत्संग प्रमुख अशोक सिंह, सेवा प्रमुख अमन राणा, प्रचार प्रसार प्रमुख अमित कुमार, शुभम पाठक, नागेश्वर नाग, संजय कुमार साहू, कमलेश इंदौर, रवि राम, आनंद कुमार, इंद्रजीत भगत, सोनू साहू, रामकेश्वर लोहारा, राम मनोहर नगेसिया सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिप सदस्य ने किया पक्की नाली का उद्घाटन

**लोहरदगा ।** किस्को प्रखंड के हिसरी गांव के मुस्लिम मोहल्ला में जिला परिषद द्वारा 15वें वित से लगभग 5 लाख की लागत से निर्मित 350 फीट पक्की नाली का उद्घाटन किस्को प्रखंड के जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार के द्वारा किया गया। इस मौके पर संदीप कुमार ने कहा कि प्रखंड के जनता की मांग पर विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जा रहा है। किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस नाली की निर्माण हो जाने से बरसात में जल जमाव की समस्या से मुहल्ले वालों को निजात मिलेगी। मौके पर मुख्य रूप से हिसरी पंचायत के कांग्रेस के पंचायत अध्यक्ष शेख सादिक अनवर अंसारी, कमरुल अंसारी, जाहिद अंसारी, जफीद अंसारी, समसुल अंसारी, तौफीक अंसारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### क्रॉस कंट्री रेस, साइकलिंग एवं कबड्डी का आयोजन आज

**लोहरदगा।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर खिलाड़ियों को ओलंपिक के मूल्यों से अवगत कराने एवं खेल के प्रति जागरूकता कराने हेतु जिला खेल पदाधिकारी द्वारा क्रॉस कंट्री रेस, साइकलिंग एवं कबड्डी का आयोजन किया जा रहा है। क्रॉस कंट्री दौड़ 23 जून 2025 दिन सोमवार को सुबह 6:00 बजे पूर्वाह्न से समाहरणालय मैदान से शुरू होकर कचहरी चौक, पावरगंज ,बड़ा तालाब से भट्टी चौक होते हुए नगर पालिका से बरवाटोली बीएस कॉलेज चौक से जुरिया होते हुए नदिया- मैना बगीचा से समाहरणालय मैदान में समापन किया जायेगा। वहीं साइकिल रेस 6:30 बजे पूर्वाह्न से समाहरणालय मैदान से शुरू होकर कचहरी चौक, पावरगंज चौक, बरवाटोली चौक से बीएस कॉलेज चौक होते हुए सीठियो कोयल पुल से वापस बीएस कॉलेज चौक से जुरिया,नदिया होते हुए मैना बगीचा ,समरहरणाल मैदान में समाप्त होगी। इसके बाद उसी दिन कबड्डी प्रतियोगिता 9:00 बजे पूर्वाह्न एमएम उच्च विद्यालय महादेव आश्रम, लोहरदगा में आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा ने दी।

### घोटाले के खिलाफ भ्रष्टाचार विरोधी मंच का धरना 25 को

**गुमला।** भ्रष्टाचार विरोधी मंच के बैनर तले जिला मुख्यालय गुमला में भूमि संरक्षण विभाग गुमला द्वारा बड़े पैमाने पर तालाब निर्माण में गड़बड़ी कर लाखों रुपए की घोटाले के खिलाफ व अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर 25 जून को जिला मुख्यालय गुमला में दिन के 11 बजे से सांकेतिक धरना देकर आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। विदित हो कि विभाग के अधिकारियों द्वारा ठेकेदारी का काम किया जा रहा है जिससे तालाब निर्माण कार्य का उद्देश्य आर्थिक दोहन बना लिया गया है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरना कार्यक्रम में झानद के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह से भी भाग लेने का आग्रह किया गया है। धरना कार्यक्रम के द्वारा जिला प्रशासन से जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई की मांग की जाएगी और स्थानीय विधायक सह मंत्री चमरा लिंडा को भी इस मामले से अवगत कराया जाएगा।

## लगातार तीन दिनों की हुई बारिश में जारी प्रखंड में कई मकान क्षतिग्रस्त



**जारी।** जारी प्रखंड के कई गरीब एवं किसान बेघर हो गए हैं। प्रखंड में लगातार भारी बारिश के कारण ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश से जहां खेतों में पानी भर गया है। वहीं कई कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो गये। प्रखंड के जरडा पंचायत के परसा गांव की रहने वाली सेलिना कुजूर, गोबिंदपुर पंचायत के कमलपुर निवासी सुबोधनी भगत व ग्राम डुमरटोली की मंजुला कुजूर ने जानकारी देते हुए बताया कि तेज बारिश और मिट्टी धंसने से उनका घर अचानक भरभरा कर गिर गया। घर के गिरते ही परिवार के सदस्य किसी तरह जान बचाकर बाहर निकले। सौभाग्यवश कोई जानमाल की हानि नहीं हुई, लेकिन घर के भीतर रखा सारा सामान मलबे में दब गया। पीड़ित परिवार फिलहाल पड़ोसियों के घर में शरण लिए हुए हैं उनके पास रहने के लिए अब कोई ठिकाना नहीं बचा है और प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और प्रखंड प्रशासन से तत्काल राहत और पुनर्वास की मांग की है।

## शहर में जाम की समस्या को लेकर थाना प्रभारी ने चेंबर व बस एसोसिएशन के सदस्यों के साथ की बैठक



**गुमला।** गुमला शहर में आये दिन जाम की समस्या लगी रहती है। जाम की समस्या के समाधान के लिए थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने चैंबर व बस एसोसिएशन के सदस्यों के साथ रविवार की शाम बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि बस स्टैंड से निकलने वाली बसें लोहरदगा रोड में एम मार्ट, पालकोट रोड में शक्ति मंदिर, सिसई रोड में छठ तालाब और जशपुर रोड में स्टेडियम के पास स्टॉपेज करेंगी। निर्धारित स्थल के बीच में यात्रियों को उतरने-चढ़ने पर जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही 107 के तहत केस दर्ज भी होगा। वहीं निर्णय लिया गया कि बस के आगे चिल्लाते हुए एजेंट पैदल चलकर यात्रियों को चढ़ाते हैं उसे भी बंद किया जाएगा। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा उक्त निर्देशों का पालन नहीं करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं शहर के चौक-चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। शहर में दुकानदार नाली के बाहर और ऊपर सामानों को रख देते हैं उन्हें प्रथम चेतावनी दी जाएगी। इसके बाद उल्लंघन करने पर जुर्माना वसूला जाएगा।

बैठक में चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल,बबलू वर्मा, दामोदर कसेरा, शिव सोनी, निर्मल गोयल, महेश लाल, कौशल मंत्री सहित कई लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा पहुंचीं लोहरदगा, कहा

# सरना सनातन के विरुद्ध साजिश रोकने के लिये टीम बनाकर करें काम

● सरना सनातन सदियों से एक है और इसे सदैव एक बनाये रखना है

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा के लोहरदगा पहुंचने पर लोगों ने स्वागत किया। मौके पर जिले के विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान अजातशत्रु द्वारा लोहरदगा जिला के बदलते हालात, एक साजिश की तहत आदिवासियों को बरगलाकर उनको सनातन धर्म से भटकाने तथा अलग करने एवं साथ ही साथ डेमोग्राफिक परिवर्तन की बात रखी।

जिसपर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने कहा कि आदिवासी आदिकाल से शिव भक्त व प्रकृति पूजक रहे हैं। पूरा सनातन धर्म को अक्षुण्ण बनाये रखने में हम आदिवासियों के पूर्वज ना जाने कितना ही बलिदान दिये। जितना योगदान देश की आजादी में भगवान बिरसा, तेलंगा खड़िया, सिद्धू कान्हू इत्यादि का रहा है वैसे ही बलिदान सनातन धर्म को आगे बढ़ाने हेतु हमारे पूर्वजों ने दी है।

झारखण्ड व अन्य क्षेत्र के कुछ स्वार्थी व व्यक्तिगत लालसा रखने वाले छुटभैया नेता सीधे सादे आदिवासी भाई-बहन को बरगला कर उन्हें उनके धर्म से विमुख करने की काम कर रहे हैं। जिसमें क्षणभर के लिये वे सफल भी हो गये हैं, परन्तु अब भी समय है कि समझदार सनातन सदान व आदिवासी आपस में सामंजस्य बैठाकर टीम बनायें और वर्तमान वस्तुस्थिति से भोले भाले आदिवासी भाई, बहिन, बन्धु को अवगत करायें, उन्हें धर्म बांटने की साजिश के संदर्भ में तार्किक ढंग से समझाकर सनातन धर्म में वापसी करायें और बतायें कि सरना सनातन सदियों से एक है और इसे सदैव एक बनाये रखना है।

उन्होंने साथ ही साथ बताया कि झारखंड में डेमोग्राफिक परिवर्तन को लेकर एक किताब भी बाजार में आ चुकी है, जो बहुत जल्द ऑनलाइन प्लेटफार्म में भी दस्तक देगी। विदित हो कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु के आग्रह पर अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गुमला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर लौटने के दौरान लोहरदगा जिला के सर्किट हाउस में एक घंटे के लिये स्थानीय लोगों से मुलाकात हेतु प्रवास कीं।

मुलाकात करने वालों में विश्व हिंदू परिषद सह लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रितेश कुमार, भारतीय युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार, भाजपा जिला महामंत्री पशुपतिनाथ पारस, भाजपा ओबीसी मोर्चा के अजय पंकज इत्यादि शामिल थे।

## भंडरा में नौ दिवसीय रथयात्रा मेला की तैयारी शुरू





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में नौ दिवसीय ऐतिहासिक रथयात्रा मेला की तैयारी शुरू कर दी गई है। रथयात्रा को लेकर रथ का निर्माण कार्य करने समेत अन्य जरूरी काम शुरू हो गया है। भंडरा ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में रथ का निर्माण का कार्य जोर शोर से चल रहा है। भंडरा में सैकड़ों वर्षो से ऐतिहासिक मेला भव्यता के साथ रथयात्रा मेला का आयोजन होता आ रहा है। भंडरा में ऐतिहासिक रथ मेला को लेकर अभी से ही दूर-दराज से झूला, सर्कस, मौत का कुआं के टेंट लगाना शुरू हो गया है। इसके अलावे भंडरा के मिठाई दुकानदार अभी से ही रथयात्रा मेला को लेकर मिठाई बनाने में जुट गए हैं। रथयात्रा मेला आयोजन समिति के राधा मोहन शर्मा ने बताया कि भंडरा में वर्षो से रथयात्रा मेला का भव्य आयोजन होता है। मेला को लेकर तैयारी की जा रही है। ऐतिहासिक रथयात्रा मेला को लेकर आयोजन समिति द्वारा स्वयं सेवी दल का भी गठन किया जा रहा है, ताकि मेला में शांति व्यवस्था कायम रहे। उन्होंने कहा कि 27 जून को सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व बहन सुभद्रा को रथ में आरुढ़ कर अखिलेश्वर धाम स्थित मौसी बाड़ी लेकर जाएंगे। जहां पर नौ दिन तक भगवान के अलग-अलग रूपों का श्रद्धालु भक्त दर्शन करेंगे। साथ ही भंडारा का भी प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बनेंगे।

**लहूलुहान न्याय और लापरवाह सिस्टम की मार**

**बरवाडीह में आवास योजना बनी मजाक, एक को नंबर के बाद भी नहीं घर, दूसरी मौत के साए में**

# सूची के नाम पर छल, अदद छत के लिए तड़प रही दो मजबूर महिलाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** सबको आवास मिलेगा, सरकार का यह दावा लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड में पहुंचते ही दम तोड़ देता है। हकीकत ऐसी है कि यहां सरकारी सूची सिर्फ दिखावा, और आवास योजना एक धोखा बन चुकी है। बभंडीह और छेंचा पंचायत की दो महिलाएं, सरस्वती मसोमात और कविता देवी, इस टूटी हुई व्यवस्था का सबसे दर्दनाक चेहरा बन चुकी हैं। छेंचा गांव की विधवा सरस्वती देवी, अनुसूचित जाति की हैं और अबुआ आवास योजना की सूची में 12वें नंबर पर हैं। नियम के मुताबिक उन्हें बहुत पहले आवास मिल जाना चाहिए था। लेकिन सिस्टम ने उन्हें दरकिनार कर उनके बाद वालों को घर दे दिया। दो साल पहले उनका मिट्टी-खपड़ेल का घर गिर चुका था, और इस साल की पहली बारिश में फिर एक हिस्सा ढह गया। वे कहती हैं, मुझसे पैसे मांगे गए थे, हमने कहा था कि बाद में किस्त से ले लेना, लेकिन मुझे सिर्फ इंतजार और ठोकरें मिलीं। यह भ्रष्टाचार का खुला सबूत है, जहां लाभ पाने के लिए कट मनी न दो तो इंसान घर के बिना ही जीने को मजबूर होता है।

## प्रशासन की दोहरी नीति से सिस्टम सवालों के घेरे में

इन दो कहानियों ने सिस्टम की पोल खोल दी है। एक को नंबर के बाद भी नहीं मिला घर, दूसरी को नाम के बावजूद सिर्फ इंतजार। सवाल उठता है कि फिर सूची क्यों? क्या यह सिर्फ एक औपचारिकता है? अगर 12वां नंबर बेअसर और अंतिम नंबर मौत का फरमान है तो सूची बनाने की नौटंकी बंद की जाए। पंचायत से लेकर प्रखंड और जिला प्रशासन तक, हर स्तर पर जवाबदेही तय होनी चाहिए। जरूतमंदो को पहले सरकारी आवास जैसी योजनाओं का लाभ दिया जाए। यह रिपोर्ट सरकार, प्रशासन और पंचायत व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करती है। जवाबदेही सिर्फ कागजों और प्रेस कॉन्फ्रेंस तक नहीं जमीनी हकीकत से तय होनी चाहिए।



पीड़ा बयान करती विधवा सरस्वती देवी।

## जान ले सकती है दीवारें

वहीं दूसरी तरफ, खुरा पंचायत की पहड़तल्ली निवासी कविता देवी की कहानी और भी भयावह है। उनका नाम सूची में आखिरी नंबर पर है, इसीलिए प्रशासन उन्हें बार-बार टालता है, पहले वालों को मिलेगा, फिर तुमको। लेकिन वे पूरी तरह जमींदोज हो चुके घर में अपने दो बेटों के साथ मौत का इंतजार कर रही हैं। कोई भी दीवार, कोई भी छत, कभी भी जान ले सकती है। उनके घर की तस्वीरें किसी हादसे के बाद की नहीं हैं, वे एक आनेवाले हादसे की सरकारी पटकथा हैं।

## 24 जून को आक्रोश प्रदर्शन को लेकर बैठक संपन्न, कई बिंदुओं पर हुई चर्चा



कार्यक्रम को लेकर बैठक करते जिलाअध्यक्ष व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह के अध्यक्षता में विभिन्न कार्यक्रमों की सफलता को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक किया गया, जिसमें प्रदेश के द्वारा निर्देशित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया। जिसमें, लातेहार जिले में सभी प्रखंडों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आगामी 24 जून को आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम करना है, इससे पूर्व 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के पुण्यतिथि पर बलिदान दिवस के अवसर पर जिले के सभी बूथों पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करना, एवं 25 जून को आपातकाल पर प्रदर्शनी सेमिनार, 29 जून को मन की बात कार्यक्रम, 30 जून को हूल दिवस पर कार्यक्रम किया जाना है। इस तैयारी निमित्त बैठक में उपस्थित थे। जिला उपाध्यक्ष उषा देवी, जिला महामंत्री बंसी यादव, जिला सांसद प्रतिनिधि अमलेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष विष्णु प्रसाद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, जिला मंत्री आशा देवी, मंडल अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता, नगर अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी उपस्थित थे।

**चटूआग बांध मरम्मती कार्य में अनियमितता बरते जाने का आरोप**

# किसानों की शिकायत पर कामता पंसस व मुखिया ने किया चटुआग बांध का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** किसानों की शिकायत पर कामता पंचायत चटुआग में सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे चटुआग बांध की मरम्मत कार्य का पंचायत समिति सदस्य अयुब खान व मुखिया नरेश भगत ने रविवार को निरीक्षण किया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पहली बरसात में ही चटुआग बांध मरम्मती कार्य में अनियमितता की पोल खुल गई है, फाटक लगाने के बाद भी फाटक से पानी निकल रहा है। प्लास्टर भी उखड़ गई है। मेढ़ टुटा पड़ा है, किसानों के लिए वरदान साबित होने वाला बांध मरम्मती कार्य को विभाग द्वारा अधुरा छोड़ दिए जाने से किसान चिंतित हैं। पंसस ने कहा कि बाँध मरम्मति खानापूर्ति के लिए एक फीट गहराई किया गया है, बांध को पिचिंग करनी थी परंतु उसमें एक भी पत्थर नहीं दिया गया है। बांध का फाटक बंद है, फिर भी बांध से पानी फाटक के माध्यम से बाहर निकलकर बेकार बह रहा है, बांध की मेढ के बाहरी हिस्सा टूट जाने के कारण बांध के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है,, बांध के मरम्मत कार्य 25% भी नहीं हुआ और विभाग के अधिकारियों ने कार्य को बंद कर दिया है।



पंसस व मुखिया चटुआग बांध का निरीक्षण करते हुए।

पहली बरसात में ही बांध की छलका का पलास्टर उखड़ रहा है वहीं मुखिया नरेश भगत ने कहा कि किसान सपना देख रहे थे कि इस बांध की मरम्मत होने से किसान की बदहाली दूर होगी लेकिन सिंचाई विभाग की लापरवाही, अनियमितता और उदासीनता के कारण किसानों की सपना टुट के कगार पर पहुंच गया है। मुखिया व पंसस ने किसान हित में इस बांध की मरम्मत कार्य तथा मापी पुस्तिका एवं निकासी की जांच करने व अधुरे काम को पूर्ण कराने की मांग उपायुक्त से की है।

## चंदवाः लाधुप में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर संपन्न



ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर का हुआ आयोजन।

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लाधुप पंचायत सचिवालय परिसर में रविवार को जनजातीय गौरव हर्ष धरती आबा जनभागीदारी अभियान जागरूकता एवं संतृप्त शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुखिया बिफई मुंडा पंसस बुधन गंझू पंचायत सचिव अवतार सिंह ने संयुक्त रूप से दिप जलाकर किया। पंचायत सचिव अवतार सिंह ने शिविर में आए लाधुप व मनातू ग्राम के लोगो को संबोधित करते हुवे कहा की दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीयो को सड़क, जल, स्वास्थ, दुरसंचार,राशनकार्ड, बिजली एवं आवास जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना सरकार का लक्ष्य है। गांव में रहने वाली जनजातीय आबादी को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान जन-धन खाता, विधवा पेंशन, विकालांग पेंशन, बीपीएल विश्वकर्मा योजना, स्वास्थ विभाग, शिक्षा विभाग समेत अन्य कई विभागों का स्टॉल लगाया गया है। आप सभी इसका लाभ उठावे। शिविर में सैकड़ो लोगो ने अपने समस्याओं को लेकर आवेदन जमा किया। मौके पर प्रखंड कर्मी अमित गुप्ता, लव कुमार के अलावे सभी विभाग के कर्मी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# जंगल, सांप और भीख से चलता जीवन मुसहर बच्चों के भविष्य पर भारी अंधेरा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड में रहने वाले मुसहर समाज झारखंड के विकास की हकीकत को आईना दिखाती है। इनके बच्चों का बचपन अब भी जंगलों की पगडंडियों और कच्ची झोपड़ियों के बीच सिसक रहा है। न पैरों में चप्पल है, न बदन पर ढंग के कपड़े। शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसी मूलभूत सुविधाएं इनके लिए अब भी सपना हैं। मुसहर समुदाय की पहचान पारंपरिक सांप पकड़ने और जड़ी-बूटी संग्रह करने वालों के रूप में रही है। ये लोग जंगलों में सांप पकड़ते हैं, उनका जहर निकालते हैं, कभी इलाज भी करते हैं और फिर गांवों में इन्हें दिखाकर कुछ पैसे कमा लेते हैं। भीख मांगना और जंगल की जड़ी-बूटियों को बेचकर पेट भरना ही इनकी आजीविका है। लेकिन इतने जोखिम और हुनर के बावजूद इनकी स्थिति जस की तस है। यह विडंबना ही है कि सरकारी योजनाओं की लंबी सूची होते हुए भी ये परिवार अब तक हाशिए पर हैं। न राशन कार्ड, न आयुष्मान योजना का लाभ, न बच्चों का स्कूल में नामांकन। कुछ को छत जरूर मिली है, लेकिन रोजगार, पोषण और शिक्षा के बिना उनका जीवन अधूरा है। सरकार की योजनाएं फाइलों में चलती हैं, जमीन पर इनका असर नहीं। बच्चे आज भी धूल में लिपटे भविष्य को तक रहे हैं। सवाल उठता है कि क्या इन मासूमों को भी पढ़ने, सपने देखने और बेहतर जीवन जीने का हक नहीं है? प्रशासन और समाज को अब जमीनी हकीकत को देखने और ठोस पहल करने की जरूरत है। मुसहर समुदाय को सिर्फ सर्वे के आंकड़ों में नहीं, बल्कि इंसान की तरह जीने का हक मिलना चाहिए। वरना ये बच्चे भी अपने पुरखों की तरह जंगल, सांप और भीख के बीच ही गुम हो जाएंगे।

## मनरेगा घोटाले पर माले का वार, पंचायतों में जन अदालत और आंदोलन की चेतावनी



**बरवाडीह।** भाकपा माले के जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम ने खुरा पंचायत में सिंचाई कूप निर्माण घोटाले पर हुई रिकवरी कार्रवाई का स्वागत करते हुए इसे सही दिशा में एक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि मनरेगा के तहत दीदी बाड़ी, सिंचाई कूप, आम बागवानी और अबुवा आवास जैसी सैकड़ों योजनाओं में लाखों रुपये की फर्जी निकासी हुई है, जिसकी जानकारी प्रशासन को भी है। कॉमरेड बिरजू राम ने प्रखंड प्रशासन की ढीली कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि लूट में शामिल अधिकारी, दलाल और बिचौलिए अब भी बेखौफ हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ठोस कदम नहीं उठाता, तो भाकपा माले खुद पंचायतों में जन अदालत लगाकर घोटालों का पदार्फाश करेगी और बड़ा जन आंदोलन खड़ा करेगी। उन्होंने प्रखंड व जिला प्रशासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों से मांग की कि दोषियों पर न सिर्फ रिकवरी की जाए, बल्कि कठोर कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा जाए।

## भारी बारिश से भाटचतरा से ब्रहमनी जाने वाला रोड टुटा, आवागमन के लिए लोगों को बढ़ी परेशानी



भारी बारिश से रोड बह गई।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** लगातार भारी बारिश से सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा के ब्रहमनी टोला जाने वाली मिट्टी मोरम रोड बह गया है जिससे लोगों को आने जाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरहमनी टोला के नरेश उरांव, जयनाथ उरांव, झलू घटवार, बिनोद उरांव, नरेश उरांव, करम सिंह भोगता, दशरथ गंझु, सविता देवी, रविंद्र उरांव, अरविन्द उरांव, अर्जुन उरांव, सुकरमनी देवी, सरिता देवी, बढ़न यादव, शिवजतन यादव, चतरगुण यादव, लुढ़न यादव, राजेश घटवार, मुकेश घटवार, छोटी कुमारी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की हमलोग इस टोले मे 30 घरों से भी अधिक लोग निवास करते हैं। लगातार हुए भारी बारिश से मिट्टी मोरम रोड बह गया है जिससे गांव व मुख्य सड़क तक पैदल आना जाना करना पड़ रहा है। सड़क टूट जाने के कारण टोला मे बाईक टेम्पू ऑटो नहीं आ जा सकता है। गांव और रोड जाने के लिए यही मात्र एक सड़क था। गांव मे यदि कोई बीमार पड़ जाय तो इस टोला से एक किमी दूर खटिया के सहारे ले जाना पड़ेगा तभी इलाज के लिए ले जा पाएंगे। चारो ओर खेत है खेत के बीच से उक्त टोले की ग्रामीणों को आने जाने के लिए मिट्टी मोरम सड़क बनाया गया था। बारिश से रोड बह जाने के कारण दैनिक कार्य विद्यार्थियों को विद्यालय आने जाने या अन्य कार्य के लिए परेशानी का सबब बन गया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से सड़क बनवाने की गुहार लगायी है।


## बारिश मे घर गिरा रहना हुआ मुश्किल



घर गिरने से परेशान लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के फूलसु ग्राम स्थित बाबू टोला निवासी करण ठाकुर पिता राजदीप ठाकुर का घर बारिश के करण गिर गया है। घर गिरने के करण घर मे रहना मुश्किल हो गया है। करण ठाकुर ने बताया की लगातार हुए मूसलाधार बारिश से मेरा घर गिर गया। हमलोग दोनों पति पत्नी एलवेस्टर का एक कमरा रूम मे रहते थे। पूरना घर मे माता पिता रहते हैं। इसके अलावे मेरा कोई घर नहीं है। घर गिरने की खबर पाकर फूलसु पंचायत के पंसस सह उप प्रमुख निशा शाहदेव ने जायजा लेकर हर संभव मदद करने की बात कही। पीड़ित ने संबंधित विभाग से आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगाई है।

## मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल



घायल युवक।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के दिरीदाग ग्राम में मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक घायल हो गया ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शंकर गंझु 25 वर्ष पिता महेश गंझु ग्राम बारा विश्रामपुर थाना बारियातू निवासी अपने घर से बालूमाथ थाना क्षेत्र स्तिथ बालू ग्राम अपने ससुराल जा रहा था। इसी दौरान दिरीदाग ग्राम के समीप मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गया। और गंभीर रूप घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर संजय सिदार्थ द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## शराबी की लत से तंग आकर पत्नी ने की पति की पिटाई



**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ थाना क्षेत्र के आराहारा ग्राम में पति के शराब पीने की आदत से तंग आकर एक महिला ने अपने ही पति की पिटाई कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लालजी यादव 50 वर्ष पिता स्वर्गीय हेमलाल यादव ग्राम आराहारा थाना बालूमाथ निवासी की पत्नी उसकी शराब पीने की आदत से तंग आकर लालजी यादव की डंडे से पिटाई कर दिया जिससे शराबी पति गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के बाद उसे घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

**राज्य गठन के 25 वर्ष बाद भी स्थानीय नीति का निर्धारण नहीं हो पाना दुर्भाग्यपूर्णः जयराम महतो**

# जेएलकेएम विधायक का चंदवा में हुआ भव्य स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता


**पलामू से वापस लौटने के दौरान चंदवा में कार्यकर्ताओं से की मुलाकात**



जेएलकेएम विधायक का हुआ भव्य स्वागत।

**चंदवा।** राज्य में स्थानीय युवाओं को नौकरी रोजगार, स्थानीय नीति को लेकर संघर्ष कर रहे जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो का चंदवा में जोरदार स्वागत हुआ। जयराम महतो शनिवार की देर शाम पलामू में आयोजित जन सभा से वापस लौट रहे थे, इसी क्रम में स्थानीय इंदिरा गांधी चौक स्थित पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सुदामा प्रसाद की अगुवाई में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला के साथ स्वागत किया। इस दौरान जयराम महतो कार्यकर्ताओं से मिले व क्षेत्र की समस्याओं को जाना। मौके पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए जयराम महतो ने कहा कि राज्य की जनता के जुड़े मुद्दे पर हमारी पार्टी हमेशा सक्रिय रहती है। जनता उन्हीं नेताओं को पसंद करती है, जो उनके हक व अधिकार की लड़ाई लड़ते हैं। वहीं राज्य में भाषा को लेकर छिड़े विवाद पर उन्होंने कहा कि राज्य में भाषा को लेकर काफी भिन्नताएं हैं, राज्य में हर एक दो जिले के भाषा बदल जाती है, जो भाषा गढ़वा पलामू बोली जाती वह धनबाद बोकारो नहीं बोली जाती इसलिए एक या दो भाषा के आधार पर नीति निर्धारण नहीं हो सकती है। राज्य सरकार को चाहिए कि टीम बनाकर प्रखंड व जिलावार सर्वे करें, सर्वे रिपोर्ट के आधार पर जिला वार या फिर प्रखंड वार भाषा को सूची में शामिल किया जाए। वहीं स्थानीय नीति व युवाओं रोजगार को लेकर उन्होंने कहा कि राज्य का दुर्भाग्य ही कहा जाए कि राज्य गठन के 25 वर्ष बाद भी यहां पर स्थानीय नीति का निर्धारण नहीं हो पाया है। अब तो आउटसोर्सिंग के माध्यम से लगने वाले नौकरियों में भी बोलियां लग रही है। 75% स्थानीय युवाओं को रोजगार का वायदा सिर्फ कागजों में ही सिमट कर रह गया है। वहीं 1932 के खतियान को लेकर जयराम महतो ने कहा कि बजट सत्र के अंतिम दिन राज्य सरकार के समक्ष उक्त मुद्दे को रखा था, सरकार का जवाब आया मामला प्रक्रियाधीन है। इससे साफ है कि सरकार राज्य के महत्वपूर्ण मुद्दों को कैसे लटका कर रखी है। इसके अलावा भी कोई अन्य सवाल मीडिया के कारण से पूछा गया जिसका जवाब दिया। इधर चंदवा में कार्यकर्ताओं से मिलने के पश्चात जयराम महतो गंतव्य हो रवाना हो गए। मौके पर मौके पर पलामू प्रमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, लातेहार जिला सचिव चंदन बड़ाइक, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष सुदामा प्रसाद, संतोष पासवान, दीपक मुंडा, विश्वकर्मा मुंडा, जितेंद्र कुमार, अशोक उरांव, नीरज यादव, राजवंश यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के सचिव बने अबुल मियां



अबुल मियां।

**बालूमाथ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा लातेहार जिला इकाई के अल्पसंख्यक मोर्चा के सचिव के रूप में मो .अबुल मियां को नियुक्त किया गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति द्वारा जिला कमेटी का विस्तार करते हुए संगठन के महासचिव विनोद कुमार पांडेय द्वारा पत्र जारी कर बालूमाथ के रहमत नगर निवासी अबुल मियां को सचिव बनाया गया है। वहीं उन्हें जिला सचिव बनाए जाने पर प्रखंड झामुमो अध्यक्ष प्रदीप गंझु, झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीना उरांव, मो. मजहर, सैनुल अंसारी, सरफराज अंसारी, सुरेश तुरी, अमित उरांव समेत कई लोगों ने बधाई दिया है।

## आम पेड़ से गिरकर बच्ची घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के अमरवाड़ीह ग्राम में रविवार को पेड़ से नीचे गिरकर एक 13 वर्षीय बच्ची घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ओमबाती कुमारी 13 वर्ष पिता विजय गंझु ग्राम अमरवाडीह थाना बारियातू निवासी आम के पेड़ में चढ़कर आम तोड़ रही थी। इसी दौरान पैर फिसलने की वजह से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायलावस्था में बच्ची को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

# रेलवे स्टेशन से कोयला डंपिंग यार्ड हटाने की मांग को लेकर धरनार्थियों व आरपीएफ में ठनी

## तिरपाल बिछाने से मना किया तो जबरदस्ती जमीन पर ही बैठ गये धरनार्थी, धरनार्थियों को समर्थन मिला आंदोलनकारी मुन्नी हांसदा का



धरनार्थियों को हटाने पहुंची आरपीएफ पुलिस, नोक-झांक होती धरनार्थियों व आरपीएफ पुलिस में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** रेलवे स्टेशन पर बने कोयला डंपिंग यार्ड को हटाने की मांग को लेकर विगत पांच वर्षो से शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे रसिकपुर और आसपास के ग्रामीणों द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में लगातार धरना प्रदर्शन जारी है। लेकिन रविवार को धरना देने पर आरपीएफ और धरनार्थियों के बीच जबरदस्त विवाद उत्पन्न हो गया। एक ओर जहां आरपीएफ के इंचार्ज मनोज कुजूर धरनार्थियों से स्टेशन परिसर पर धरना देने से मना कर रहे थे। वहीं दूसरी ओर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे रविशंकर मंडल ने नारा लगाते हुए जमीन पर बैठकर ही धरना स्थल पर अड़े रहे। यह बताते चलें कि जब से दुमका रेलवे स्टेशन पर कोयला डंपिंग यार्ड बनाया गया है। जिससे आसपास के लोगों का जीना मुहाल हो गया। जिसको लेकर ग्रामीण लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। अभी तक सब ठीक-ठाक चल रहा था। लेकिन रविवार को अचानक आरपीएफ कर्मी धरनार्थियों से स्टेशन परिसर पर धरना देने से मना कर रहे थे।

इसी को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। नौबत यहां तक आ गई की जब धरनार्थी तीरपाल बिछाने लगे तो आरपीएफ कर्मी जबरदस्ती उसे हटाने लगे। जिससे नाराज होकर धरनार्थी नारेबाजी करते हुए जमीन पर ही बैठ गए। आंदोलनकारियों का कहना है कि जब प्रदुषण रेलवे स्टेशन से फैल रहा है तो धरना हम कहां देंगे। आप प्रदुषण रोक देंगे तो हम भी धरना प्रदर्शन रोक देंगे। धरना प्रदर्शन रोक के सवाल पर आरपीएफ इंचार्ज और स्टेशन प्रबंधक के बीच तालमेल का अभाव दिखा। जहां आरपीएफ इंचार्ज मनोज कुजूर ने कहा कि अगर धरना प्रदर्शन करना है, तो रेलवे स्टेशन परिसर से बाहर निकल कर कीजिए। उन्होंने स्टेशन प्रबंधक से भी बातचीत नहीं किया। दूसरी ओर स्टेशन प्रबंधक टीपी यादव इस मामले को लेकर नरम रूख अख्तियार कर धरनार्थियों को समझाने का प्रयास में जुटे रहे। इधर स्थानीय लोगों के समर्थन में आंदोलन कर रही मुन्नी हांसदा रैयतों के साथ धरनार्थियों के समर्थन में धरना पर बैठ गई। मुन्नी हांसदा ने कहा कि सरकार सभी नियम कानून ताक पर रख कर कोयला खनन किया जा रहा है। जबकि रैयत अपने अधिकार से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि पंचुवाड़ा से लेकर दुमका तक आम आदमी परेशान हैं। लेकिन सरकार सिर्फ जनता को अपने फायदे के लिए लूटने में लगी है। उन्होंने कहा कि अब चरणबद्ध तरीके से आंदोलन शुरू करते हुए सरकार को मजबूर करेंगे। रैयतों को उसका हक देना ही होगा और दुमका रेलवे स्टेशन पर बने कोयला डंपिग यार्ड को हटाना ही पड़ेगा। इधर धरना के बाद आस के ग्रामीणों के साथ मुन्नी हांसदा रैयतों के साथ आंदोलन के रूप रेखा तैयार करने में व्यस्त दिखी। रैयतों ने कहा कि चन्द दलाल किस्म के शिक्षित ग्रामीण डब्ल्यू बीपीडीसीएल और बीजीआर कंपनी से मिलकर ग्रामीणों के साथ अन्याय कर रही हैं। इसका गंभीर परिणाम सरकार को भुगतना पड़ सकता है। धरना प्रदर्शन कर विरोध करने वालों में हेमंत श्रीवास्तव,संजय मंडल, गोवर्धन मंडल, विमल मरांडी, मुन्नी हंसदा, विष्णु यादव, अभय गुप्ता, मनोज पंडित,एनएन पंडित,डिस्को मंडल,लालटू दे आदि मौजूद रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल एवं पूर्व सीएम रघुवर दास ने की संगठनात्मक चर्चा



मुलाकात करते पूर्व सीएम बाबुलाल मरांडी एवं रघुवर दास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के बीच संथाल परगना दौरे के दरम्यिन दुमका परिसदन भवन में रविवार को मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों नेताओ ने पार्टी संगठन और राज्य की राजनीति से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा किया।विशेष रूप से संताल परगना के उन मुद्दों पर चर्चा हुई जिसके आधार पर भाजपा इस इलाके में जनता के बीच पहुंच रही है। रघुवर-बाबूलाल मुलाकात के दौरान संताल परगना में भाजपा संगठन को मजबूत करने और पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के लिए किए जाने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ है। इस बीच पार्टी कार्यकताओं से संगठन मजबूत करने पर चर्चा हुई। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास दो दिनों से संताल परगना के प्रवास पर हैं।इधर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रविवार को सुबह इंटरसिटी ट्रेन से दुमका पहुंचे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास 21 जून को पाकुड़ के लिट्टीपाड़ा में एक आदिवासी संगठन द्वारा आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए थे।आज रघुवर दास साहिबगंज के भोगनाडीह में अमर शहीद सिदो कान्हू मुर्मू के वंशजों से भेंट करेंगे और बरहेट में जन चौपाल कार्यक्रम में जनता से सीधा संवाद करेंगे। यहां बता दें कि गत लोकसभा और विधान सभा चुनावों में संताल परगना में भाजपा का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था।

### हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा करेगी आक्रोश प्रदर्शन 24 जून को

## कार्यकर्ता जनसेवा के संकल्प के साथ समर्पित भाव से करें कार्य: प्रदेश अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष व उपस्थित कार्यकर्ता

**दुमका।** भाजपा जिला इकाई की संगठनात्मक बैठक रविवार को अग्रसेन भवन में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहे। साथ में राज्य के प्रथम प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद अभयकांत प्रसाद, पूर्व सांसद सुनील सोरेन एवं दुमका जिला चुनाव अधिकारी प्रकाश सेठ मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गौरवकांत ने किया। इस अवसर पर जिला एवं मंडल पदाधिकारी, सभी मोर्चों के अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल अध्यक्ष, पूर्व प्रत्याशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, सदस्यता अभियान, बूथ सशक्तिकरण एवं जनसंपर्क को लेकर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने संगठन विस्तार की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। आगामी 24 जून को भाजपा दुमका जिला के प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय में आक्रोश प्रदर्शन आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। जिससे राज्य सरकार की विफलताओं के खिलाफ जनभावनाओं को मुखर किया जा सके। साथ ही 30 जून को वीर शहीद सिदो-कान्हू की जयंती को जिले भर में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय जनता व्यापक रूप से भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। हर कार्यकर्ता को जनसेवा के संकल्प के साथ समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने और विपक्ष के झूठे प्रचार का तथ्यात्मक जवाब देने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य परितोष सोरेन, सुरेश मुर्मू, डॉ अंजुला मुर्मू, अमिता रक्षित, शर्मिला सोरेन, अमरेंद्र सिंह, महामंत्री मनोज पांडे, पवन केसरी, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद सिंह बिट्टू, दीपक स्वर्णकार जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू आदि उपस्थित थे।

# सरकारी लापरवाही ने छीन ली 13 साल की मासूम बच्ची की जिंदगी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** जिले के ठाकुर गंगटी थाना क्षेत्र के मदन चौकी गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। यहां एक 13 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत का कारण कोई गंभीर बीमारी या बड़ा हादसा नहीं, बल्कि सरकारी व्यवस्था की लापरवाही और एंबुलेंस सेवा की सुस्त रफ्तार बनी। बच्ची की जान बचाई जा सकती थी, अगर मदद समय पर पहुंची होती। गांव के निवासी संतोष महतो की 13 साल की बेटी दोपहर करीब 1 बजे अपने घर की छत पर खेल रही थी। खेल-खेल में उसका संतुलन बिगड़ा और वह नीचे आंगन में जा गिरी। गिरते ही बच्ची को गंभीर चोटें आईं, सिर से खून बहने लगा और वह बेहोश हो गई। घर में कोहराम मच गया।परिजनों ने तुरंत उसे उठाया और प्राथमिक इलाज के लिए आसपास के ग्रामीण डॉक्टरों से संपर्क किया, लेकिन चोटें इतनी गंभीर थीं कि डॉक्टर ने तत्काल अस्पताल ले जाने की सलाह दी। ऐसे में परिजनों ने झारखंड सरकार की आपातकालीन 108 एंबुलेंस सेवा पर कॉल करना शुरू किया।तीन घंटे तक केवल 'थोड़ी देर में पहुंच रही है' का आश्वासन परिजनों ने बार-बार 108 नंबर पर कॉल किया।

हर बार एक ही जवाब मिलता – 'एंबुलेंस रास्ते में है', 'थोड़ी देर में पहुंच रही है', 'थोड़ा इंतजार कीजिए'। लेकिन इंतजार लंबा होता गया। एक घंटा... दो घंटे... तीन घंटे..., लेकिन न एंबुलेंस पहुंची, न कोई मदद।इस दौरान बच्ची की हालत और बिगड़ती गई। उसका शरीर ठंडा पड़ने लगा, सांसें उखड़ने लगीं। घबराए परिजन किसी भी साधन से उसे अस्पताल ले जाना चाहते थे, लेकिन गांव की दूर-दराज स्थिति और कोई भी निजी वाहन उपलब्ध न होने के कारण वे असहाय रह गए।आखिरकार, तीन घंटे की असहाय प्रतीक्षा के बाद बच्ची ने अपने पिता की गोद में ही अंतिम सांस ली। संतोष महतो की आंखों के सामने उसकी लाडली तड़प-तड़प कर दम तोड़ गई। उस दर्द को बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं।संतोष महतो ने बताया, हमें बार-बार 108 पर कॉल करता रहा। हर बार कहा गया कि एंबुलेंस रास्ते में है। लेकिन वो कभी आई ही नहीं। अगर समय पर गाड़ी मिल जाती, तो मेरी बेटी बच सकती थी।प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पर सवाल यह घटना सिर्फ एक बच्ची की मौत नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र की नाकामी का जीता-जागता उदाहरण है।झारखंड की बहुचर्चित 108 एंबुलेंस सेवा की सच्चाई फिर सामने आ गई है।सवाल यह उठता है कि यदि 3 घंटे तक भी एक आपात सेवा गांव तक नहीं पहुंच सकती, तो फिर इसका औचित्य क्या है? यह मामला स्वास्थ्य व्यवस्था की जमीनी हकीकत उजागर करता है।गांव में आक्रोश, मांग हो रही है जवाबदेही की इस दर्दनाक घटना के बाद मदन चौकी गांव में शोक के साथ आक्रोश भी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई हो।

### हर बच्चे को मिले शिक्षा का अधिकार

## शिक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है : उपायुक्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** जन समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत सामाजिक भूमि विवाद शिक्षा सामाजिक सुरक्षा राजस्व ग्रामीण विकास और अन्य विभागीय समस्याएं उपायुक्त अजय नाथ झा के समक्ष रखीं। एक विशेष मामले में रिंकी देवी के बच्चियों के नामांकन हेतु उपायुक्त ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल राजकीयकृत विद्यालय के प्रधानाचार्य को दोनों बच्चियों का मौके पर ही नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है। जनता दरबार में 25 से अधिक व्यक्तियों ने आवेदन दिए और शिकायतें दर्ज कराईं। उपायुक्त ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को एक-एक प्रकरण का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनता दरबार के उपरांत जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों स्वैच्छिक संस्थाओं ने उपायुक्त अजय नाथ झा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान सभी ने उन्हें उनके पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दीं। साथ ही क्षेत्रीय समस्याओं से संबंधित विषय साझा किया। उपायुक्त ने सभी को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मौके पर डीपीएलआर मेनका अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी जिला जन संपर्क पदाधिकारी रवि कुमार सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष सहायक जन संपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### बारिश की पानी घुसने से शहर के निचली इलकों में परेशानी का सबब

**दुमका।** बारिश ने उपराजधानी दुमका निचली इलाकों में रहने वालों लोगों के लिए एक बार फिर मुसीबत खड़ी कर दी है। दोपहर को हुई बारिश से शहर के बक्सी बांध, मजिस्ट्रेट क्लोनी समेत अन्य निचली इलाकों के एक बड़ी घनी आबादी को प्रभावित की है। लोगों के घरों में बारिश का पानी घुस गया। जिससे घंटो लोग घरो के अंदर कैद रहने को मजबूर रहे। घंटो बाद पानी के निकासी के बाद हालात समान्य हुए। बारिश के पानी घरो में घुसने से लोगों के कीमति समान समेत वाहनों को नुकसान पहुंचा। यहां बता दें कि यह पहली घटना नहीं है।

### चाकू घोंपकर हत्यारोपी पति 40 दिन बाद गिरफ्तार, गया जेल

**दुमका।** पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या करने मामले में आरोपी पति मिथुन राय को 40 दिन बाद साहिबगंज जिला से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पति मिथुन राय को जिले के गोपीकांदर पुलिस ने बरहेट थाना क्षेत्र के डोराय संथाल बस्ती से गिरफ्तार किया है। रविवार को मिथुन को दुमका जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी सुमित कुमारभगत ने बताया कि घायल शिवरतिया देवी के फर्द बयान पर गोपीकांदर थाना में आरोपी पति मिथुन राय के खिलाफ बीएनएस के धारा के तहत हत्या का प्राथमिकी दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी मिथुन राय के निशानदेही पर पाकुड़ जिले के महेशपुर थाना अंतर्गत बलियाडंगाल गांव के तालाब से हत्या में प्रयुक्त चाकू को पुलिस ने बरामद किया है।

### सीपीएम आंतरिक लोकतंत्र को पूरी तरह करती है लागू: राज्य सचिव

**दुमका।** सीपीएम ही देश में एकमात्र राजनीतिक दल है। जहां आंतरिक लोकतंत्र को पूरी तरह लागू होता है। सीपीएम में नेता उपर से नहीं थोपे जाते, बल्कि नीचे से चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा हर स्तर की कमेटी चुनी जाती है। जो अपनी कमेटियों के सचिवों का निर्वाचन करते हैं। पार्टी प्रत्येक तीन वर्ष पर आयोजित होने वाले अपने अखिल भारतीय महाधिवेशन से तीन महीने पहले ही केंद्रीय कमेटी द्वारा स्वीकृत राजनीतिक प्रस्ताव का मसौदा जारी करती है।

### बीएसएल टाउनशिप क्षेत्र के टेलीफोन बूथ संचालकों के लिए गाइडलाइन जारी

**बोकारो।** बोकारो इस्पात सयंत्र ने बोकारो इस्पात टाउनशिप क्षेत्र में टेलीफोन बूथ के संचालन के लिए कुल 201 टेलीफोन बूथ आवंटित किया था जिसका स्थानीय जांच का सर्वे 2025 में किया गया। तदुपरांत सभी टेलीफोन बूथ लाइसेंस धारकों को टेलीफोन बूथ को संचालित करने के लिए नये नियम एवं शर्तो के साथ पत्रों के माध्यम से सूचना दी गयी जिसके तहत लाइसेंसी को अपने-अपने टेलीफोन बूथ का रिन्यूअल /रेगुलराइजेशन की प्रक्रिया के लिए दिए गए प्रारूप में अपने-अपने स्व-अभिप्रमाणित दस्तावेज के साथ नगर सेवा विभाग के टीए-एलआरए विभाग से तुरंत संपर्क करना है।

### बाइक सवार युवक पुल के रेलिंग से टकराया हुई मौत

**बेरमो / कथारा।** युवाओं के द्वारा तेज रफ्तार मे बाइक चलाना और बाइक से स्टंट करना उनके लिए सिधे सिधे दुर्घटना को निमंत्रण देना साबित हो रहा है। इसी का एक दर्दनाक नजारा आज लगभग 11 बजे के आसपास बोकारो थर्मल ओवर ब्रिज पर उस समय देखने को मिला जब कथारा भलटुंगरिया बस्ती निवासी हिरालाल गोप का 25 वर्षिय पुत्र रोशन कुमार साइन बाइक संख्या जेएच 02 एए 7478 से कथारा से बोकारो थर्मल जाने के क्रम में बोकारो थर्मल ओवर ब्रिज पर लगे रेलिंग से जा टकराया और वह बुरी तरह गिर कर घायल हो गया। लोगों द्वारा आनन फानन उसे उठाकर बोकारो थर्मल डीवीसी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

## एक नजर में

### बंग्लादेशी घुसपैठ नागरिकों की समस्या ही नहीं राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम विषय: राष्ट्रीय अध्यक्ष



प्रेसवार्ता करते पार्टी अध्यक्ष व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जनहित पार्टी की घुसपैठियों भगाओ देश बचाओ यात्रा दुमका पहुंची। यह यात्रा 8 जून को देवघर जिले से प्रारंभ हुई। जो की संथाल परगना के प्रत्येक जिले व प्रखंड से होकर 30 जून हूल दिवस के अवसर पर देवघर पहुंच समापन होगी।

दुमका में यह यात्रा वीर कुंवर सिंह की मूर्ति से प्रारंभ होकर शिव पहाड़ पहुंची। जहां जन जागरण किया। सभी दुकानदार व जनता को पत्रक वितरण किया गया। वही घुसपैठियों को नागरिकता क्यों ऐसा नारा लिखा हुआ स्टीकर चिपकाया गया। साथ में चौक चौराहों पर नागरिकों को संबोधित किया गया। जनहित पार्टी के कार्यकताओं ने हाथों में तख्ती और बैनर लेकर पोखरा चौक पर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय जैन ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों की जो समस्या है। वह केवल एक देश से दूसरे देश में आए नागरिकों की समस्या नहीं है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के विषय से जुड़ा है। चुकी जब किसी क्षेत्र में घुसपैठियों की संख्या में वृद्धि होती है। वहां अनैतिक ,आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि होती है। वहां के स्थानीय रोजगारों में सभी के साथ वहां के संसाधनों का बंटवारा हो जाता है।

भारत में लगभग तीन करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठी मौजूद है। अनेक आंदोलनों और प्रयासों से असम में एनआरसी लागू हुआ। लेकिन असम की भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के कारण 80 लाख बांग्लादेशी घुसपैठिए जल्दी भारत की नागरिक बनने जा रहे हैं। संथाल परगना के बारे में उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र भी सीमावर्ती होने के कारण यहां भी बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या वृद्धि हुई है। स्पेशल ब्रांच की पुलिस मुख्यालय की रिपोर्ट के अनुसार यहां संथाली लड़कियों को बहला फुसलाकर 10 हजार एकड़ जमीन पर घुसपैठियों ने जमीन पर कब्जा कर लिया है। यात्रा में प्रमुख रूप से पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री मनीष काले, उत्तम ओझा, झारखंड प्रभारी विशाल बिंदल एवं दुमका जिला संयोजक गया प्रसाद साह आदि उपस्थित रहे।

### सहोदया बोकारो के विवाद का हुआ पटाक्षेप, डॉ. गंगवार ने सूरज शर्मा को दी बधाई

**बोकारो।** डॉ राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारो में किसी तरह का कोई विवाद नहीं है। सभी एक परिवार की तरह है। परिवार में कभी-कभार ऊपर-नीचे होते रहता है। सबकुछ ठीक है- सभी स्कूलों को साथ लेकर बोकारो में शिक्षा का उचित वातावरण तैयार किया जायेगा। जिससे बोकारो का एजुकेशन बेस्ट होगा। ये बातें डॉ राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारो के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सूरज शर्मा ने कही। श्री सूरज शर्मा ने स्पष्ट कहा कि सभी स्कूलों को साथ लेकर शिक्षा के क्षेत्र में नया इतिहास लिखा जायेगा और पुनः राष्ट्रीय स्तर पर बोकारो का नाम शिक्षा के क्षेत्र में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। सहोदया बोकारो के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सूरज शर्मा ने जीजीपीएस बोकारो के प्राचार्य सह सहोदया बोकारो के पूर्व उपाध्यक्ष सोमेन चक्रवर्ती जीजीपीएस-चास के प्राचार्य सह सहोदया बोकारो के पूर्व कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार के साथ डीपीएस बोकारो के प्राचार्य सह सहोदया बोकारो के पूर्व अध्यक्ष डॉ एएस गंगवार से मुलाकात की। श्री शर्मा ने डॉ गंगवार को पौधा भेंट कर अभिवादन किया। डॉ एएस गंगवार ने सूरज शर्मा को पौधा भेंट कर बधाई दी। श्री शर्मा ने डॉ एएस गंगवार से भविष्य में भी मार्गदर्शन व अनुभव का लाभ देने की बात कही। डॉ एएस गंगवार ने हर संभव सहयोग व हमेशा मार्गदर्शन की बात कही।

### कसमार प्रखंड परिसर में सेचुरेशन कैंपेन के शिविर का आयोजन

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड परिसर में सेचुरेशन कैंपेन के तहत कसमार प्रखंड स्तरीय जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। शिविर में जनजातीय बहुल गांव सिल्लीसाड़म सोनहर पोंडा त्रियोनाला केदला लोदकियारी चौड़ा मेहरमहारा गुमनजारा करकट्टाकला आदि गांवों के लोग शामिल हुए। जिसमें पीवीटीजी हैबिटेशन के तहत एसटी गांवों में चलाये जा रहे महत्वपूर्ण सरकारी योजना आधार कार्ड राशन कार्ड पोषण अभियान किसान क्रेडिट कार्ड आयुष्मान कार्ड जाति आवासीय आय प्रमाण पत्र पीएम आवास योजना टीबी मुक्त भारत मिशन इंद्रधनुष घरेलू गैस कनेक्शन पीएम मातृ वंदना योजना प्रधानमंत्री जन-धन योजना मुद्रा योजना किसान योजना वृद्धावस्था विधवा दिव्यांग पेंशन योजना पीएमएसबीआई पीएमजेजेआई आदि योजनाओं का ऑन द ग्राउंड सर्विस डिलीवरी से लाभान्वित किया गया।

### भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

**बोकारो।** उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा के निदेर्शानुसार एवं सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन में जिला उत्पाद बल द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर जिला उत्पाद टीम ने पिंड्राजोरा थाना अंतर्गत कांडरा स्थित एनएच किनारे खड़े एक संदिग्ध ट्रक की तलाशी ली। तलाशी के क्रम में उक्त ट्रक नं पीबी 46 एम 8164 से 888 गोल्ड व्हिस्की ब्रांड की 750 मिलीलीटर की कुल 900 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। छापामारी के दौरान मौके से ट्रक चालक हरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में शराब की तस्करी से संबंधित अहम सुराग मिलने की संभावना है। मामले में आगे की जांच-पड़ताल जारी है। छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद विजय कुमार पाल अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की एवं अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास एवं उत्पाद बल के अन्य जवान उपस्थित थे।

### चिन्मय विद्यालय में 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में 11वॉ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विद्यालय के तेजोमयानन्द सभागार में धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा एवं शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राइमरी विंग चतुर्थ ग्यारहवीं एवं बारहवीं के साथ-साथ कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के लगभग 1700 विद्यार्थियों एवं 100 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने योग उत्सव धूमधाम से मनाया। वरीय शारीरिक शिक्षक हरिहर पांडेय ने सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन किया एवं सभी को इसके महत्व को समझाया। वहीं प्रांजल सेकिया एवं संजीव कुमार ने ताड़ासन वज्रासन भुजंगासन जैसे कई आसन एवं प्राणायाम का प्रदर्शन किया। प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि योग के माध्यम से हम खुद भी शारीरिक और मानसिक रूप से तो स्वस्थ रहेंगे ही साथ ही पूरा समाज स्वस्थ होगा। हरिहर पांडेय संजीव सिंह एवं प्रांजल सेकिया ने सभी को योग करने एवं योग करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी ने कहा कि भारत ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और योग के जरिए सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया। भारत के विश्व गुरु बनने का समय है। इस दौरान उप-प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार गोपाल चंद्र मुंशी राहुल रॉय उपस्थित थे। रण विजय ओझा ललिता उरांव नितेश पांडेय प्रवीण कुमार विशाल मौर्य आदर्श आचार्या और अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में बहुमूल्य योगदान दिया।

स्पीड न्यूज

## हिज्बुल्ला का वरिष्ठ सदस्य और इराकी कमांडर मारा गया

**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में हुए एक इजराइली हवाई हमले में लेबनानी सशस्त्र संगठन हिज्बुल्ला का एक वरिष्ठ सदस्य अबू अली खलील मारा गया। वह संगठन के दिवंगत प्रमुख हसन नसरल्लाह का अंगरक्षक रह चुका था। खलील के साथ ईरान समर्थित इराकी सशस्त्र गुट कताइब सय्यद अल-शुहदाए के सुरक्षा प्रमुख की भी मौत हुई है। लेबनान के एक वरिष्ठ सुरक्षा सूत्र ने बताया कि अबू अली खलील इराक की धार्मिक यात्रा पर थे, जहां उनकी मुलाकात कताइब समूह के नेता से हुई। दोनों साथ में तेहरान पहुंचे और इजराइली हमले में खलील के बेटे समेत मारे गए।

## बलूचिस्तान में धमाका 2 की मौत व 4 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के कालात जिले में शनिवार को हुए एक बम विस्फोट में दो सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। यह जानकारी एक सुरक्षा अधिकारी ने दी। घटना कालात जिले के मांगोचर क्षेत्र के ग्रामीण जोबान इलाके में उस समय हुई, जब सुरक्षा बलों का एक वाहन गश्त कर रहा था। तभी सड़क किनारे छिपाए गए आईईडी को हमलावरों ने रिमोट से उड़ा दिया। फिलहाल किसी भी आतंकी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## मणिपुर में हथियार के साथ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया। भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और संचार उपकरण जब्त किए गए हैं। इम्फाल वेस्ट जिले के मायंग इम्फाल थाना मामांग थोंखोंग क्षेत्र से प्रतिबंधित संगठन कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वॉर ग्रुप) के एक कैडर यांगलेम सदानंद सिंह (26) को गिरफ्तार किया गया। वह मायंग इम्फाल थाना वांगखई लीकाई का निवासी है। आईएसआई के लिए जासूसी के आरोप में दो गिरफ्तार

## सात नक्सलियों का शव बीजापुर में बरामद

जगदलपुर/बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में जून के पहले पखवाड़े के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए सघन माओवादी विरोधी अभियानों की श्रृंखला में माओवादी कैडरों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ों के बाद सात माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। बरामद शवों में दो शीर्ष माओवादी नेताओं सुधाकर, माओवादी की केंद्रीय समिति का सदस्य एवं भास्कर राव, स्टेट कमिटी सदस्य शामिल हैं।

## जापान के नेमुरो में भूकंप के तेज झटके

**हांगकांग।** जापान के नेमुरो शहर से 88 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार स्थानीय समयानुसार शनिवार रात 21:23 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 मापी गयी। भूकंप का केन्द्र जमीन की सतह से 10 किमी की गहराई में 42.90 डिग्री उत्तरी अक्षांश तथा 146.50 डिग्री पूर्वी देशान्तर में था।

## आइएसआइ के लिए जासूसी के आरोप में अमृतसर से दो धराये

**चंडीगढ़।** पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने दो लोगों को पाकिस्तान की इन्टर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के लिए जासूसी करने के संदेह में गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान गुरप्रीत सिंह गोपी फौज और साहिल मसीह उर्फ शाली के रूप में की गई है। उन्होंने कहा कि गुरप्रीत सिंह कथित रूप से सीधे आईएसआई आपरेटिव के संपर्क में था और संवेदनशील जानकारी दे रहा था।

# सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में बनेगा अयोध्या जैसा भव्य मंदिर

## मां जानकी मंदिर का डिजाइन हुआ फाइनल : नीतीश

खबर मन्त्र संवाददाता

▸▸ 120 करोड़ भूमि अधिग्रहण व 72 करोड़ मंदिर के विकास को सरकार ने दी मंजूरी

▸▸ मंदिर निर्माण बिहारवासियों के लिए गौरव की बात : सीएम





**पटना।** बिहार में सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में भव्य मां जानकी मंदिर का डिजाइन फाइनल हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश ने रविवार को स्वयं एक्स पर इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुबह सुबह बताया कि मां जानकी मंदिर का डिजाइन फाइनल हो गया है और अयोध्या राम मंदिर की तर्ज पर ही मां जानकी मंदिर का निर्माण होगा।

मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही अपने सोशल मीडिया पर फाइनल डिजाइन की तस्वीरें भी साझा की हैं।

नीतीश ने कहा कि मुझे बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम, सीतामढ़ी को समग्र रूप से विकसित किए जाने के लिए भव्य मंदिर सहित अन्य संरचनाओं का डिजाइन अब तैयार हो गया है, जिसे आपके साथ साझा किया जा रहा है। इसके लिए एक ट्रस्ट का भी गठन कर दिया गया है ताकि निर्माण कार्य में तेजी आ सके। हमलोग पुनौराधाम, सीतामढ़ी में भव्य मंदिर निर्माण शीघ्र पूरा कराने के लिए कृतसंकल्पित हैं। पुनौराधाम में मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण हम सभी बिहारवासियों के लिए गौरव और सौभाग्य की बात है। मिथिला की पुण्य भूमि सीतामढ़ी में स्थित पुनौराधाम को माता सीता की जन्मस्थली माना जाता है। बिहार के सीतामढ़ी जिले के पुनौरा गांव में स्थित जानकी जन्मभूमि मंदिर को श्रद्धालु पुनौराधाम के नाम से भी जानते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यहीं त्रेता युग में राजा जनक के खेत जोतने के दौरान माता सीता धरती से प्रकट हुई थीं। मिथिला की पावन कथा से जुड़ा इतिहास-पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, वैशाख शुक्ल नवमी को जब मिथिला के राजा जनक बारिश की कामना में हल चला रहे थे, तभी उनका हल एक मिट्टी के बर्तन या कलश से टकराया। उसे बाहर निकालने पर एक कन्या शिशु प्राप्त हुई। जिसे उन्होंने सीता नाम दिया। इसी कारण यह स्थान हिंदू धर्म में विशेष पवित्रता और आस्था का केंद्र है। कालांतर में इसी पावन स्थल के नाम पर नगर का नाम सीतामड़ई, फिर सीतामही और अंततः सीतामढ़ी पड़ा। प्रमुख धार्मिक स्थल-सीतामढ़ी के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। हलेश्वर स्थान जो भगवान शिव को समर्पित मंदिर है। मान्यता है कि इस मंदिर का निर्माण स्वयं राजा जनक ने करवाया था। यह स्थान श्रद्धालुओं और पर्यटकों दोनों के लिए आस्था और ऐतिहासिकता का संगम है।

120 करोड़ रुपये भूमि अधिग्रहण के लिए स्वीकृत-जानकी जन्मभूमि मंदिर को वैश्विक धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार की यह महत्त्वाकांक्षी योजना मंदिर के आसपास पर्यटकों के लिए आधुनिक सुविधाएं और बुनियादी ढांचा विकसित करने पर केंद्रित है। मंदिर क्षेत्र के विस्तारीकरण और सुविधाओं के विस्तार के लिए 50.5 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संबंधित विभागीय टीम ने जमीन का भौतिक निरीक्षण पूरा कर लिया है और जिलाधिकारी कार्यालय ने विस्तृत रिपोर्ट पर्यटन निदेशालय को भेज दी है।

# आइएइए की आपात बैठक आज

## ईरान-इजरायल युद्ध पर मंथन करेगी अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी

एजेंसी

▸▸ ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर हमले से विकिरण में कोई वृद्धि नहीं हुई है : ग्रॉसी



**वियना/नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के मद्देनजर सोमवार को आपात बैठक बुलायी है। आईएईए महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि ईरान में गंभीर स्थिति के मद्देनजर सोमवार को गवर्नर्स की आपात बैठक बुलायी गयी है। ग्रॉसी ने कहा कि ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर हमले किये गये हैं, हालांकि इस समय तक ऑफ-साइट विकिरण के स्तर में कोई वृद्धि नहीं हुई है। ईरान में स्थिति पर आगे का आकलन तब किया जाएगा जब और अधिक जानकारी उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि पिछले नौ दिनों में ईरान पर इजरायल के हमलों के दौरान इस्फहान में एक बड़े परमाणु परिसर को दूसरी बार निशाना बनाया गया है, जिसमें कई और इमारतें भी शामिल हैं। इससे पहले आईएईए महानिदेशक ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को पेश रिपोर्ट में कहा था कि ईरान में परमाणु स्थलों पर हमले वहां परमाणु सुरक्षा और संरक्षा में भारी गिरावट का कारण बना है, हालांकि अब तक कोई रेडियोलॉजिकल रिलीज नहीं हुआ है लेकिन ऐसा होने का खतरा है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि उनके देश ने तीन परमाणु सुविधाओं - फोर्डो, इस्फहान और नतांज पर हमले किए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य ईरान की परमाणु संवर्धन क्षमता को नष्ट करना और दुनिया के नंबर एक आतंक प्रायोजक देश से उत्पन्न परमाणु खतरे को रोकना था। मैं दुनिया को बता सकता हूँ कि हमले शानदार, सैन्य सफलता थे। परमाणु संवर्धन सुविधाएं पूरी तरह से नष्ट कर दी गई हैं।

## शक्ति से आती है शांति : नेतन्याहू



**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के परमाणु केन्द्रों पर हमला करने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साहसिक निर्णय की रविवार को सराहना की और कहा कि इसने शक्ति के जरिए शांति को दर्शाया है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केन्द्रों फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर हमला किया जिसका उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाना है। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने का आपका (ट्रंप का) साहसिक निर्णय इतिहास बदल देगा। इजरायल के प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और मैं अक्सर कहते हैं शक्ति से शांति। पहले शक्ति आती है, फिर शांति आती है। नेतन्याहू ने जोर देकर कहा कि उनके (ट्रंप) नेतृत्व ने आज इतिहास बनाया जो पश्चिम एशिया को आगे समृद्धि और शांति की ओर ले जाने में मदद कर सकता है।

# भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ाया

एजेंसी

इजरायल-ईरान युद्ध

▸▸ जून में रूस से प्रतिदिन 20 से 22 लाख बैरल कच्चा तेल खरीद रही हैं देश की रिफाइनरी कंपनियां




नयी दिल्ली। इजरायल द्वारा ईरान पर हमले के बाद बाजार में आए उतार-चढ़ाव के बीच भारत ने जून में रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है। भारत की जून में रूस से तेल खरीद पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ता सऊदी अरब और इराक से आयातित मात्रा से अधिक रही है। अमेरिकी सेना ने रविवार सुबह ईरान में तीन स्थलों पर हमला किया। वह इस युद्ध में सीधे इजरायल के साथ शामिल हो गया है। वैश्विक व्यापार विश्लेषक कंपनी केप्लर के शुरुआती आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय रिफाइनरी कंपनियां जून में रूस से प्रतिदिन 20 से 22 लाख बैरल कच्चा तेल खरीद रही हैं। इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कुवैत से खरीदी गई कुल मात्रा से अधिक है। मई में रूस से भारत का तेल आयात 19.6 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) था। जून में अमेरिका से भी आयात बढ़कर 4,39,000 बीपीडी हो गया। पिछले महीने यह आंकड़ा 2,80,000 बीपीडी था। केप्लर के अनुसार, पश्चिम एशिया से आयात के लिए पूरे महीने का अनुमान लगभग 20 लाख बैरल प्रतिदिन है, जो पिछले महीने की खरीद से कम है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता देश भारत विदेशों से लगभग 51 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदता है, जिसे रिफाइनरी में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है।

## परमाणु ठिकानों पर हमला खतरनाक युद्ध शुरू : ईरान

▸▸ अमेरिका के बम हमलों से बेहद चिंतित हूं : गुतारेस

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि अमेरिका ने इस्लामिक गणराज्य में तीन परमाणु ठिकानों पर हमला कर खुद ईरान के खिलाफ एक खतरनाक युद्ध की शुरूआत कर दी है। मंत्रालय ने रविवार सुबह जारी एक विस्तृत बयान में यह टिप्पणी की। मंत्रालय ने कहा कि दुनिया को यह नहीं भूलना चाहिए कि अमेरिका ने एक जारी कूटनीतिक प्रक्रिया के बीच इस्राइल जैसे नरसंहारकारी और कानूनविहीन शासन का समर्थन कर कूटनीति के साथ विश्वासघात किया है। अब, यहूदी शासन द्वारा किए गए उल्लंघनों और अपराधों की श्रृंखला को पूरा करके अमेरिका ने स्वयं ईरान के खिलाफ एक खतरनाक युद्ध शुरू कर दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान को पूरा अधिकार है कि वह अमेरिकी सैन्य हमले और इस दुष्ट शासन द्वारा किए गए अपराधों का पूरी ताकत से मुकाबला करे और अपनी सुरक्षा और देश के हितों की रक्षा करे। इससे पहले ईरान के शीर्ष अधिकारियों में विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि रविवार सुबह की घटनाएं बहुत ही भयानक हैं और इनके दूरगामी परिणाम होंगे। अमेरिका के हमलों के बाद विभिन्न देशों और संगठनों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा है कि वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिका के बम हमलों से बेहद चिंतित हैं। गुतारेस ने कहा कि इस बात का जोखिम है कि यह संघर्ष तेजी से नियंत्रण से बाहर हो सकता है जिसके नागरिकों, क्षेत्र और दुनिया के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

## झारखंड समेत देश भर में पांच दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी



**नयी दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। 22 से 26 जून के बीच देश के उत्तर-पश्चिम भारत, मध्य प्रदेश, गुजरात, कोंकण और गोवा में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। खास बात यह है कि कुछ राज्यों में तो अगले कुछ दिनों में अत्यधिक भारी बारिश भी हो सकती है। आईएमडी के बुलेटिन के अनुसार 22 से 27 जून के दौरान अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, बिहार, झारखंड, गंगा क्षेत्र का पश्चिम बंगाल और ओडिशा में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। कई इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं, इससे यातायात और बिजली जैसी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।

## संजय सेठ का केन्या और मेडागास्कर का दौरा आज से

खबर मन्त्र संवाददाता

▸ केन्या में ताइता-तवेता काउंटी में स्मारक स्तंभ का सोमवार को अनावरण करेंगे रक्षा राज्य मंत्री



**नयी दिल्ली।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ 23 से 26 जून तक केन्या और मेडागास्कर के दौरे पर जायेंगे। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक पहले चरण में सेठ 23 जून को केन्या में ताइता-तवेता काउंटी में स्मारक स्तंभ (भारत और केन्या के शहीद सैनिकों के सम्मान में युद्ध स्मारक) का संयुक्त अनावरण करेंगे। दूसरे चरण में वह 26 जून को मेडागास्कर जायेंगे जहां वह स्वतंत्रता की 65वीं वर्षगांठ और एंटानानारिवो में मालागासी सशस्त्र बलों के निर्माण के लिए आयोजित समारोह में हिस्सा लेंगे। रक्षा राज्य मंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल भी इस दौरे पर रहेगा। भारत और केन्या समुद्री पड़ोसी हैं। दोनों देशों के बीच समकालीन संबंधों की विशेषता उच्च स्तरीय आदान-प्रदान, मजबूत व्यापार और निवेश, केन्या से चिकित्सा मूल्य यात्रा, साथ ही व्यापक लोगों से लोगों के बीच संपर्क है। दोनों राष्ट्र उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष की एक साझा विरासत साझा करते हैं। केन्या के स्वतंत्रता संग्राम में कई भारतीयों ने भाग लिया और उसका समर्थन किया। भारत और मेडागास्कर के बीच ऐतिहासिक संबंधों, साझा मूल्यों और क्षेत्रीय स्थिरता और विकास के प्रति प्रतिबद्धता पर आधारित बहुआयामी संबंध हैं।






# युद्धपोत तमाल एक जुलाई को नौसेना में होगा शामिल

एजेंसी

▸▸ रूस में निर्मित गाइडेड मिसाइल समुद्र और जमीन पर साधेगा सटीक निशाना



**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना के रूस में निर्मित गाइडेड मिसाइल युद्धपोत आईएनएस तमाल को 1 जुलाई को रूस के तटीय शहर कलिनिनग्राद में नौसेना में शामिल किया जाएगा। गाइडेड मिसाइल युद्धपोत आईएनएस तमाल कई मिसाइलों और निगरानी प्रणालियों को ले जाने में सक्षम है। अधिकारियों ने बताया कि जहाज में 26 प्रतिशत घटक स्वदेशी हैं, जिसमें समुद्र और जमीन दोनों पर निशाना साधने के लिए ब्रह्मोस लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल भी शामिल है। भारतीय नौसेना के अनुसार, युद्धपोत आइएनएस तमाल 125 मीटर लंबा है और इसका वजन 3900 टन है। इस युद्धपोत में भारतीय और रूसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों व युद्धपोत निर्माण की सर्वोत्तम पद्धतियों का उपयोग किया गया है।

नौसेना में शामिल होने के बाद तमाल भारतीय नौसेना की स्वॉर्ड आर्म में शामिल हो जाएगा। स्वॉर्ड आर्म भारतीय नौसेना में पश्चिमी बेड़े के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक पद है। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि युद्धपोत आईएनएस तमाल न केवल भारतीय नौसेना की बढ़ती क्षमताओं का प्रतीक होगा, बल्कि यह भारत-रूस साझेदारी की सहयोगी ताकत का भी उदाहरण पेश करेगा। आईएनएस तमाल पिछले दो दशकों में रूस से भारतीय नौसेना में शामिल होने वाला क्रिवाक श्रेणी का 8वां युद्धपोत होगा। अधिकारियों ने बताया कि इस युद्धपोत का निर्माण कलिनिनग्राद स्थित यंतर शिपयार्ड में किया गया है। यह विदेशी स्रोत से शामिल किया जाने वाला अंतिम ऐसा पोत है।

**तुरंत हमला करने वाले पनडुब्बी रोधी रॉकेट :** इस युद्धपोत को नौसेना में शामिल किए जाने के लिए आयोजित होने वाले समारोह की अध्यक्षता पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल संजय जे सिंह करेंगे। इस कार्यक्रम में कई उच्च पदस्थ भारतीय और रूसी रक्षा अधिकारी शामिल होंगे। आईएनएस तमाल तुषिल श्रेणी का दूसरा युद्धपोत है, जो अपने पूर्ववर्ती तलवार और तेग कैटेगरी का मॉडर्न वर्जन है। अधिकारियों ने बताया कि युद्धपोतों की यह श्रृंखला पूरी होने से भारतीय नौसेना 4 विभिन्न श्रेणियों में समान क्षमताओं और उपकरण, हथियार व सेंसर में समानता वाले 10 युद्धपोतों का संचालन करेगी। युद्धपोत आईएनएस तमाल में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, 100 एमएम तोप, भारी वजन वाले टारपीडो, तत्काल हमला करने वाले पनडुब्बी रोधी रॉकेट और अनेक निगरानी व अग्नि नियंत्रण रडार हैं। मधवाल ने कहा कि तमाल अपने वजन से कहीं अधिक शक्तिशाली है, इसका टन भार और मारक क्षमता का अनुपात बहुत ऊंचा है। इसकी सहनशक्ति बहुत अधिक है। इसकी अधिकतम गति 30 नॉट से अधिक है।